चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 156, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू 16

गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है हुमा कुरैशी 15


## गुकेश के मोहरों ने चली खिताबी चाल

टोरंटो, एजेंसी



> डी गुकेश की यह उपलब्धि से लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा होगी। भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। – **प्रधानमंत्री**

भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैंपियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे।

चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती दी थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली। गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रूपये) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। आनंद ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है, मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो। गुकेश को जीत के लिए ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा।

**स्कूटी से जाते समय गई महिला की जान, स्टाफ नर्स के रूप में थीं सेवारत, तीन महीने पहले हुई थी शादी**

## सड़क पर जीवनसंगिनी का शव ... घर आकर पति ने भी जान दी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर स्कूटी से ड्युटी करने जा रही महिला को तेज़ रफ्तार गाड़ी ने कुचल दिया। महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मौत के बाद मौके पर पहुंचा उसका पति पत्नी का शव देखते ही सदमें में आ गया। वह घर पहुंचा व बिजली के तार के फंदे से लटककर जान दे दी।

सुरसा थाने के दाऊदपुर पचकोहरा निवासी योगेश कुमार पिहानी ब्लाक के टीकमपुरवा में शिक्षक थे। तीन महीने पहले ही कोतवाली शहर के धन्नुपुरवा की 25 वर्षीय मणिकर्णिका के साथ उनका विवाह हुआ था।



मणिकर्णिका



योगेश


मणि कर्णिका टड़ियावां सीएचसी में स्टाफ नर्स के पद पर सेवारत थीं। मणिकर्णिका रोज़ की तरह सोमवार की सुबह स्कूटी से ड्यूटी पर आ रही थीं। उसी बीच लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने पहले ठोकर मारी व कुचलते हुए निकल गई। मणकर्णिका की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत के बाद सड़क पर जाम लगा दिया गया। मणिकर्णिका की मौत की खबर सुनकर पति योगेश पचकोहरा चौराहे पर पहुंचें। सड़क पर जीवनसंगिनी का शव देख वे सदमें में आ गए। किसी से कुछ बोले बिना वह अपने घर पहुंचे। कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर लिया।

### मरने से पहले हाथ पर लिखा था...सॉरी

मणि कर्णिका और योगेश के बीच चाहत की नींव कितनी मज़बूत थी, इसका पता तब हुआ जब दोनों हमेशा-हमेशा के लिए दुनिया से चले गए। पहले पत्नी की हादसे में मौत और उसके कुछ ही देर में पति का दुनिया से अलविदा कहना हर एक को अखर गया। लेकिन जब मणि कर्णिका के बाद उसके पति योगेश कुमार का शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया, तो वहां उसके हाथ की खुली मुट्ठी पर 'सॉरी...जिएंगे, साथ मरेंगे' की लिखी हुई इबारत पढ़ कर हर दिन शवों को चीरने वाले हाथ कांप उठे। सॉरीं के बाद उसने जो लिखा, उससे पता चलता है कि अपनी जीवन संगिनी के न रहने से उसकी ज़िंदगी बे-मकसद हो गई थी, बस इसी लिए उसने जीने की तमन्ना को दरकिनार कर खुद से मौत को गले लगा लिया।

### बेटे और बेटी की मौत से बेहाल हैं दोनों के माता पिता

**हरदोई।** सड़क हादसे का शिकार हुई स्टाफ नर्स मणि कर्णिका जहां अपने घर की इकलौती थी, वहीं योगेश भी घरवालों का इकलौता था। बेटी की मौत की खबर से उसके मायके में चीख-पुकार मची हुई थी, उसके कुछ ही देर बाद जब पता चला कि मणि कर्णिका की मौत के बाद योगेश ने भी आत्महत्या कर ली, इतना सुनते ही वहां हर तरफ मातम बरपा हो गया। दाऊदपुर के पुत्तूलाल का इकलौता लाडला योगेश कुमार बचपन से ही पढ़ने-लिखने में अव्वल रहता था। उसने ठान रखा था कि वह पढ़-लिख कर शिक्षक बनेगा और वहीं उसने साबित भी किया।









# कांग्रेस-भाजपा में सियासी घमासान

## कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर आपकी कमाई पर : मोदी

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि यह पार्टी देश पर माओवादी सोच थोपकर और जनता की कमाई पर कब्जा कर उसे लोगों में बांटना चाहती है। हालांकि मोदी ने इस बार यह वितरण मुसलमानों के बीच किये जाने की बात नहीं कही। प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ और हाथरस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में कांग्रेस और सपा पर तुष्टीकरण करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि इन दलों ने पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिये कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। प्रधानमंत्री ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र कह रहा है। मोदी ने कहा आप सोचिए हमारी माताओं और बहनों के पास सोना होता है। वह स्त्री धन होता है। उसे पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है लेकिन अब इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं, बहनों की संपत्ति छीनने पर है। उनके मंगलसूत्र पर इन लोगों की नजर है। प्रधानमंत्री ने कहा कांग्रेस सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी संपत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर आपकी संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी।



- **देश पर माओवादी सोच थोपकर जनता की कमाई पर पंजा मारना चाहती है कांग्रेस**

## प्रधानमंत्री के झूठ के कारोबार का अंत नजदीक : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी और सूरत में भाजपा के उम्मीदवार के निर्विरोध जीतने को लेकर सोमवार को दावा किया कि देश में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान और आरक्षण रूपी सामाजिक न्याय की व्यवस्था को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब झूठ के कारोबार का अंत नजदीक है। इस बीच, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी देने के लिए उनसे मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देश में बेरोजगारी और महंगाई का पीक (उच्चतम स्तर) है और नरेन्द्र मोदी कहते हैं सब कुछ ठीक है। उनके पास मुद्दों से भटकाने की नई-नई तकनीक हैं। उन्होंने सूरत के घटनाक्रम को लेकर एक अन्य पोस्ट में कहा तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। कांग्रेस नेता ने कहा मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जहरीली भाषा में दुनिया भर की बातें बोलते हैं। उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। कहा कि 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती आ रही है। इससे अजा और अनुसूचित जनजाति की आबादी का वास्तविक आंकड़ा सामने आता है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक यह किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं।



- **भाजपा बाबासाहेब के संविधान और आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही भाजपा**

## चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की। जिसमें उन्होंने एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में गुरदीप सिंह सप्पल और सुप्रिया श्रीनेत शामिल थे। सिंघवी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने पांच-छह शिकायतों पर विशेष रूप से विस्तृत चर्चा की। कांग्रेस नेता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) पुत्री अंजली बिरला का भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार करने, सूरत लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद करने और मणिपुर में लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान हिंसा का मामला भी उठाया गया।

## अयोध्या और काशी ने लक्ष्य पा लिया है, अब ब्रज की बारी : योगी

फतेहपुर सीकरी, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और काशी ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और अब ब्रज भूमि का भी नंबर आने वाला है। योगी आदित्यनाथ सोमवार को फतेहपुर सीकरी से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार राजकुमार चाहर के समर्थन में किरावली में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने फतेहपुर सीकरी संसदीय क्षेत्र को ब्रज भूमि का भाग बताते हुए कहा कि गिरिराज महाराज की यहां बड़ी कृपा है। दुनिया यहां के रज-रज में कृष्ण कन्हैया का दर्शन करती है। योगी ने कहा अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भव्य मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी वर्ष 22 जनवरी को हुई। दिसंबर 2021 में काशी विश्वनाथ कारिडोर का लोकार्पण किया था।

विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस, सपा-बसपा के लोग कहते थे कि क्या प्रमाण है कि राम का जन्म अयोध्या में हुआ। ये कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं थे, जैसे लगता था कि इस सृष्टि के पहले कांग्रेस, सपा-बसपा, ही पैदा हो गई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की वजह से इन लोगों का झूठ फेल हो गया और रामलला का मंदिर भी बन गया। योगी ने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा आपका दायित्व बनता है कि राम-कृष्ण पर प्रश्न खड़े करने वालों, गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिए। भाजपा सरकारों में विकास कार्यों को गिनाते हुए योगी ने कहा विकास के लिए अब आपको तरसाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाएगा।



- **बोले- कृष्ण पर प्रश्न खड़े करने वालों, गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिए**

**सुप्रीम कोर्ट ने रद किया बंबई हाईकोर्ट का फैसला**

## दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को 30 सप्ताह के गर्भ के समापन की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए सोमवार को कहा कि किशोरी का कल्याण सर्वोच्च महत्व रखता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं।

न्यायालय ने कहा, स्थिति की तात्कालिकता और नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, उसकी सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है...हमने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया है।

सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा, हम गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति देते हैं क्योंकि पीड़िता 14 साल की है और यह दुष्कर्म का मामला है। कोर्ट ने इसे असाधारण मामला माना।

न्यायालय ने मुंबई के सायन स्थित एलटीएमजीएच के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें। न्यायालय ने कहा, मेडिकल बोर्ड ने राय दी है कि नाबालिग की इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने से महज 14 साल की किशोरी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 19 अप्रैल को नाबालिग की चिकित्सकीय जांच का आदेश दिया था।

उसने मुंबई के सायन स्थित अस्पताल से इस संबंध में रिपोर्ट देने को कहा था कि अगर पीड़िता चिकित्सकीय रूप से गर्भपात कराती है या उसे ऐसा न करने की सलाह दी जाती है तो इसका उसकी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति पर क्या असर पड़ने की संभावना है।

गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम' (एमटीपी) के तहत, विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए भी गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा 24 सप्ताह है। इन विशेष श्रेणियों में बलात्कार पीड़िताएं और दिव्यांग एवं नाबालिग शामिल हैं।



- **कहा, ये असाधारण मामला, डॉक्टरों के दल का तत्काल गठन करने को कहा**

## सूरत लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध विजेता

अमृत विचार नेटवर्क, नई दिल्ली

**अमृत विचार :** सूरत लोक सभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नमांकन रद्द होने के बाद देर शाम निर्वाचन आयोग ने भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित किया है। कांग्रेस हाई कमान ने कहा है कि सूरत में कांग्रेस के मुख्य उम्मीदवार और डमी उम्मीदवार का नामांकन पत्र खारिज होने के मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाएंगे। लेकिन सूरत के निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी की रिपोर्ट को आयोग ने हरी झंडी दे दी है और मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया है।

सूरत में नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 19 अप्रैल थी और आज नाम वापसी का दिन था। यहां पर 11 उम्मीदवारों में नामांकन पत्र भरा था। लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश के प्रस्तावकों ने नामांकन पत्र पर अपने हस्ताक्षर होने से इनकार कर दिया है। उसके बाद डमी उम्मीदवार के नामांकन में भी खामियां पाई गई और दोनों नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए।

- **कांग्रेस ने कहा हमारे प्रत्याशी का नामांकन खारिज करने के संबंध में आयोग का दरवाजा खटखटाएंगे**

## सपा ने कन्नौज से तेज प्रताप को मैदान में उतारा

**लखनऊ।** सपा ने सोमवार को कन्नौज और बलिया सीट के लिए भी अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कन्नौज सीट से लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव जबकि बलिया सीट पर सनातन पांडे को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा का गढ़ समझी जाने वाली कन्नौज सीट को लेकर अभी तक चर्चा थी कि यहां से सपा प्रमुख अखिलेश यादव स्वयं चुनाव लड़ेंगे। तेज प्रताप ने 2014 में मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था व सपा को जीत दिलाई थी। इस बार यहां से डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। वहीं, बलिया सीट पर सपा ने एक बार फिर सनातन पांडे पर अपना भरोसा जताया है।

## राजौरी में आतंकी हमला, कर्मचारी की गोली मारी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादी हमले में समाज कल्याण विभाग के एक कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुंडा टोपे, शाहदरा शरीफ, जिला राजौरी निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद रजीक नामक व्यक्ति के ऊपर जिस समय हमला हुआ उस समय उसका भाई छुट्टी पर था जो सेना में है। इसी बीच शाहदरा शरीफ के कुंडा गांव में मस्जिद के बाहर कथित आतंकवादियों ने गोली चला दी। हमले में मोहम्मद रजीक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसने दम तोड़ दिया।

## केजरीवाल की जमानत के लिए पहुंचा विधि छात्र, हाईकोर्ट ने लगाया 75 हजार जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध करने वाली एक विधि छात्र की जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

केजरीवाल आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। विवादों में घिरे आप नेता के वकील ने भी जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल खुद कानूनी उपाय करने में सक्षम हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने टिप्पणी की कि यह याचिका उचित विचार करके दायर नहीं की गई और अदालत उच्च पद पर आसीन किसी व्यक्ति को असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। पीठ ने कहा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज में कक्षा में जाता है? क्या याचिकाकर्ता की उपस्थिती अच्छी है? ऐसा लगता है कि वह कानून के सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहा। अदालत ने टिप्पणी की कि आप नेता के पास अपने कानूनी विकल्पों का लाभ लेने के लिए कदम उठाने के साधन हैं और याचिकाकर्ता के पास उनकी ओर से दलीलें पेश करने के लिए कोई वकालतनामा नहीं है। उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा, आप कौन हैं? आप अपने आप के बारे में ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर सोच रहे हैं। आप कहते हैं कि आपके पास वीटो शक्ति है कि आप (यह सुनिश्चित करने के लिए) वचन देंगे कि (केजरीवाल गवाह को प्रभावित न करें)।



- **नाराज कोर्ट ने पूछा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज की कक्षा में जाता है**

## दिव्यांग बच्चों के लिए सीसीएल न देना संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि विकलांग बच्चों की कामकाजी माताओं को चाईल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने से इनकार करना कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने हिमाचल प्रदेश की एक सरकारी कॉलेज में भूगोल विभाग की सहायक प्रोफेसर शालिनी धर्माणी की याचिका पर यह टिप्पणी की।

पीठ ने हिमाचल प्रदेश सरकार को विशेष जरूरतों वाले बच्चों का पालन-पोषण करने वाली माताओं के लिए छुट्टियों के नियमों पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मामले के सभी पहलुओं को देखने के लिए राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन का भी निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाया और उससे जवाब मांगा। अदालत ने इस मामले में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से मदद करने को कहा। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि समिति की रिपोर्ट जुलाई तक तैयार की जानी चाहिए। इस मामले को अगली सुनवाई अगस्त 2024 के बाद की जानी चाहिए।

सुनवाई के दौरान पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि यह सिर्फ विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि संवैधानिक अधिकार का मामला है। शीर्ष अदालत ने कहा कि महिलाओं को बाल देखभाल अवकाश (सीसीएल) का प्रावधान एक महत्वपूर्ण संवैधानिक उद्देश्य को पूरा करता है और विकलांग बच्चों की माताओं को इससे वंचित करना कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा। सहायक प्रोफेसर ने अधिवक्ता प्रगति नीखरा के माध्यम से हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 1972 के नियम 43-सी के संदर्भ में सीसीएल की मांग करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता प्रोफेसर धर्माणी का 14 वर्षीय बेटा, जो दुर्लभ आनुवंशिक विकार ओस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा से पीड़ित है। जन्म के बाद से उसकी उसकी कई सर्जरी हो चुकी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के बेटे को जीवित रहने और सामान्य जीवन जीने के लिए निरंतर उपचार और सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि अपने बेटे के इलाज के कारण याचिकाकर्ता ने अपनी सभी स्वीकृत छुट्टियां समाप्त कर ली। आगे केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम 1972 के नियम 43-सी में सीसीएल देने का प्रावधान है। पीठ ने कहा, केंद्र सरकार ने (एक कार्यालय ज्ञापन 3 मार्च, 2010 द्वारा) महिला कर्मचारियों को 22 वर्ष (18 वर्ष के बजाय) की आयु तक के दिव्यांग बच्चों की देखभाल के लिए सीसीएल की अनुमति दी, लेकिन हिमाचल प्रदेश ने इस प्रावधान को नहीं अपनाया है। उच्च न्यायालय ने 23 अप्रैल 2021 को उस महिला प्रोफेसर की याचिका इस आधार पर खारिज कर दी थी कि नियम 43 (सी) को राज्य में नहीं अपनाया गया है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह सिर्फ विशेषाधिकार नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकार का मामला**

## एक नजर

### दिक्कत खत्म, अब परौर पीएचसी पर लगेंगे रैबीज के इंजेक्शन

शाहजहांपुर। कलान क्षेत्र के परौर में अभी तक रैबीज इंजेक्शन लगने की सुविधा नहीं थी। यदि किसी को कुत्ता या बंदर काट लेता था तो उसे 14 किलोमीटर दूरी तय कर कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाना पड़ता था। अब यह सुविधा परौर पीएचसी पर हो गई है। अब लोगों को कलान नहीं दौड़ना पड़ेगा। कलान के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रैबीज का टीकाकरण किया जाए। इसी क्रम में पीएचसी परौर में शीघ्र रैबीज के टीकाकरण का कार्य शुरू हो गया। जिससे लोगों के रुपये और समय की बर्बादी नही होगी। अब एडिशनल पीएचसी परौर में ही रेबीज का टीका लग जाएगा। क्षेत्र के धर्मेंद्र प्रताप सिंह फौजी, राजीव सिंह चौहान, सुखपाल सिंह गुर्जर, साजिद अली खान, नन्हे खान, मोनू खान, अजीत कुमार आदि ने खुशी जाहिर की है।

### गर्मी में स्कूल समय परिवर्तन की मांग

शाहजहांपुर। शिक्षक संगठन यूटा ने भीषण गर्मी और लू के दृष्टिगत परिषदीय विद्यालयों का समय परिवर्तन किए जाने की मांग उठाई है। जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार ने कहा कि वर्तमान में परिषदीय विद्यालयों का संचालन समय सुबह आठ से अपरान्ह दो बजे तक है, जिस कारण भीषण गर्मी में तेज धूप और लू के थपेड़ों के बच्चे परेशान हो रहे हैं, लिहाजा परिषदीय स्कूलों का समय 7.30 बजे से 12.30 बजे तक किया जाना चाहिए। संगठन के संरक्षक मनोज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, महामंत्री हरिशंकर, कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज, अवनीश सिंह, चंदन वर्मा, सोनपाल, योगेश त्रिवेदी आदि ने डीएम से स्कूल समय परिवर्तन की मांग की है।

# बच्चों ने दिया धरती और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस, रंग-बिरंगी पोशाक पहन पहुंचे बच्चे


आल सेंट्स स्कूल में पृथ्वी संरक्षण का संदेश देते बच्चे। ● अमृत विचार


लीड कांवेंट में पृथ्वी दिवस पर लगी प्रदर्शनी देखते पूर्व वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: सोमवार को स्कूलों में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पोस्टर और मॉडल के माध्यम से पृथ्वी बचाने का संदेश दिया, वहीं शिक्षकों और विशिष्टजनों ने बच्चों को पृथ्वी बचाने के लिए पेड़-पौधों का महत्व समझाया। साथ ही जल संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया।

लीड कांवेंट स्कूल में छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं नीले रंग की पोशाक पहनकर पृथ्वी दिवस मनाने के लिए स्कूल पहुंचे थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा, वीआईपी ग्रुप के अभिनव गुप्ता, नीतू गुप्ता, डॉ. हेमेंद्र वर्मा, सचिन बाथम, महेंद्र दुबे, स्कूल के डायरेक्टर और प्रधानाचार्य तराना जमाल ने बच्चों को विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व को समझाया। अतिथियों ने बच्चों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए उपाय समझाते हुए जल और पेड़-पौधों को संरक्षण देने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले बच्चों ने कविता पाठ, मॉडल, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। अतिथियों ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक मोहम्मद जमाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ऑल सेंट्स स्कूल में बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ रोपे पौधे

शाहजहांपुर। ऑल सेंट्स स्कूल में बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ स्कूल परिसर में पौधे रोपे। बाद में पेंटिंग प्रतियोगिता में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य साक्षी रस्तोगी ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दी। इससे पहले शिक्षिकाओं ने बच्चों को असेंबली में अर्थ डे का महत्व समझाते हुए पृथ्वी के बारे में रोचक जानकारी बच्चों को दी। स्कूल डायरेक्टर सचिन बाथम ने बच्चों को पृथ्वी को हरा-भरा और स्वच्छ रखने का संकल्प दिलवाया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। मौके पर को-ओर्डिनेटर तस्कीन, शगुफ्ता, जोया सिद्दीकी, रुबी गुप्ता, प्रियंका, मेघा, पूजा, शुभा, गुलशन, दीपिका, अंकिता, अल्फिया, अजीम, अंकुर, फरीन, दीपिका आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।


संत कृपाल अकादमी में मॉडल दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

### दिव्यांशी, सरिता और आरिश बने विजेता

शाहजहांपुर। संत कृपाल अकादमी में पोस्टर मेकिंग, मॉडल और भाषण प्रतियोगिता कराई गई, जिनमें बच्चों ने बढ-चढ़कर प्रतिभाग किया। बच्चों ने अपनी कल्पना शक्ति से सुंदर पोस्टर और मॉडल बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल निदेशक श्वेता रस्तोगी ने कहा कि पृथ्वी हमें विभिन्न प्रकार से खनिज, पेड़, पौधे, नदियां, कीमती वनस्पति आदि प्रदान करती है, इसलिए हमें अपनी पृथ्वी का हर तरीके से संरक्षण करना चाहिए। मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील रस्तोगी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के कई फायदे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। सभी को प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए संवेदनशील बनना पड़ेगा। पोस्टर में दिव्यांशी प्रथम, कृतिका द्वितीय और परिधि तृतीय, मॉडल में सरिता प्रथम, मरियम और कृतिका द्वितीय, प्रियांशी और आदित्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में आरिश प्रथम, शुभ द्वितीय व अमन तृतीय स्थान पर रहे।


तक्षशिला स्कूल में पृथ्वी संरक्षण का संदेश देते बच्चे। ● अमृत विचार

### सेव अर्थ-सेव लाइफ का दिया संदेश

शाहजहांपुर। तक्षशिला पब्लिक स्कूल में बच्चों ने सेव अर्थ-सेव लाइफ को नाट्य रूपांतरण के द्वारा प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। शोबिका तूर्वी, अद्विक, सिमरत, कर्तव्य, क्रितिश, अली, कियारा, आयत, फातिमा, वामिका, शिवांश, शिवालिका, आदित्री, ऋषिका, अमायरा आद्रिका, शशांक, तरनजोत, आद्या, हानियां, अद्विक, वली आदि बच्चों ने से नोट टू प्लास्टिक, डोंट वेस्ट वाटर, डोंट कट ट्री, सेव एनिमल्स लाइफ, सेव नेचर आदि पर क्राफ्ट एक्टिविटी प्रस्तुत की। प्रबंधक मनू खंडेलवाल, प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने बच्चों को पुरस्कृत किया।


कार्यक्रम में संबोधित करते शिक्षक अवनीश शर्मा। ● अमृत विचार

### बच्चों को दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

पुवायां। द सेक्रेड हार्ट एकेडमी में पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक अवनीश शर्मा ने पर्यावरण को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने की अनिवार्यता पर जोर दिया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर क्विज में छात्रों ने सहयोगियों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी पूछे। शिक्षक सुशील अवस्थी ने पेड़ों के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि वे कैसे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में योगदान करते हैं और जीविका के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करते हैं। उन्होंने फसल की खेती के लिए प्राकृतिक कीटनाशकों के उपयोग, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए कम हानिकारक टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर अंतर्दृष्टि भी साझा की। सभा के अंत में विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाया।

# पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी

संवाददाता, सिंधौली

अमृत विचार: क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, लिटिल स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर सोमवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने कहा कि पर्यावरण में असंतुलन के कारण पृथ्वी का भविष्य खतरे में पड़ गया है। इस खतरे को दूर करने और लोगों का पर्यावरण संतुलन के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।



पृथ्वी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में विचार व्यक्त करते शिक्षक। ● अमृत विचार

शिक्षक नितेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि करोड़ों जीव जंतुओं और वनस्पतियों के रहने का स्थान पृथ्वी ही है लेकिन मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पृथ्वी को हानि पहुंचा रहा है। जिसके परिणाम बहुत घातक हो सकते हैं। भौतिक विज्ञान शिक्षक जैद मंसूरी ने कहा कि पृथ्वी पर प्रकृति असंतुलित हो चुकी है जिसके चलते प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिल रही हैं जिसे रोकना अति आवश्यक है। इस मौके पर शिक्षक हारुन खान, शिल्पी अवस्थी, फैजान अंसारी,हर्ष शर्मा, शिल्पी यादव, गुलफिजा मंसूरी, सोनम मिश्रा, रीता यादव, निदा अंसारी, आशना सिंह चौहान, रीता सिंह चौहान, रसायन विज्ञान शिक्षक अब्दुल रहमान खान, करुणा शंकर पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल की संरक्षक इरम मंसूरी ने बच्चों से पृथ्वी को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने की अपील की।

## वृक्षों को न काटने और नदियों को प्रदूषित न करने का संकल्प दिलाया

पुवायां। चंदी कान्वेंट स्कूल में सोमवार को पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधन समिति के चेयरमैन परमजीत सिंह, मैनेजर अवतार सिंह, डायरेक्टर बलदेव सिंह, प्रधानाचार्य प्रीती चौधरी, उप प्रधानाचार्य बलजिंदर सिंह ने की। छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से वृक्षों को ना काटने और गंगा समेत सभी नदियों को प्रदूषित न करने का संकल्प दिलाया। बच्चों ने अपने भाषण में पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए पेड़ लगाने और आसपास की सफाई रखने का संदेश दिया। विद्यालय के मैनेजर अवतार सिंह ने बच्चों को अपने चारो तरफ सफाई रखने, पौधरोपण कर उसके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या प्रीती चौधरी ने धरती बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश दिया। पौधरोपण के साथ चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने चित्र बनाकर पेड़ लगाओ-धरती बचाओ का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य बलजिंदर सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया और बच्चों को पर्यावरण जागरुकता के बारे में बताया।



चंदी कान्वेंट स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाती छात्राएं। ● अमृत विचार

# संरक्षण:पृथ्वी दिवस पर रोपे खिरनी के पौधे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: विश्व पृथ्वी दिवस पर वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने जिला पंचायत कार्यालय में खिरनी के पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। हम सभी का दायित्व है कि आसपास के पर्यावरण को शुद्ध रखें। पर्यावरण संरक्षण के लिए ही ग्रुप लगातार पौधरोपण अभियान चला रहा है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है, उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। ग्रुप के संचालक अभिनय गुप्ता ने कहा कि इस बार पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक निर्धारित की गई, जिसका मकसद सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाना है। पौध रोपित करने वालों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, रजनी गुप्ता, महेंद्र दुबे, सचिन बाथम, नियामतपुर के प्रधान अभय यादव, काजल यादव, रामजी गुप्ता, अनिल आदि शामिल रहे।


जिला पंचायत कार्यालय परिसर में पौध रोपित करते वीआईपी ग्रुप के सदस्य।

● वीआईपी ग्रुप ने जिला पंचायत कार्यालय में चलाया अभियान

# श्रुति, अभिषेक और शिव नंदन ने किया कॉलेज टॉप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● रुहेलखंड विवि ने घोषित किया बीएससी कृषि का परीक्षाफल

अमृत विचार: एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय का बीएससी कृषि का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। डॉ. डीपी सिंह महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रबंधक डॉ. केडी सिंह ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर में लवप्रीत कौर ने 85.90 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह श्रुति सिंह ने 85.10 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा, सुधीर कुमार ने 82.80 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया। चतुर्थ सेमेस्टर में अभिषेक शर्मा ने 86 प्रतिशत अंक लेकर पहला, हर्षिता यादव ने 85.60 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और सूरज देव गंगवार ने तीसरा स्थान पाया। षष्टम सेमेस्टर में शिव नंदन यादव ने 85.20 प्रतिशत अंक लेकर पहला, सायमा ने 84.10 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और अंशिका मौर्या ने 83.50 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। छात्र-छात्राओं की सफलता पर महाविद्यालय की निदेशक रुचि सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विजय भारती, धर्मवीर सिंह, विपिन यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# हीट वेव से बचाव के उपाय बताए


संविलियन विद्यालय पतराजपुर में बच्चों को गर्मी से बचाव की जानकारी देते शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही

● संविलियन विद्यालय पतराजपुर में हुए कार्यक्रम में शिक्षकों ने दी जानकारी

अमृत विचार: चिलचिलाती धूप और गर्मी का प्रकोप देखते हुए संविलयन विद्यालय पतराजपुर में छात्र-छात्राओं को हीट वेव (लू) से बचने के उपाय बताए गए। बच्चों को लू में घर से बाहर नहीं निकलने और पानी अधिक पीने को प्रेरित किया गया।

सोमवार को हुए कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ने लू से होने वाली दिक्कतों के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं से कहा कि वह इस समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहने। कोई भी बच्चा विद्यालय से जाने के बाद बाहर न घूमे। खान पान का भी विशेष ध्यान रखें। बासी भोजन न करें तथा न ही बाहर की खुली हुई किसी वस्तु का सेवन करें। वरिष्ठ शिक्षका रश्मि सक्सेना ने कहा के धूप के कारण दिन में बाहर निकलना मुश्किल है। ऐसे में बच्चों को लू से बचने के लिए विद्यालयों में शिक्षक लगातार जागरूक कर रहे हैं।

कहा कि सभी अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें। अधिक से अधिक पानी पिए जिससे शरीर में पानी की कमी से बचा जा सके। इस अवसर पर इस अवसर पर अनुराधा, राम बहादुर, पूनम, कुसुम लता, मीनाक्षी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### बच्चों के लिए शुरू किया मटका जल

शाहजहांपुर। कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में भीषण गर्मी में बच्चों के लिए मटके में पानी की व्यवस्था शुरू कर दी गई। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने बच्चों को गर्मी से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी। निकहत परवीन, दपिंदर कौर, रश्मि सक्सेना ने सभी से गर्मी से बचाव करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर साइमा तरन्नुम आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।


कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में मटके से पानी लेते बच्चे। ● अमृत विचार

**अनदेखी** | बंडा में नहीं थम रहा साठा धान की खेती का सिलसिला, जिम्मेदार बने अंजान

# धरती का सीना सुखाने की तैयारी, फिर रोपी गई साठा की पौध

संवाददाता, मकसूदापुर/शाहजहांपुर

अमृत विचार: लगातार गिर रहे भूगर्भ जलस्तर को देखते हुए वर्ष 2018 में शाहजहांपुर जिले में साठा धान की रोपाई पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके बावजूद एक बार फिर बंडा के कई गांव में साठा धान की रोपाई शुरू कर दी गई है। वहीं, कृषि विभाग के जिला कृषि अधिकारी ने मात्र एक आदेश अपने अधीनस्थों को भेज कर खाना पूर्ति कर ली है।

वर्ष 2018 से पूर्व जिले में 60 हजार हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रफल में साठा धान की रोपाई की जाती थी, जिसमें सर्वाधिक क्षेत्रफल पुवायां तहसील में रहता था। परंतु किसानों के एक बुद्धिजीवी वर्ग ने साठा धान की पैदावार के दौरान असीमित भूगर्भ जल दोहन पर चिंता जताते हुए कदम आगे बढ़ाया था। जिस पर अधिकारियों ने भी संज्ञान लेते हुए जिले में साठा धान पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं वैकल्पिक फसलों के रूप में मक्का, खीरा, तरबूज, ककड़ी समेत दलहनी फसलों की पैदावार को बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान भी चलाया गया था।

लेकिन कुछ ही सालों बाद उस अभियान की हवा निकल गई और किसानों के एक वर्ग ने दोबारा धरती की कोख सुखाने की तैयारी शुरू कर दी और बंडा के नटिउरा, अजोधापुर,संडिया, बरीबरा, गहलुईया समेत कई गांवों में साठा धान की नर्सरी तैयार कर दी गई । जिसकी शिकायत भी कुछ किसानों ने कृषि अधिकारियों से की, परंतु नतीजा सिफर रहा। अब कुछ किसानों ने साठा धान की रोपाई भी शुरू कर दी गई है, जबकि जिला कृषि अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थों को साठा धान पर रोक लगाए जाने के लिए आदेश पारित कर उन्हें अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती कर लाभ कमाने के लिए किसानों को जागरूक करने की बात कह रहे हैं।


जिले के बंडा में साठा धान की रोपाई करते किसान। ● अमृत विचार

● कुछ वर्ष पहले गिरते भू जल स्तर को देखते हुए लगाया गया था साठा पर प्रतिबंध

> बंडा क्षेत्र में साठा धान लगने की जानकारी नहीं है। अगर कोई शिकायत आती है तो प्रकरण को दिखवाया जाएगा। -सतीश चंद्र पाठक जिला कृषि अधिकारी।


शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# खून से लथपथ मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

## पुवायां-रधोली मार्ग पर मिली परविंदर की क्षतिग्रस्त बाइक और घायल साइकिल सवार दूसरा युवक

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर


मृतक परविंदर।

- पुलिस मान रही हादसा जांच के बाद दिया कार्रवाई का आश्वासन

**अमृत विचारः** पुवायां-रधोली मार्ग पर रविवार रात ईंट भट्टे के पास खून से लथपथ मिले रधोली के युवक को जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सड़क पर घायल मिले गांव के एक अन्य व्यक्ति का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। युवक के परिवार वाले एक व्यक्ति पर रंजिशन हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि मौके पर मिली क्षतिग्रस्त बाइक और साइकिल के आधार पर पुलिस घटना को हादसा मान रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है।

गांव रधोली निवासी परविंदर (26) ईंट-भट्टे पर ट्रैक्टर चलाता था। चाचा ओमप्रकाश ने बताया कि उसके साथ ईंट भट्ठे पर दूसरे गांव का एक व्यक्ति भी काम करता है। उससे परविंदर का कई बार झगड़ा हो चुका है, लेकिन उसने अपने आप ही दोबारा परविंदर से बोलना शुरु कर दिया। आरोप लगाया कि रविवार रात उक्त व्यक्ति परविंदर को किसी बहाने से घर से बुला ले गया। जहां रास्ते में ले जाकर उसकी हत्या कर दी और इस घटना के बाद से वह लापता है, इसलिए घटना को लेकर शक और गहरा रहा है। ओमप्रकाश ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे पुवायां-रधौली मार्ग पर भट्टे के सामने परविंदर के घायल पड़े होने की सूचना मिली थी। पास में ही उसकी बाइक क्षतिग्रस्त पड़ी हुई थी। घटना स्थल पर ही रधोली गांव का अंकुर भी घायल अवस्था में पड़ा हुआ था, उसकी साइकिल क्षतिग्रस्त थी। अंकुर के परिजन भी पहुंच गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार भी सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डॉक्टर ने परविंदर को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल अंकुर को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहीं पर परविंदर के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाना शुरू कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराए जाने और उसकी रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का भरोसा देकर शांत किया।

### बिलख रही पत्नी, अब कैसे होगी बच्चों की परवरिश

परविंदर की मौत पर उसकी सीमा देवी बिलख रही थीं। उसने सामने दो बेटियों की परवरिश की जिम्मेदारी अकेले कंधे पर आ गई है। परिवार के लोगों का भी रो-रोकर बुरा हाल है, परविंदर तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। नाते-रिश्तेदार परिजनों को चुप कराने की कोशिश कर रहे थे लेकिन परिजनों के आंसू थम नहीं रहे थे।

> बाइक तथा साइकिल की टक्कर हो गई थी। बाइक सवार परविंदर की मौत हो गई। जबकि साइकिल सवार घायल अंकुर पाल अस्पताल में भर्ती है। घायल ने बताया कि बाइक ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी थी। मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा और मामले की जांच की जा रही है।
>
> -**धर्मेंद्र कुमार**, थाना प्रभारी सिंधौली

### जिले में दो अज्ञात शव मिले

**शाहजहांपुर।** जिले में सदर बाजार तथा जलालाबाद थाना क्षेत्र में दो अज्ञात शव मिले हैं। दोनों शवों की पहचान नहीं हो पायी है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि रविवार की शाम पांच बजे टाउनहाल रोड पर सत्यम होटल के सामने सड़क के किनारे एक अधेड़ व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा था। अज्ञात व्यक्ति की उम्र 65 साल थी। उसे एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेज दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी रात मौत हो गयी। इधर कटरा-जलालाबाद मार्ग पर रविवार की शाम पांच बजे कांती पेट्रोल पंप के सामने एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा था। उसके हाथ-पैर में चोट के निशान थे। उसकी उम्र 45 साल थी। उसकी इलाज के दौरान देर रात मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों शवों की शिनाख्त नहीं हो पायी है।

### इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत

**रोजा।** क्षेत्र में एक बुजुर्ग बेहोशी की हालत में रविवार को दिन में मिला था। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। रोजा थाना क्षेत्र के गांव हथौड़िया निवासी महेंद्र कुमार(65) क्षेत्र में बेहोशी की हालत में मिला था। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। उसकी तबीयत खराब थी। रविवार की रात इलाज के दौरान महेंद्र की मौत हो गयी। वह शराब का आदी था। पुलिस ने अस्पताल की मोर्चरी में शव को रखवा दिया। पुलिस ने उसके परिवार वालों को सूचित कर दिया।

# झुलसी रोहणी ने मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


मृतका रोहणी।

- 30 मार्च को घर में लगी थी आग, तीन लोगों की हो चुकी मौत

**अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला दिलाजाक में 19 दिन पूर्व सफाई कर्मचारी के घर हुए धमाका में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए थे। आग से झुलसी सफाई कर्मचारी भैयालाल की पुत्र वधू रोहणी इलाज के दौरान मौत हो गयी। आग से झुलसे मरने वालों की संख्या चार पहुंच गई। मृतक सफाई कर्मचारी के बेटे का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला दिलाजाक निवासी नगर निगम का सफाई कर्मचारी भैयालाल के घर में 30 मार्च की सुबह चार बजे धमाका होने से आग से भैयालाल, उसका बेटा अनुज, बेटे की पत्नी रोहणी तथा रोहणी की दो बेटी अनुष्का(6) तथा इंशिका(4) झुलस गए थे। धमाका इतना तेज था कि लोहे का एक दरवाजा टूटकर सामने वाली की दीवार पर जाकर गिरा था। पुलिस ने सभी झुलसे को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। आग से झुलसे भैयालाल तथा उसके बेटे अनुज को लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया था। जबकि रोहणी, उसकी बेटी अनुष्का तथा इंशिका का इलाज यहां मेडिकल कालेज में चल रहा था। इलाज के दौरान लखनऊ मेडिकल कॉलेज में सफाई कर्मचारी भैयालाल, अनुष्का तथा इंशिका की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। परिवार वालों ने एक सप्ताह पूर्व अनुज को लखनऊ मेडिकल कॉलेज से रेफर कराके यहां के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। अनुज तथा उसकी पत्नी रोहणी(28) का यहां मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। रोहणी रविवार की रात 12 मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आग से झुलसी रोहणी की मौत हो गयी है और उसके पति अनुज का इलाज चल रहा है।

## एक नजर

### दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बंडा।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या में वांछित चल रहे पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव लहा निवासी पिता जगदीश ने पुलिस से पुत्री सोनी देवी की हत्या करने के आरोप में पति सास, ससुर व रिश्तेदार सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी पुवायां कर रहे हैं। केस में धारा 315 की वृद्धि की गई है। सोमवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बंडा देवकली तिराहे से आरोपी पति ओमिंदर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक जयचंद गिरी, मुख्य आरक्षी अजय राना, सिपाही जनरैल सिंह शामिल रहे।


आरोपी ओमिंदर

### फंदे पर लटक कर युवक ने दी जान

**पुवायां।** गांव जेवां निवासी अरविंद प्रजापति(45) ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। उसका शव रविवार रात 10 बजे घर के कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। रात 11 बजे पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई शैलेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसके भाई अरविंद के जवान पुत्र की मौत कुछ महीने पहले दिल्ली में एक दुर्घटना में हो गई थी, तब से वह काफी दुखी रहते थे और शराब पीने लगे थे। रविवार को भी शराब पीने के लिए रुपये मांग रहे थे। उनकी एक 20 वर्षीया पुत्री और एक 12 वर्षीय पुत्र है।

# बुआ की विदाई के बाद किया गया भतीजे का अंतिम संस्कार

संवाददाता, मिर्जापुर

- रविवार को झालर डालते समय छज्जा गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की हो गई थी मौत

**अमृत विचारः** रविवार को मिर्जापुर क्षेत्र के तिलहाईया गांव में हुए दर्दनाक हादसे में भतीजे की मौत के बाद बुआ की गमगीन माहौल में शादी संपन्न हो गई। सोमवार सुबह विदाई के बाद शाम को बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान सभी की आंखे नम थी।

रविवार शाम को मिर्जापुर के तिलहाईया निवासी द्रगपाल सिंह चंदेल के घर में खुशी का माहौल था। बारात के स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही थी। मेहमान घर पर आ रहे थे। सजावट को इलेक्ट्रीशियन झालर लगाने लगा। इस दौरान वह छज्जे पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था। अचानक छज्जा टूटकर नीचे आ गिरा और उसके नीचे कार्तिक(5) व दिव्या (3) उसके नीचे आ गए। इलेक्ट्रीशियन कूद गया। छज्जा गिरते ही चीख पुकार मच गई। छज्जे के नीचे दबे बच्चों को निकालकर डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर द्वारा कार्तिक को मृत घोषित करते ही घर मे चीख पुकार मच गई। काव्या को गंभीर हालत में इलाज के लिए फरूखाबाद ले जाया गया। जहां उसके पैर में फ्रैक्चर आया है। कार्तिक बुआ सिंकी सिंह की शादी को लेकर बहुत खुश था। बारात हरदोई जिले के मौकपुर गांव से आ रही थी। कार्तिक की मौत के बाद सोमवार को गमगीन माहौल में शादी सम्पन्न कराई गई। पीएम के बाद शाम को रामगंगा किनारे अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

# गठबंधन के लोकसभा व विधानसभा प्रत्याशी ने कराया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सपा के लोकसभा प्रत्याशी राजेश कश्यप ने सोमवार को नामांकन कराया। वहीं, ददरौल उप चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा ने भी नामांकन कराया।

राजेश कश्यप गाजियाबाद की तहसील लोनी के प्रेम बिहार के रहने वाले हैं। उन पर अब तक कुल तीन मुकदमे दर्ज हुए हैं। इनमें से एक अब भी अदालत में विचाराधीन है।

इसी तरह राजेश के ऊपर कुल 24.95 लाख रुपये का लोन है। उनके पास गाजियाबाद में एक थ्री बीएचके और एक टू बीएचके फ्लैट है। उनके पास 5,50,000 रुपये की सेंट्रो कर है। इसी तरह राजेश की पत्नी मीना के पास दिल्ली में दो फ्लैट हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी लिस्ट में बताया गया कि 22 अप्रैल को निर्दलीय बरेली के करेली निवासी संजीव और नेकपुर बरेली निवासी मनोज विकट, शाहजहांपुर से लोधीपुर निवासी राकेश और मोहल्ला भारद्वाजी निवासी कीर्तिकेय गुप्ता ने नामांकन पत्र खरीदे। कीर्तिकेय ने पलिया पट्टी निवासी ब्रजेश कुमार के लिए पर्चे क्रय किए हैं। इसी तरह जन सेवा सहायक पार्टी से जिले के जरौली कुंडरी निवासी भानु प्रताप ने नामांकन पत्र खरीदा।


नामांकन कराने जाते ददरौल से गठबंधन प्रत्याशी अवधेश वर्मा। ● अमृत विचार


नामांकन कराते गठबंधन के सांसद प्रत्याशी राजेश कश्यप। ● अमृत विचार

- राजेश व उनकी पत्नी के पास गाजियाबाद और दिल्ली में हैं पांच फ्लैट
- अब तक दर्ज हो चुके हैं तीन मुकदमे

### बीएससी पास हैं अवधेश वर्मा

उप निर्वाचन विधानसभा ददरौल प्रत्याशी अवधेश वर्मा समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी है। वह ग्राम कहेलिया रूद्रपुर के निवासी है। अवधेश वर्मा की लखपतियों में गिनती होती है। उनके पास टोयटा फार्चूनर मॉडल 2011, पत्नी चन्द्र वर्मा के पास हॉण्डा सिविक कार मॉडल 2011, बोलेरो वाहन हैं। सोने-चांदी के आभूषण रखने का भी शौक है। रूद्रपुर, सैदापुर सहित कई जगहों पर कृषि भूमि भी है। सपा प्रत्याशी की शैक्षिक योग्यता बीएससी वर्ष 1995 जीएफ कॉलेज से की है। पूर्व में वह मंत्री भी रहे चुके हैं।

### सपा से दो प्रत्याशियों ने खरीदे पर्चे

खास बात यह है कि समाजवादी पार्टी से रौसर कोठी निवासी विजय सिंह ने भी चार सेट नामांकन क्रय किए, जो हरदोई के गांव मझरेता निवासी ज्योत्सना गौड़ के लिए खरीदे गए हैं। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एहतियातन ज्योत्सना गौड़ के लिए पर्चे खरीदे गए हैं, जो शीघ्र ही जमा कराए जाएंगे। इस तरह अब तक 18 पार्टियों के 29 प्रत्याशियों के लिए कुल 55 नामांकन क्रय किए गए हैं, जिसमें 11 निर्दलीय भी शामिल हैं।

# घर में लगी आग, हजारों का घरेलू सामान जलकर राख

संवाददाता, खुटार

- सोमवार शाम हुई घटना, पड़ोस लोगों ने समरसेबल चलाकर बुझाई आग
- पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की उठाई मांग

**अमृत विचारः** पुवायां रोड पर स्थित रुजहा खुर्द में छप्परदार घर में अचानक आग लग जाने से अपना तफरी मच गई। आसपड़ोस में रहने वाले लोगों ने समरसेबल चलाकर पानी डाला तो कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जिससे हजारों की क्षति हुई है। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव रुजहा खुर्द निवासी रामऔतार वर्मा अपनी पत्नी आशा देवी के साथ घर में रहते हैं। उनका पुत्र अनुज कुमार प्रांत गुजरात में काम करता है। पति-पत्नी घर में अकेले रहते हैं। सोमवार रात करीब 7:30 घर में पड़ा छुप्पर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही अफरा तफरी मच गई। रामऔतार वर्मा ने लोगों के साथ नलों और समरसेबल से बाल्टियों में पानी भरकर डालने लगे। करीब आधे घंटे के बाद आग पर लोगों ने काबू पा लिया। लेकिन आग की चपेट में छप्पर के नीचे बंधी गाय झुलस गई।

इसके साथ ही घर में रखी दो चारपाई, बिस्तर, दो कुंतल गेहूं, 20 किलो चावल, बर्तन, कपड़ा, साइकिल और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित रामऔतार ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

बता दें इन दिनों तेज हवा चलने से चिंगारी जल्द ही आग का रूप ले ले रही है।

# ददिउरी के धर्मेंद्र के रूप में हुई शव की शिनाख्त

**बंडा, अमृत विचारः** रविवार को बंडा के हाथी गौटिया जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटकता बरामद हुआ था।जिसकी शिनाख्त उसकी मां ने की है।

मृतक की मां रामलली निवासी ददिउरी ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र धर्मेंद्र(32) रविवार की दोपहर सुनासिर नाथ मंदिर दर्शन करने को बता कर घर से गया था। घर वापस न लौटने पर उसकी तलाश शुरू की।सोमवार को अखबार के माध्यम से जानकारी मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद वह थाने पहुंची तब फोटो देखकर उसने अपने पुत्र धर्मेंद्र के रूप में उसकी शिनाख्त की।रामलली ने पुलिस को तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# मंडी प्रशासन ने शुरू की कर्मचारी की जांच

संवाददाता, रोजा

- पुलिस पर वाहन चढ़ाने व अगवा करने के प्रयास का मामला

**अमृत विचार :** शनिवार की देर शाम थाना तिलहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिसकर्मियों पर वाहन चढ़ाने व गाड़ी में डालकर अगवा करने के प्रयास में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी में एक रोजा मंडी का कर्मचारी है। खबर प्रकाशित होने के बाद मंडी प्रशासन जांच में जुट गया है।

ज्ञात हो कि शनिवार को लोकसभा चुनाव को देखते हुए चेकिंग अभियान में थाना खुदागंज के मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी रामदास शाक्य प्रधानाचार्य के पद पर नियुक्त हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान चेकिंग अभियान में तिलहर प्रथम मजिस्ट्रेट के रूप में लगी हुई है। शनिवार को तिलहर में रस्तोगी धर्मशाला के पास टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्होंने बोलेरो को रुकने का इशारा किया तो उसमें सवार चालक ने सिपाही ओमवीर पर बोलेरो चढ़ाकर घायल दिया और उन्हें अगवा करने का प्रयास किया था। इस संबंध में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बोलेरो को तिलहर मंडी के पास रोक ली और मदनापुर के बरी खास निवासी पवन पाठक व उसके भाई रानू पाठक को गिरफ्तार कर लिया था। रानू पाठक उर्फ विशाल पाठक रोजा मंडी का कर्मचारी है।

मंडी सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित फोटो में दिख रहा आरोपी विशाल पाठक प्रतीत हो रहा है और वह रोजा मंडी का कर्मचारी है। सोमवार को अनुपस्थिति है। जांच की जा रही है। सत्य पाया गया तो विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

# चुनाव में गई बसें, यात्री हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


रोडवेज बस स्टैंड पर खड़ी बसें। ● अमृत विचार

- दिल्ली की बसों का करना पड़ रहा इंतजार, ट्रेनों में बढ़ी भीड़

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए रोडवेज की 40 बसें चुनाव ड्यूटी में जा चुकी है। दिल्ली रूट की अधिकांश बसें चुनाव ड्यूटी में भेजी गई है। जबकि चुनाव में निगम की 60 बसें जानी है। चुनाव ड्यूटी में बसों के चले जाने यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है।

स्थानीय डिपो में निगम की 117 बसें और अनुबंधित 74 बसें है। निगम की 35 बसों का संचालन दिल्ली के लिए हो रहा है। जिला प्रशासन ने चुनाव ड्यूटी में करीब 60 बसों की डिमांड की है। चुनाव ड्यूटी में होमगार्ड तथा पुलिस कर्मचारियों को लेकर अभी तक 40 बसें जा चुकी है। यदि प्रशासन ने बसों की डिमांड की तो और चुनाव ड्यूटी में बसें जाएगी। निगम की बसें चुनाव ड्यूटी में भेजी गई, जो दिल्ली रूट पर संचालित होती थी। दिल्ली रूट पर बसों की संख्या कम हो गई। अनुबंधित बसें फर्रुखाबाद, खीरी, सीतापुर, बरेली, कानपुर आदि जिलों के संचालित हो रही है। दिल्ली की बसों की संख्या कम होने के कारण शाम को दिल्ली जाने वाले यात्रियों को बसों का इंतजार बस अड्डे पर करना पड़ता है।

यदि दिल्ली के लिए कोई बस जाती है तो यात्रियों को सीट मिलने में दिक्कत हो जाती है। वर्तमान में दिल्ली-गौरीफंटा के लिए मात्र एक बस चल रही है। गौरीफंटा के यात्रियों को दिक्कत हो रही हे। दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में भीड़ गयी है। ट्रेन में जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। यात्री जबरन स्लीपर कोच में घुस जाते है। चुनाव ड्यूटी में निगम की बसें अधिग्रहण होने से यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

> चुनाव ड्यूटी में बसों का अधिग्रहण किया गया है। जो बसें डिपो में मौजूद है, उनके फेरे बढ़ा दिए गए है। यात्रियों को दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।
>
> -**आरएस पांडेय**, एआरएम

**दिक्कत** गर्मी और धूल से यात्रियों को ई-बस में हो रही घुटन, कम तापमान पर चलाई जाती है एसी

# ...तो लोगों के लिए सुहाना नहीं रहा अब इलेक्ट्रिक बस से सफर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एग्जॉस्ट भी ज्यादातर रहता है बंद, जिले में किया जा रहा 25 बसों का संचालन
- जिम्मेदार ड्राइवर और कंडक्टर पर कार्रवाई बोल ठंडे बस्ते में डाल दे रहे शिकायतें

**अमृत विचारः** जिले में संचालित इलेक्ट्रिक बसों से यात्रा अब यात्रियों के लिए सुगम नहीं रह गई है। यात्रियों को एसी का मजा नहीं बल्कि गर्मी में तपन और बस के अंदर दराजों से पहुंची धूल से हो रही घुटन से जूझना पड़ रहा है। परिचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे अफसर लापरवाह बने हुए हैं, शिकायत करने पर बस नंबर के आधार पर ड्राइवर और कंडक्टर पर कार्रवाई की बात कह कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दे रहे हैं।

जिले में 25 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है। इनमें से सबसे अधिक 15 बसें पुवायां रूट पर चल रहीं हैं, जो कि खुटार-बंडा तक जाती हैं। छह बसों का संचालन निगोही-बीसलपुर तक होता है और बाकी बसें जलालाबाद रूट पर चलती हैं। शाहजहांपुर से पुवायां तक प्रति यात्री परिवहन निगम की बस में 41 रुपये किराया है, जबकि इलेक्ट्रिक बस में 45 रुपया किराया है। एसी सुविधा होने की वजह से आराम पसंद यात्री परिवहन निगम की बस को छोड़कर इलेक्ट्रिक बस में सफर करना चाहता है और यही वजह है कि इस रूट पर इलेक्ट्रिक बसें सबसे अधिक कमाई कर रही हैं। इसके बावजूद भी यात्रियों की सुविधाओं का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। कभी एसी को बंद कर देना और कभी कम तापमान पर एसी चलाया जाता है, जिससे यात्रियों को इस भीषण गर्मी में ठंडक का अहसास नहीं होता। उसे दिक्कतों के साथ सफर तय करना पड़ रहा है। चूंकि शाहजहांपुर-पुवायां रोड निर्माणाधीन है, इसलिए बस के अंदर धूल भी भर जाती है, जिससे यात्रियों को घुटन महसूस होने लगती है। इसके बावजूद भी ड्राइवर अपने मनमुताबिक ही एग्जास्ट चलाता है। परिवहन निगम की बस से चार रुपये अधिक किराया खर्च कर जिस उम्मीद के साथ यात्री इलेक्ट्रॉनिक बस में बैठता है, उसकी इस उम्मीद पर पानी फिर जाता है, ड्राइवर-कंडक्टर से बहस करने में जलालत और झेलनी पड़ती है।


यात्रियों के इंतजार में खड़ीं इलेक्ट्रिक बसें। ● अमृत विचार

### बैटरी बेकअप बचाने पर मिलता है प्रोत्साहन

बातचीत के दौरान इलेक्ट्रिक बसों के एक टीआई ने बताया कि चार्जिंग प्वाइंट ककरा कलां से निकलने वाली इन बस के ड्राइवरों के लिए बाध्यता होती है कि निर्धारित चक्कर लगाने के बाद बस जब चार्जिंग प्वाइंट पर पहुंचे तो बैटरी का बेकअप कम से कम 22 प्रतिशत होना चाहिए, ऐसा करने वाले ड्राइवरों को आखिरी माह देखा जाता है कि महीने में किस ड्राइवर ने कितनी बैटरी बचाकर दी, जिस ड्राइवर ने ज्यादा बैटरी बचाकर दी, उसे उसी अनुपात में प्रोत्साहन दिया जाता है। यही वजह है कि यात्रियों को दिक्कतें झेलनी पड़ रहीं हैं।

> सभी ड्राइवरों और कंडक्टरों से कहा जा चुका है कि यदि बस में किसी तरह की कोई दिक्कत है, तो उसे ग्रुप में डाल दो, समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इसके बावजूद भी यदि कोई लापरवाही करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिस बस संख्या यूपी 27 बीटी 4684 के बारे में शिकायत की गई है, उसका एसी सही करा दिया गया है। -**सीपी पांडेय**, परिचालन प्रबंधक, इलेक्ट्रिक बस, नगर निगम

### नहीं रह गया बैटरी में पहले वाला बेकअप

इलेक्ट्रिक बस संख्या यूपी 27 बीटी 4684 ककरा चार्जिंग स्टेशन से सोमवार सुबह 7 :35 बजे निकली। रास्ते में सवारियों को लेते रोडवेज बस स्टैंड से पुवायां रूट के लिए सफर तय किया। रूट पर दो चक्कर लगाने के बाद बस पुवायां से होकर जब तक शाहजहांपुर पहुंची, एसी सिस्टम जवाब दे गया था। खचाखच भरी बस में तेज धूप के साथ अंदर गर्मी बढ़ने लगी। यात्रियों ने शिकायत दर्ज कराई तो एसी चालू कर दिया गया लेकिन बस स्टैंड पर पहुंचते-पहुंचे एसी फिर बंद हो गई। कुछ यात्री जिन्हें रोडवेज बस स्टैंड से अंदर जाना था, उन्होंने जब कंडक्टर से एसी बंद होने के बारे में जानकारी की तो पता चला कि बैटरी डाउन हो गई है, लंबे समय से जिन बैटरियों के सहारे बसों को चलाया जा रहा है, उनमें अब वह बेकअप नहीं रह गया है।

# बंद मकान में हो रही थी सट्टे की खाईबाड़ी, सात पकड़े

संवाददाता, रौसर कोठी/शाहजहांपुर

- 7,190 रुपये, सट्टा चार्ट और 45 सट्टे की पर्ची बरामद
- मुखबिर की सूचना पर थाना रामचंद्र पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** लगभग एक वर्ष पहले पुलिस ने जिले में जिस सट्टे के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए उसे खत्म कर दिया था, वहीं कारोबार एक बार फिर पनपने लगा है। सट्टे के इसी कारोबार की सूचना पर थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने तारीन गाडीपुरा में एक बंद मकान के अंदर सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के कब्जे से पुलिस ने 7,190 रुपये की नगदी, सट्टा चार्ट और 45 पर्ची आदि सामान बरामद किया है।

थाना रामचंद्र मिशन पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा में राकेश राठौर उर्फ बांगडू के घर सट्टे की खाई बाडी हो रही है। उच्चाधिकारियों से अनुमति प्राप्त कर पुलिस ने राकेश राठौर के घर पर दबिश दी, तो यहां से राकेश राठौर उर्फ बांगडू, गाड़ीपुरा निवासी उस्मान, राजेंद्र, मोबीन, ख्वाजा फिरोज निवासी हसमत नवी उर्फ लाला, आमिर, वसीम को खाई बाड़ी करते हुए पकड़ लिया। इन लोगों के पास से सट्टा चार्ट, चार सट्टा कॉपी, 45 सट्टा पर्ची, तीन दफ्ती, चार कैलकुलेटर, स्टेपलर, पैन ,पटरी छोटी-बड़ी, छह मोबाइल फोन, 7,190 रुपये, एक बैग बरामद किया है।

# गड्ढे में पहले गिरा घोड़ा, उसे निकाला फिर गिरी भैंस

## सदर बाजार मार्ग पर लगी वाहनों की कतार



सड़क पर खोदे गए गड्ढे में गिरी भैंस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● खिरनीबाग रामलीला मैदान के पास सीवर लाइन के लिए की गई थी खोदाई

**अमृत विचार:** महानगर में सीवर लाइन के लिए गड्ढा खोदा गया था। जिसमें सोमवार को उसमे पहले घोड़ा गिरा। किसी तरह उसे निकाला गया। उसके बाद उस गड्ढे में एक में भैंस गिर गई। काफी देर की मशक्कत के बाद उसे निकाला गया। इस दौरान जाम लग गया।

नगर निगम के खिरनीबाग रामलीला मैदान के पास जल निगम की ओर से सीवर लाइन के लिए सड़क पर गड्ढा खोदा गया है। सोमवार सुबह इसमें पानी भर गया। इसी बीच सुबह लगभग दस बजे गड्ढे में एक घोड़ा गिर गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह घोड़े को बाहर निकाला। इसी बीच एक भैंस इस गड्ढे में गिर गई। यह देख मौके पर तमाम लोग एकत्र हो गए। पशु स्वामी भी आ गया और उसे बाहर निकालने का प्रयास करने लगा। काफी देर की मशक्कत के बाद गड्ढे में मिट्टी भरकर किसी तरह भैंस को बाहर निकाला गया।

इस दौरान खिरनीबाग रामलीला चौराहा से थाना सदर बाजार वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों को जाम खुलवाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों को जाम की वजह से दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।

# धांधू ने ग्रामीणों से समर्थन का लिया आशीर्वाद



क्षेत्र में भ्रमण करते बसपा प्रत्याशी सर्वेश चंद्र मिश्रा धांधू। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● बसपा प्रत्याशी ने 12 से ज्यादा गांवों का दौरा किया

**अमृत विचार:** ददरौल विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी एडवोकेट सर्वेश चंद्र मिश्रा धांधू ने सोमवार को ददरौल क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण कर लोगों से समर्थन का आशीर्वाद लिया। धांधू ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होती है, जो जनता का आदर करेगा जनता उसी का साथ देगी। उन्होंने कहा कि चुनाव तो वह अब लड़ रहे हैं, लेकिन जनता के दुख-सुख में वह हमेशा खड़े रहे हैं।

धांधू ने समर्थकों के साथ क्षेत्र के गांव सप्तयारा, उद्धवपारा, नटपुरवा, कारी मुकआपुर, मंसूरापुर, सरौरा, सरौरी, रुद्रपुर सहित 12 से ज्यादा गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान रामवीर कनौजिया, महेंद्र पासवान, अमित पासवान, मनोज कुमार, लालाराम गौतम, अमित गौतम, राशिद, आकिब, सानू पंडित, निराले, इरशाद, परवेज, राहुल, आफताब, सोनू, उपदेश, विक्रमादित्य, नीरज, भानु, प्रेमलता, सोनी, अफसाना, फरमाना खान, बेलावती, रामदेवी उमावती, लाडो, शशि, सुनीता, संध्या, प्रिया, आदि समर्थक उनके साथ रहे।

## सार-संक्षेप

### बच्चे देश का उज्जवल भविष्य




**तिलहर।** आरपी सिंह पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव के दौरान स्कूल टॉप करने वाले छात्र सहित उपस्थित छात्र-छात्राओं को मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। स्कूल प्रबंधक ने सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सोमवार को नगर के मोहल्ला चौहटियां स्थित आरपी सिंह पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक उत्सव का आयोजन मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और स्कूल संस्थापक रामेंद्र पाल सिंह और उनकी पत्नी को नमन करते हुए किया गया। आयोजन के दौरान स्कूल टॉप करने वाले छात्र अनिकेत राठौर को पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। प्रबंधक अवनीश सिंह ने कहा कि यह नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राएं हमारे भारत देश और समाज का उज्जवल भविष्य हैं जिनकी छोटी-छोटी सफलताएं एक दिन उन्हें बड़ा लक्ष्य हासिल करने में उनके लिए प्रेरणा बनेगी। आयोजन में इस दौरान प्रधानाचार्य विजयलक्ष्मी, अध्यापक विवेक, शिव कुमार, शैलेंद्र,शीला, अनम, पूजा, समन, रुचि, बेबी सवा, सुचिता, मोहिनी, मीना, देव कुमारी, निर्मला आदि रहे।

### कीलापुर में जानकी महाराज मेला आज से



**मिर्जापुर।** क्षेत्र के कीलापुर में मंगलवार से जानकी महाराज का मेला शुरू हो रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले मेले में हजारों की संख्या श्रद्धालु समाधि पर माथा टेकने आते हैं। मेले पर दुकाने सज गई हैं। मिर्जापुर के कीलापुर का प्राचीन जानकी महाराज मेला आज चैत्र पूर्णिमा से शुरू हो रहा है। प्रसिद्ध मेले में दूर दराज के जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पर आते है। इस बार मन्दिर के महंत सीताराम दास के निधन के बाद पहली बार नए महंत महेश दास की देखरेख में मेले का आयोजन हो रहा है। मेले में बड़ी संख्या में लोग मनौती पूरी पर प्रसाद चढ़ाते है तथा अपने पाल्यो का मुंडन संस्कार कराते है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था मिर्जापुर पुलिस के हाथों में रहती है। मेला परिसर में धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया है। मिर्जापुर कस्बे से 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित रामगंगा किनारे मेला स्थल की व्यवस्थाएं ग्राम पंचायत व मन्दिर कमेटी द्वारा की जाती है। मेले में दूर दराज से व्यापारियों ने आकर अपनी दुकानें सजा ली है। मेला एक सप्ताह तक चलेगा।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्मे की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
क्रिप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें: संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

OM SHAANTI HOSPITA
ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059




# संचारी रोग नियंत्रण अभियान चला रहा स्वास्थ्य विभाग, गांवों में गंदगी के ढेर

## चोक हो गईं नालियों में पनप रहे मच्छर, सड़क किनारे पड़ा है कूड़ा-करकट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह माह संचारी रोग नियंत्रण के तहत दस्तक अभियान का है, ताकि लोग बीमारी से बचे रहें और स्वस्थ रहे। इसके लिए स्वच्छता जरूरी है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान सुचारू नहीं हो पा रहा है। इसकी बानगी परौर में देखने को मिल रही है।

परौर चौराहे पर बने घरों का पानी थाने के पास एकत्रित हो रहा है। थाना चौराहा वासी लंबे समय से थाने की तरफ नाली बनाकर पानी के निकास की मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन किसी ने भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया। परौर चौराहे पर लगभग डेढ़ सौ मीटर के करीब नाला बना हुआ है, अभी हाल में ही लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क पर पटला बनाने का काम किया था। जेसीबी से मिट्टी खोदी गई थी, वही मिट्टी नाला में पड़ जाने के कारण दो-तीन जगह से मिट्टी से नाला बंद पड़ा है। घरों का पानी नाले में आता है। लोगों का कहना है कि जब तक नाले की सफाई नहीं की जाएगी तब तक इसी तरीके से नाले में गंदा पानी भरा रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक गंदे पानी से मच्छर पनप कर तरह-तरह के रोग पैदा करते हैं, पिछले वर्ष इसी गंदगी की वजह से चौराहा के लोग डेंगू बुखार आदि बीमारियों से पीड़ित रहे थे। इस बार भी थाने के सामने गंदे पानी का निकास नहीं बनाया है। जिसके कारण थाना मुख्यालय के सामने पानी भरा रहता है। वही नाली में मिट्टी भर जाने से उसमें गंदा पानी जगह पर भरा हुआ है, निकास की भी कोई व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता व जेई को इस समस्या के बारे में कई बार बताया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। चौराहा के लोगों ने थाना के सामने गंदे पानी के निकास की व्यवस्था तथा नाले की सफाई की मांग की है।


चोक हुई नाली में जलभराव, जिसमें पनप रहे मच्छर।


परौर थाने के सामने गंदगी। ● अमृत विचार

### मच्छरों से बचाव को नहीं कराया गया दवा का छिड़काव

गांव के लोगों ने बताया कि नालियों और सड़क किनारे गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं, आलम यह है कि मच्छर रात में नींद में खलल डाल रहे हैं। बिना मच्छरदानी और पंखे के सो नहीं सकते। इन मच्छरों के डंक से बीमारी पनपने का डर भी बना हुआ है। मच्छरों को मारने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव भी नहीं कराया गया है।

### पीएचसी परिसर में भी व्याप्त है भीषण गंदगी

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पशु चिकित्सालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नहीं होने के कारण भीषण गंदगी व्याप्त रहती है। दोनों चिकित्सालय में सफाई कर्मचारी नहीं होने के कारण गंदगी के अंबार लगे रहते हैं। अस्पतालों में छुट्टा पशु घूमते रहते हैं, इससे परिसर में गंदगी हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि परौर का सफाई कर्मचारी भी इस तरफ ध्यान नही देता हैं। जब अस्पताल में ही गंदगी रहेगी तब फिर स्वच्छता अभियान का मिशन कैसे पूरा होगा।

परौर में एक सफाई कर्मचारी है, गांव बड़ा है, इसके अलावा सात मजरा हैं। इतनी बड़ी ग्राम पंचायत में एक सफाई कर्मचारी के बलबूते पर सफाई में काफी दिक्कत आ रही हैं। अब रोस्टर बनाकर गांव में सफाई की व्यवस्था कराई जाएगी। रोस्टर में में अस्पतालों को भी शामिल किया जाएगा और जिस दिन उनका नंबर आएगा उनकी भी सफाई विधिवत तरीके से कराई जाएगी।

**-चांदनी माथुर**, प्रधान, परौर

# पशु चिकित्साधिकारी की कुर्सी पर बैठे युवक का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, खुटार

● **पशुपालक ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया में किया पोस्ट**

**अमृत विचार:** सोमवार को भी कुछ लोग अपने पशुओं को लेकर उपचार करने के लिए पशु चिकित्सालय पहुंचे थे। यहां पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में मौजूद नहीं थे। जबकि उनकी कुर्सी पर एक युवक लेट कर आराम कर रहा था। युवक को डॉक्टर की कुर्सी पर आराम करते देख पशुपालक ने उसका बाकायदा वीडियो बना लिया और बाद में यह वीडियो उसने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

वायरल वीडियो को डिलीट कराने का प्रयास किया गया लेकिन पशुपालक ने वीडियो डिलीट करने से इनकार कर दिया। आरोप है कि स्वास्थ्यकर्मी सरकारी कुर्सी पर आराम करने वाले युवक को बचाने की जगत में जुट गए हैं। अभी तक युवक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में जब पशु चिकित्सा अधिकारी से उनका पक्ष जानना चाहा तो फोन रिसीव हुआ।


पशु चिकित्साधिकारी की कुर्सी पर आराम फरमाता युवक।

वीडियो वायरल होने की जानकारी नहीं है। जांच कराई जाएगी। यदि पशु चिकित्सा अधिकारी की कुर्सी पर युवक का आराम करते हुए का वीडियो वायरल हुआ है, तो कार्रवाई की जाएगी।

**-मनोज अग्रवाल**, सीवीओ

### हादसों में दंपती समेत पांच लोग घायल

**पुवायां।** बंडा निवासी रामकृपाल अपने दोस्त शिव कुमार के साथ बाइक से किसी काम से पुवायां थे। शाम लगभग चार बजे वह वापस घर जा रहे थे। मझगवां गांव के निकट हाईवे पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे चार लोग घायल हो गए। दूसरी बाइक के घायलों में विकास एवं उनकी पत्नी राम खिलौना हैं।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण घायल

**तिलहर।** नगर के मोहल्ला भक्सी निवासी नन्हकू नेशनल हाईवे स्थित कछियानी खेड़ा के निकट अपने खेत से वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में बाइक सवार ने उनके टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। तो वहीं दूसरी तरफ दुर्घटना के बाद बाइक छोड़कर चालक फरार हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने दुर्घटना का कारण बनी बाइक को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

# मनौतियों के लिए जाना जाता है चिलौआ का पौराणिक मेला

संवाददाता, अल्हागंज

● **पांडवों ने महाभारत के युद्ध में विजयी होने के लिए माता काली की मूर्ति स्थापित कर की थी तपस्या**

**अमृत विचार:** गांव चिलौआ का पांडव कालीनकाली मां का मेला ओढनिया और मनौतियों के लिए जाना जाता है। यह चैत्र माह की तेरस से शुरू होता है।

पहले पूरा मेला क्षेत्र जंगल था। नदी भी बहती थी। जंगली जानवरों का बसेरा था। इसकी पहचान पांडवों से बताई जाती है। अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने महाभारत युद्ध में विजयी होने के लिए माता काली की मूर्ति स्थापित कर तपस्या की थी। जिससे खुश होकर काली माता ने पांडवों को आशीर्वाद दिया था। धीरे-धीरे जंगल और नदी विलुप्त हो गए। गांव बस्तियों का निर्माण हो गया।

इस प्रकार इसकी चिलौआ से पहचान बनी। धीरे-धीरे पैदल और बैलगाड़ियों से मनौतियों के लिए आमजन पूजा स्थल पर पहुंचने लगे। जिसकी मनौती पूरी हो जाती थी वह श्रद्धा अनुसार प्रसाद के साथ-साथ फरिया ओढनिया टेसू के फूल चढ़ाता था। साथ ही नवजात शिशुओं का मुंडन संस्कार भी होता था। पेयजल के लिए कई कुएं बने थे। मेले का प्रबंधन गांव वालों के द्वारा ही होता था, जिसमें प्रवेश मिश्रा का परिवार अग्रणी रहता था। आज भी इन्हीं के संरक्षण में मेले का संचालन होता है। गांव के ही वॉलिंटियर्स सुरक्षा व्यवस्था भी संभालते हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहता है। बदलते परिवेश में बस्तियों का विस्तार होता गया। मेला क्षेत्र संकुचित होता गया। इसके बावजूद मेला अपनी पौराणिक श्रद्धा अर्चना के लिए पहचान बनाए हुए है। मेले में इमारती लकड़ी, दरी, गलीचे, संदूक जैसी तमाम जरूरी वस्तुओं की जमकर खरीद फरोख्त होती है।


माता काली की मूर्ति। ● अमृत विचार


हनुमतधाम पर सजावट बिखेर रही अलौकिक छटा। ● अमृत विचार

# लोक गायिका मालिनी अवस्थी सुनाएंगी भजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **दो दिवसीय हनुमान जयंती का अनुष्ठान शुरू**

**अमृत विचार:** हनुमतधाम पर सोमवार से दो दिवसीय हनुमान जयंती का अनुष्ठान शुरू हो गया। सुबह आठ बजे श्रीराम चरित मानस का पाठ शुरू हुआ। मंगलवार को पूर्वांह 11 बजे श्री अखंड पाठ के समापन के बाद भंडारा होगा। वहीं, शाम 6.30 बजे से भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी भजन प्रस्तुत करेंगी।

हनुमतधाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि सोमवार सुबह हनुमतधाम मंदिर में हनुमान जयंती पर श्रीरामचरित मानस का पाठ विधि विधान से शुरू हो गया। इस अवसर पर हनुमतधाम परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। पूरे दिन श्रद्धालु उमड़ते रहे। खासतौर पर शाम को हनुमतधाम पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंगलवार शाम को होने वाली भजन संध्या में प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी को आमंत्रित किया गया है। इससे पहले दिन में हनुमतधाम परिसर में विशाल भंडारा भी होगा।


हनुमत धाम पर सजावट का दृश्य।

### आरोपी दे रहे धमकी एसपी से शिकायत

**शाहजहांपुर।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने आरोपी पीड़ित को धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई है। थाना तिलहर के गांव बराह मोहब्बतपुर निवासी यासीन ने बताया कि 11 मार्च को घर में घुसकर मारपीट करने वालों के खिलाफ थाना पुलिस ने एसपी से शिकायत के बाद रिपोर्ट दर्ज की। अब पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं और आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत करते हुए बताया कि आरोपी उसे झूठे मुकदमे में भी फंसाने की धमकी दे रहें हैं। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### डॉ. सुरेश मिश्र बने ब्रांड एंबेसडर

**शाहजहांपुर।** वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स की बैठक में सर्वसम्मति से जनपद रत्न से सम्मानित पूर्व वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र को ग्रुप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र को ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर संस्था की अध्यक्ष नीतू गुप्ता, अभिनय गुप्ता, तराना जमाल, रिद्धि बहल, डॉ. हेमेंद्र वर्मा, शाहनवाज खां समेत अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।


डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा

# पुलिस ने दो अगवा लड़कियों को रोडवेज बस अड्डे से किया बरामद

संवाददाता, पुवायां

● **ई रिक्शा चालक ले गया था हरियाणा, तीसरी लड़की अब भी लापता**

● **23 मार्च को लापता हो गईं थीं तीन बहनें, पहले गुमशुदगी फिर अपहरण में दर्ज हुई रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** 23 मार्च को क्षेत्र के गांव से तीन चचेरी बहनें लापता हो गई थीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पहले गुमशुदगी में मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद अपहरण में मुकदमे को तरमीम कर विवेचना शुरू की। रविवार देर रात रोडवेज बस अड्डे से दो लड़कियों को पुलिस ने बरामद कर लिया। अभी एक नाबालिग बरामद नहीं हुई है। तीनों को शहर का एक ई रिक्शा चालक हरियाणा ले गया था।

23 मार्च को पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी और उसके भाई की दो बेटियां घर से गायब हैं। उनका कोई पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन जब लड़कियों का कुछ पता नहीं चला तो अपहरण में मुकदमा तरमीम कर विवेचना जारी कर दी। इसी क्रम में पुलिस ने रविवार देर रात पुवायां के रोडवेज बस अड्डा से दो युवतियों को बरामद कर लिया है। वहीं बरामद हुई दो लड़कियों ने बताया कि उन्हें शाहजहांपुर में ई रिक्शा चलाने वाला युवक घर से ले गया था और उसने हरियाणा के झज्जर में एक किराए के मकान में रखा। जिस मकान में तीनों रहती थी। आरोपी ने वहां तीनों को अपनी बहन बताया था, लेकिन मकान मालिक को शक होने लगा। बार-बार पूछताछ करने लगा तो वह एक दिन एक लड़की को लेकर फरार हो गया और दोनों को छोड़कर चला गया। दोनों लड़कियां वहां से किसी तरह पुवायां पहुंची। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों को वहां से बरामद कर लिया।

### ई रिक्शा चालक का नाम है भूरा

बरामद हुई लड़कियों ने बताया कि उनकी एक बहन बरामद नहीं हो पाई है। लापता बहन शहर गई थी और उसकी एक ई रिक्शा चालक से मुलाकात हो गई। आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर दे दिया। दोनों की बात होने लगी। 22 मार्च को लड़की ने फोन कर दिया और ई रिक्शा चालक आया और तीनों को अपने साथ हरियाणा के झज्जर ले गया। वहीं तीनों को अपने साथ रखा। मकान मालिक ने ज्यादा सख़्ती की तो वह तीसरी नाबालिग किशोरी को लेकर फरार हो गया और इन दोनों को छोड़कर चला गया।

### बालिका से दुष्कर्म का प्रयास

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि रविवार की दोपहर दो बजे उसकी 10 साल की पुत्री गांव में खेल रही थी। आरोप है कि गांव का एक युवक उसकी बेटी को पैसे का लालच देकर आग के बाग में ले गया। आरोप है कि युवक ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसकी बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि आरोपी रामबहोरे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

दो लड़कियां बरामद हो गई हैं। कोई ई रिक्शा चालक इन्हें ले गया था। जल्द ही तीसरी लड़की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**-प्रदीप राय**, कोतवाल

## सार-संक्षेप

### कथावाचक ने राम जन्म का मुख्य प्रसंग सुनाया

**पुवायां।** संतरा नाथ मंदिर लखनापुर में चल रही राम कथा के तीसरे दिन प्रसिद्ध कथावाचक अंजनी शरण ने श्री राम जन्म का मुख्य प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि राम कथा रूपी गंगा में जो व्यक्ति सच्चे हृदय से डूब जाता है उसको मोक्ष मिलना तय है। राम कथा वाचक ने कहा कि जब तक धरती रहेगी तब तक राम कथा चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि कलयुग में राम कथा के मुख्य व्यवस्थापक हनुमान जी होते हैं। हम सब तो व्यवस्था के तहत निमित्त मात्र हैं। प्रसिद्ध राम कथा वाचक अंजनी शरण ने कहा कि संतरा नाथ मंदिर जैसे पवन धाम पर आयोजित हो रही राम कथा में आसपास के गांव से आ रहे श्रद्धालुओं व भक्तों से कहा कि भगवान सबकी सुनते हैं, लेकिन हम इंसान लोग अपने से ऊंचे बड़े लोगों की ही बात सुनते हैं। उन्होंने संगीत मयी राम कथा सुनाकर भावविभोर कर दिया। श्रीश्री 1008 अनिरुद्ध नंद तीर्थ जी महाराज, अंजनी शरण (कथा वाचक) के श्री मुख से राम कथा की अमृत वर्षा का रसपान करने के लिए भारी भीड़ भक्तों की पहुंच रही है। राम कथा के यजमान श्री आनंद त्रिवेदी, राजेश पांडेय, संतोष त्रिवेदी, आशीष वाजपेयी, रमेश वाजपेयी, शिवोम त्रिवेदी, प्रमोद वाजपेयी, ज्ञानेन्द्र त्रिवेदी, शिवदास मिश्रा व व्यवस्थापक राजेश शुक्ला का सहयोग रहा।

### श्री भगवान्नाम जप का 67 वां वार्षिकोत्सव शुरू

**पुवायां।** नगर में हरे राम पक्का तालाब पर 23 अप्रैल से तीन दिवसीय श्री भगवान्नाम जप के 67 वां वार्षिकोत्सव का आयोजन होगा। 25 तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रमुख संत, महात्माओं, विद्वानों द्वारा प्रवचन, रामायण पाठ तथा भजन कीर्तन किया जाएगा। इसके अलावा मथुरा वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का प्रदर्शन किया जाएगा। तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत सुबह हवन संपन्न होने के बाद सुबह सात बजे से नौ बजे तक नगर कीर्तन शोभा यात्रा देवस्थान मंदिर से प्रारंभ होकर हरे राम पक्का तालाब मंदिर परिसर में श्री राम नाम जप किया जाएगा। इसके बाद शाम पांच बजे से 9 :30 बजे तक भगवान श्री राम के भजन कीर्तन प्रवचन एवं उपदेश प्रमुख धार्मिक संत एवं विचारकों के द्वारा दिए जाएंगे। रात में 9 :30 बजे से 10 बजे तक आरती का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 9 :30 बजे से प्रभु इच्छा तक रासलीला का कार्यक्रम होगा।

### नेहरू इंटर कॉलेज के बच्चों ने पाए बेहतर अंक

**शाहजहांपुर।** नेहरू इंटर कॉलेज के हाईस्कूल के छात्र आशिक ने 81 .83 प्रतिशत, जरीन ने 81 .16 प्रतिशत, निखिल श्रीवास्तव ने 75 .66 प्रतिशत, नुपूर भारती ने 74 .66 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं इंटर की परीक्षा फिजा बानो ने 70 .04 प्रतिशत, आंशी मौर्या ने 67 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## रिश्तेदारी में आए युवक ने खाया जहर, हालत नाजुक

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** जनपद शाहजहांपुर के कस्बा निगोही निवासी जीतराम (35) पुत्र बसंत बरखेड़ा क्षेत्र के गांव भोपतपुर अपनी रिश्तेदारी में आया था। जहां सोमवार को किसी बात पर नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर रिश्तेदार उसे आनन-फानन में सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश गंगवार ने बताया कि मेमो के जरिए सूचना पुलिस को दे दी है।

# हाईवे पर सड़क हादसों में छह लोगों की हुई मौत, 13 घायल

## गजरौला, बीसलपुर, दियोरियाकलां, न्यूरिया और सुनगढ़ी इलाके में हुईं दुर्घटनाएं, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी बनी वजह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** आए दिन हादसे होने के बावजूद वाहनों की तेज रफ्तार पर लगाम नहीं लग रही है। सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी रामगोपाल (32) पुत्र जानकी प्रसाद खेती करते थे। रविवार रात को वह बाइक पर अपनी ससुराल ग्राम भिलैइया जा रहे थे। उधर, न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरौंसा निवासी अरुण कुमार, उनके पिता माखनलाल और उसी गांव के सादिकराम जिरोनिया से काम निपटाकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे।

असम हाईवे पर सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में सड़ा पुल के नजदीक लदपुरा गांव के पास दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर जा पहुंची। घायलों को फौरन जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान रामगोपाल की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी जिला अस्पताल पहुंच गए, जिससे कोहराम मचने लगा। उधर, घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

दूसरा हादसा गजरौला क्षेत्र में हुआ। बरखेड़ा क्षेत्र के गांव जिरोनिया निवासी शिवम (22) पुत्र देवकीनंदन और सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गौहनिया निवासी अरुण (21) पुत्र शिवराज रविवार रात करीब नौ बजे शादी में शामिल होने ग्राम बंजरिया जा रहे थे। असम हाईवे पर टोल प्लाजा से 300 मीटर आगे पहुंचने पर उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गश्त पर निकली यूपी 112 पुलिस ने सड़क पर पड़े दोनों युवकों को देख एंबुलेंस को सूचना दी। टोल प्लाजा की एंबुलेंस में दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

उधर, उन दोनों घर न लौटने पर परिवार वाले चिंतित हो गए। परिजनों को तलाशी के दौरान हादसे का पता चला। उन्होंने जिला अस्पताल की मोर्चरी जाकर शवों की शिनाख्त की। फिर तो दोनों परिवारों में चीख पुकार मच गई। अरुण की हाल ही में शादी हुई थी। जबकि शिवम अविवाहित था।



जिला अस्पताल परिसर में विलाप करते मृतकों के परिवार वाले। ● अमृत विचार



मृतक शिवम।



मृतक अरुण।

### गोवंश से टकराई बाइक, एक की मौत, दो लोग घायल

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमृता खास के निवासी आदित्य कुमार ने बताया कि उनके चाचा रविंद्र कुमार (37) पुत्र जगन्नाथ, रामऔतार पुत्र बाबूराम और श्रीपाल पुत्र विश्वनाथ रविवार को एक बाइक पर बरेली के भुता के ग्राम दौलतपुर डांडिया में दावत खाने गए थे। वहां से देर रात तीनों घर लौट रहे थे। बाइक रविंद्र चला रहे थे। अमृता खास चौराहे के पास पहुंचने पर उनकी बाइक अचानक सामने आए छुट्टा गोवंश से टकरा गई। इससे बाइक अनियंत्रित होने के बाद रोड से नीचे खाई में चली गई। इसमें तीनों लोग घायल हो गए। रविवार देर रात इलाज के दौरान रविंद्र कुमार की मौत हो गई। बाकी दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### कार की टक्कर से युवती की मौत, दंपती घायल

**न्यूरिया।** गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम नवदिया निवासी महेश कुमार (25) पुत्र छोटेलाल सोमवार दोपहर बाइक से अपनी ससुराल न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बिथरा जा रहे थे। साथ में उनकी पत्नी रचना (23) व साली मीरा (20) भी थीं। टनकपुर हाईवे पर ग्राम सैदपुर के पास पहुंचने पर उनकी बाइक में एक कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर जा पहुंची। तीनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मीरा को मृत घोषित कर दिया। जबकि दंपती हालत गंभीर बनी हुई है। एसओ न्यूरिया प्रदीप बिश्नोई ने बताया कि तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मैजिक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**बिठौराकलां।** असम हाईवे पर सड़ा पुलिस चौकी के पास मैजिक और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार नवदिया निवासी अजयपाल पुत्र मंगली प्रसाद घायल हो गए। वह एक राइस मिल में काम करते हैं। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में ले लिए। घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**दियोरियाकलां।** बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बिचपुरी निवासी कन्हई लाल ने बताया कि रविवार रात उनके रिश्तेदार बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बर्रामऊ निवासी श्रीपाल (24) पुत्र लौकीराम अपने साथी शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर निवासी अमित कुमार व रजनीश के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में उमराव सिंह इंटर कॉलेज के पास उनकी बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में तीनों को सीएचसी ले जाया गया। श्रीपाल को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज।

### बस ने बुग्गी को मारी टक्कर, दो लोग घायल

**बीसलपुर।** शाहजहांपुर मार्ग पर ग्राम गुलैदा चौराहे के पास सोमवार दोपहर निजी बस ने एक बुग्गी को टक्कर मार दी। हादसे में बुग्गी सवार बीसलपुर निवासी इमरान व मोहब्बत घायल हो गए। घोड़े को भी चोट आई। तांगा चालक नन्हेंलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने बस कब्जे में ले ली है।

## सर्राफ की स्कूटी से जेवर का थैला चोरी, तहरीर दी

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** नगर के एक सर्राफा व्यापारी के पुत्र की स्कूटी से चोर ने थैले में रखे जेवर और जरूरी कागजात चोरी कर लिए। व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला आनंद वाटिका निवासी रामसेवक राठौर पुत्र रामभजन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी निगोही रोड स्थित सर्राफा की दुकान है। सोमवार को लगभग दस बजे उसका पुत्र विमल कुमार स्कूटी पर थैला रखकर दुकान खोलने लगा। इसी बीच किसी चोर ने उसका झोला चोरी कर लिया। जिसमे लगभग एक तोला सोने के जेवर और उसकी खाताबही, आधार कार्ड, अलमारी की चाबी, एटीएम कार्ड, चेक बुक आदि कागजात थे। जब उसने पीछे स्कूटी की तरफ देखा तो उसका थैला गायब था। जिसके बाद उसने घटना की जानकारी अपने पिता को दी। मौके पर पहुंचे उसके पिता ने इधर उधर तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और व्यापारी और आस पास के दुकानदारों से जानकारी की, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। कोतवाल ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### शीशा तोड़कर बैटरी चोरी

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना के गांव चिनौर निवासी कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार रात नौ बजे घर के बाहर कार खड़ी कर दी थी। सोमवार की सुबह नौ बजे उठे तो देखा कि कार की पिछली सीट का शीशा टूटा हुआ था। कार में लगी बैट्री चोरी थी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## बुलेट बाइक और चेन के लिए बहू को घर से निकला

**कलान, अमृत विचार:** दहेज लोभियों ने बुलेट और सोने की चेन की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के पिता की ओर से मामले की तहरीर दी गई है।

क्षेत्र के गांव वंहाई नौगवा मुबारिकपुर निवासी रामप्रकाश यादव ने थाने पर दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी पुत्री मालती की शादी 11 मई 2023 को विक्रमपुर निवासी सुभाष उर्फ गोलू पुत्र राम रईस यादव के साथ की थी, जिसमें सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज भी दिया था लेकिन शादी के बाद से ससुराली बेटी पर बुलेट और चेन लाने का दबाव डालते थे। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराली आए दिन बेटी को मारते थे। शनिवार को ससुरालियों ने दहेज को लेकर मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने सोमवार को ससुरालियों के विरुद्ध तहरीर देकर थाना प्रभारी प्रवास चंद्र से न्याय की गुहार लगाई है।

## लखनऊ प्राणि उद्यान भेजा गया जख्मी बाघ

- प्रभागीय वनाधिकारी की देखरेख में टीम सोमवार सुबह बाघ को लेकर हुई रवाना
- एक दिन पूर्व महोफ रेंज से सटे इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कैद किया था बाघ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** महोफ रेंज के समीप रविवार को रेस्क्यू ऑपरेशन कर कैद किए गए जख्मी बाघ को लखनऊ प्राणि उद्यान भेजा गया है। वहां विशेषज्ञों की टीम जख्मी बाघ का इलाज करेगी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सोमवार सुबह उप प्रभागीय वनाधिकारी के नेतृत्व में टीम बाघ को लेकर रवाना हो गई।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में सप्ताह भर पूर्व एक बाघ लंगड़ाकर चलते देखा गया था। इसके बाद दो टीमों ने निगरानी शुरू कर दी थी। रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे जख्मी बाघ को महोफ रेंज से सटे मल्लपुर इलाके में देखा गया। दिनभर निगरानी के बाद शाम को डिप्टी डायरेक्टर के नेतृत्व में चलाए गए रेस्क्यू आपरेशन के दौरान बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पिंजड़े में कैद कर लिया गया।

इसके बाद जख्मी बाघ को रेंज लाया गया। डिप्टी डायरेक्टर ने बाघ के रेस्क्यू होने और उसके पैर की स्थिति के संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव को जानकारी दी। इस पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव ने बाघ की स्थिति के संबंध में विशेषज्ञों से राय मशविरा किया। इसके बाद उन्होंने डिप्टी डायरेक्टर को जख्मी बाघ को लखनऊ प्राणि उद्यान भेजने के निर्देश दिए। इधर, सोमवार सुबह करीब छह बजे चार सदस्यीय टीम की देखरेख में जख्मी बाघ को लखनऊ प्राणि उद्यान के लिए रवाना कर दिया गया। टीम में सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, पीटीआर के पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार, वन दरोगा नवीन सिंह बोरा, फारेस्टगार्ड कौशलेंद्र यादव शामिल हैं। सोमवार शाम बाघ को लखनऊ प्राणि उद्यान के अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया गया।



पिंजड़े में कैद बाघ।

> रेस्क्यू किए गए बाघ के संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव को जानकारी दी गई। उन्होंने बाघ का लखनऊ प्राणि उद्यान भेजने के निर्देश दिए। जिस पर चार सदस्यीय टीम की देखरेख में बाघ को लखनऊ प्राणि उद्यान भेजा गया है।
>
> – मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

## सार-संक्षेप

### घर में फंदे पर लटका मिला बुजुर्ग का शव

**पीलीभीत।** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी ईदगाह निवासी सत्यपाल (70) काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनके दो पुत्र और पांच पुत्रियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। बड़ा पुत्र जयवीर महाराष्ट्र में मजदूरी करता है। सत्यपाल व उनकी पत्नी धनदेवी छोटे बेटे दीपक के साथ रहते हैं। 20 अप्रैल को उनके एक रिश्तेदार की शादी थी। सत्यपाल की पत्नी धनदेवी और छोटा बेटा दीपक शाहजहांपुर जनपद के खुदागंज क्षेत्र के ग्राम मोईना शादी समारोह में गए थे। घर में सत्यपाल अकेले थे। सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पत्नी और छोटा बेटा घर लौटे तो घर का दरवाजा भीतर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद जब कोई जवाब नहीं मिला तो परिजन को अनहोनी की आशंका हुई। इस बीच आसपास के लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दरवाजा तोड़कर पुलिस और परिजन घर के अंदर पहुंचे। उन्होंने देखा तो कमरे में सत्यपाल का शव तहमद से बने फंदे पर लटका था। फिर तो परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजनों का कहना है कि पड़ोस के कुछ लोगों से उनका विवाद चल रहा है। इसी रंजिश में हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। परिजन ने शव के पैर जमीन से छूने पर भी सवाल उठाए। पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### लापता ग्रामीण का शव सड़क किनारे पड़ा मिला

**बिलसंडा।** बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव गौहनिया में गणेश धर्म कांटा के पास सड़क किनारे एक ग्रामीण का शव सोमवार सुबह पड़ा मिला। इसका पता लगने पर कुछ ही देर में मौके पर राहगीर जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर जा पहुंची। छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इसका पता लगने पर नौगवां संतोष निवासी वीरेश कुमार ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त अपने पिता छत्रपाल (42) के रूप में की। वीरेश ने बताया कि उसके पिता रविवार शाम को घर से निकले थे, जिसके बाद नहीं लौटै। इंतजार करने के बाद परिजनों ने काफी तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था। उन्होंने किसी तरह की रंजिश से होने से इनकार कर दिया। उन्होंने इतना बताया कि उनकी मां की मौत के बाद से पिता परेशान थे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

**खुटार।** क्षेत्र के गांव सौफरी निवासी महेश का पुत्र संजीव कुमार सोमवार को बाइक लेकर किसी काम से कस्बा पुवायां जा रहा था। दिन में करीब ग्यारह बजे खुटार पुवायां रोड पर रौतापुर कलां मोड़ के समीप पेट्रोल पंप के सामने वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे की खबर लगते ही उसके परिजन अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर ने घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दंपती को पीटकर किया घायल

**मदनापुर।** थाना क्षेत्र के गांव करनपुर पडरी निवासी रेनू देवी ने बताया कि 20 अप्रैल की रात नौ बजे खेत से गेहूं काटकर घर पर आई। वह घर के बाहर दरवाजे पर बैठी हुई थी। पड़ोसी सुखवीर उसके दरवाजे पर आया और गाली देने लगा। आरोपी ने अपने साथियों को बुला लिया और घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुस आया। आरोप है कि उसे तथा उसके पति रामदीन को डंडे से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। घायल रामदीन को मेडिकल कॉलेज में भती कराया गया। पुलिस ने आरोपी सुखबीर, गुड्डू, धनवीर, महावीर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ
उत्तर प्रदेश व भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
महेन्द्र गायत्री नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी कालेज
धनवन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
फतेहगंज पश्चिमी, बरेली मो. 7599203105
G.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट, अंग्रेजी अनिवार्य
A.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट
B.Sc. Nursing योग्यता-इण्टरमीडिएट, बायो ग्रुप
DIPLOMA O.T. ❖ DPT ❖ D.OPT.
योग्यता-इण्टरमीडिएट, मैथ या बायो ग्रुप
D. Pharma 12th Pass Science Side
B.A.M.S.
● उच्च शिक्षा ● उच्च प्रैक्टिस ● उच्च क्लीनिक ट्रेनिंग

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
क्षारसूत्र चिकित्सा (धागा विधि)
सही उपचार आयुर्वेद के साथ
धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज
दिनांक: 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
• शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/मस्से/Piles)
• गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/भगन्दर)
• कब्ज़ की शिकायत रहना
• शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
• बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
• धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
डॉ. राहुल कुमार B.A.M.S., M.S. (Ayu) DSRRAU JODHPUR
निःशुल्क परामर्श
निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा
जांचों में 50% तक छूट
डॉ. गीता B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं.-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
कार्डियोलॉजी (हृदय रोग) विभाग प्रत्येक बृहस्पतिवार
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में। वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, चालान भेजा

**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव पुलिस ने पिटाई कर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। एसओ नीमगांव श्रद्धा सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव लखनियापुर निवासी हरिओम पर मारपीट कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस आरोपी को तलाश रही थी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

## मारपीट कर डाला गर्म दूध, तहरीर दी

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनपुर निवासी अतुल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सोमवार की सुबह वह अपने घर में दूध गर्म कर रहा था, तभी एक युवक अपने एक साथी के साथ उसके घर दाखिल हो गया और लोहे की रॉड से उस पर हमला कर घायल कर दिया। वह गिर गया तो उस पर गर्म दूध भी डाल दिया जिससे वह गम्भीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजकर छानबीन शुरू कर दी है।

## दावत खाते समय कटोरी मांगी तो दिव्यांग को पीटा

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव महद खास निवासी दिव्यांग शिवकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार को अमरैया कलां गांव अपनी रिश्तेदारी में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां खाना खाते समय सब्जी लेने के लिए उन्होंने खाली कटोरी मांगी। इस पर लोगों ने कटोरी देने से मना कर दिया। विरोध पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी गई।

# स्कूली वाहन को डंपर ने मारी टक्कर सात बच्चों समेत नौ लोग हुए घायल

## गंभीर घायल दो बच्चों, चालक व शिक्षिका को शाहजहांपुर रेफर किया



डंपर की टक्कर से दुर्घटनाग्रस्त स्कूली वाहन। ● अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** थाना पसगंवा थाना क्षेत्र में मोहम्मदी शाहजहांपुर मार्ग पर सोमवार दोपहर स्कूल वैन में डंपर ने टक्कर मार दी। इससे बच्चों में चीख पुकार मच गई। स्कूल वैन काफी क्षतिग्रस्त हुई है। हादसे में सात बच्चे, वाहन चालक और एक शिक्षिका घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सभी घायलों को स्थानीय और शाहजहांपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। चालक की हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर किया गया है।

सोमवार दोपहर करीब तीन बचे पीबी इंटर कालेज बरैंचा के छात्रों को ले जा रही क्वालिस गाड़ी में ग्राम खजुआ के पास डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। क्वालिस आगे जा रहे डंपर में टकरा गई। हादसे के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग आ गए। ग्राम सुकुरूद्दीनपुर निवासी सोजल ( पुत्री अंगद, सोनम पुत्री संजीव सिंह, सूर्यांश पुत्र राजेश कुमार, सुनैना पुत्री राजेश, ग्राम कोटा मुगल निवासी समीर अली पुत्र युनुस, इकरा खां पुत्री जीशान, आदर्श पुत्र दाताराम के अलावा गाडी चालक रेहान निवासी लखनपु और शिक्षिका शुचि पुत्री अरविंद यादव निवासी ग्राम बहेलिया खेड़ा थाना पसगवां घायल हो गए।

- शाहजहांपुर से चालक को बरेली रेफर किया गया, शाहजहांपुर-मोहम्मदी रोड पर हुआ हादसा



डरा सहमा छात्र।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्कूल प्रबंधक मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को सीएचसी भावलखेड़ा लाया गया। डॉक्टर ने हालत गंभीर देखकर आदर्श , समीर,ड्राइवर रेहान और शिक्षिका शुची को शाहजहांपुर रेफर कर दिया, जहां से चालक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बरेली भेजा गया है। सामान्य चोटों वाले बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। स्कूल के प्रबंधक फिरोज खां ने बताया चालक रेहान अपनी गाड़ी से क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय लाता-ले जाता था।



बच्चों का हालचाल लेने भावलखेड़ा सीएचसी पहुंचे सीओ और एसडीएम मोहम्मदी।



घायल बच्चे से घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**पलियाकलां।** पलिया-संपूर्णानगर रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही साइकिल में टक्कर मार दी, हादसे में साइकिल चला रहे दयाराम (56) निवासी मरौंचा गंभीर रूप से घायल हो गए। वह अपने किसी काम से पलिया जा रहे थे। सीएचसी में हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, पुत्र घायल

संवाददाता, भानपुर-खीरी

**अमृत विचार :** कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई जबकि उसका पुत्र गंभीर घायल हो गया। ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए जबकि कार खाई में पलट गई।



महेश पाल सिंह।

सोमवार की सुबह चूरा टांडा गांव निवासी महेश पाल सिंह भगौना, किस्ती,प्लेट,भट्ठी आदि सामान ई-रिक्शा में लेकर अपने गांव आ रहे थे। ई-रिक्शा पर उनका पुत्र अवनीश भी सवार था। हाशिम टांडा क्रेशर के पास सामने से तेज रफ्तार आ रही महिंद्रा एक्सयूवी ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज हुई कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। कार और ई-रिक्शा सड़क के किनारे पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक महेश पाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उनका पुत्र अवनीश सिंह घायल हो गया। महेश पाल सिंह का चार साल पहले सड़क दुर्घटना में एक पैर कट गया था। परिजनों ने अवनीश को अस्पताल में भर्ती कराया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता ,मूड़ा सवारान

**अमृत विचार:** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पहाड़ापुर में कारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई जिसमें परिजन बीस दिन पूर्व हुए झगड़े में मारपीट के कारण हुई मौत का हवाला देते हुए गांव के ही तीन लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें से पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक फरार है।



मृतक उमेश कुमार।

वहीं मृतक की बहन नेहा पांडे जिद पर अड़ी थी कि जब तक तीसरा आरोपी भी पकड़ा नहीं जाएगा तब तक वह अपने भाई का अंतिम संस्कार नहीं करेंगी। जिसका शव 48 घंटे के ऊपर हो जाने के बाद भी घर में रखा रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजेंद्र कुमार ने परिजनों को समझाबुझाकर शव का अंतिम संस्कार करवा दिया है।

थाना भीरा की ग्राम पंचायत रूदपुर गुलरिया के मजरा पहाड़ापुर निवासी शिवदुलारे पांडे का पुत्र उमेश कुमार अपने घर में अकेला था। तीन अप्रैल को वह घर में घायल मिला था। उसे इलाज के लिए पहले ओयल ट्रामा सेंटर ले गए जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया था, उसका इलाज लखनऊ में चल रहा था। उमेश की बहन नेहा पांडे ने 18 अप्रैल को पड़ोस के ही रहने वाले अनुराग सक्सेना एवं कुलदीप कुमार पांडे व कुलदीप की पत्नी कीर्ति पांडे को नामजद करते हुए भीरा थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। शनिवार को लखनऊ में उमेश की मौत हो गई।

परिजन रविवार को परिजन शव को पहाड़ापुर गांव ले आए लेकिन अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस तुरंत एक्शन में आई और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक फरार हो गया था। मृतक की बहन का कहना है कि जब तक तीसरा आरोपी कुलदीप भी पकड़ा नहीं जाएगा तब तक वह अपने भाई का अंतिम संस्कार नहीं करेंगी। मृतक का शव 48 घंटे तक घर में ही पड़ा रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला, फूलबेहड एवं मैलानी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनो को काफी समझाने के बाद शव का अंतिम संस्कार करा दिया।

- 48 घंटे बाद पुलिस के समझाने पर माने परिजन, किया अंतिम संस्कार
- तीसरे आरोपी को पकड़ने की मांग को लेकर अड़े

> तीन अप्रैल की घटना थी जिसकी 18 अप्रैल को तहरीर दी गई। तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है। तीसरे आरोपी को पकडने के लिए पुलिस टीम बराबर दबिश दे रही है। परिजनों को समझा बुझाकर अंतिम संस्कार करवा दिया गया है।
>
> – पंकज कुमार त्रिपाठी थाना प्रभारी भीरा।

## बरात गए युवक के पेट में घोंपा चाकू

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव रमुआपुर सत्ती निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह अपने गांव के अंकित वर्मा की बरात में शामिल होने गांव त्रिकोलिया पुरवा गया था। वह अपनी गाड़ी के पास खड़ा था। इसी बीच त्रिकोलिया पुरवा निवासी विकास वर्मा आया और बेवजह गाली गलौज करने लगा। उसने गाली देने से मना किया। इस पर वह भड़क गया और चाकू निकालकर हमला कर दिया और भाग निकला। चाकू उसके पेट में लगा। खून से लथपथ प्रमोद कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंजीकरण – मुफ्त





विश्व मलेरिया दिवस
के उपलक्ष्य में
नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर
25 अप्रैल 2024, प्रात: 09 बजे से 03 बजे तक
कैम्प में मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें :-
● खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
● लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
● गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
● हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। ● डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
● भर्ती एवं पलंग मुफ्त। ● ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
● मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
● बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
● मलेरिया (Card) टेस्ट मात्र 100/- रूपये।
● X-Ray मात्र 150/- रुपये। ● C.T. (Head) मात्र 800/- रुपये। ● M.R.I. (Brain) मात्र 2000/- रुपये।
● I.C.U. और वेंटिलेटर की सुविधा 24 घण्टे सस्ते दरों पर उपलब्ध।
अन्य सुविधायें
● परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 रूपये में 1 वर्ष के लिए मान्य।
● आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज।
● अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000 रूपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
● डायलिसिस की सुविधा सस्ती दरों पर उपलब्ध।
● ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा।
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित

## गेहूं बेचने नेपाल गए तीन भारतीय गिरफ्तार

**पलिया कलां।** भारतीय सीमा क्षेत्र के एक गांव से दो डनलपों में 37 क्विंटल गेहूं भरकर नेपाल बेचने गए तीन भारतीय नागरिकों को भंसार जमा न होने पर नेपाल पुलिस ने पकड़ लिया और त्रिनगर कैलाली प्रहरी को सौंप दिया। भारत -नेपाल सीमा पर स्थित कोतवाली गौरीफंटा के थारु ग्राम कजरिया निवासी रामशरण राना अपने दो अन्य साथियों के साथ नेपाल में गेहूं बेचने गए थे। नेपाली पुलिस ने गेहूं भरे डनलपों के भंसार जमा करने के बारे में जब उनसे पूछताछ की और कागज मांगे, तो तीनों नागरिक कोई उत्तर नहीं दे सके। न ही कोई कागजात दिखा सके। इस पर नेपाली पुलिस ने दोनों डनलपों में भरा 37 क्विंटल 17 किलो गेहूं व चार पशुओं सहित तीनों भारतीय नागरिकों को पकड़कर कैलाली भंसार कार्यालय त्रिनगर प्रहरी को सौंप दिया है। पकड़े गए गेहूं व डनलपों की कुल कीमत 281510 नेपाली रुपये बताई गई है।

# निर्माणाधीन टंकी के कमरे में लटका मिला मजदूर का शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- परिवार वालों ने जताई हत्या की आशंका

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला फत्तेपुर में निर्माणाधीन पानी की टंकी के एक कमरे में युवक का शव लटका देखे जाने से सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

शहर के मोहल्ला फत्तेपुर में पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। उसी परिसर में एक कमरा भी बना हुआ है। थाना खीरी के गांव लगुचा निवासी सुमित कुमार वहीं मजदूरी करता था, लेकिन वह 20 दिनों से मजदूरी करने नहीं आया था। सोमवार को उसका शव पानी की टंकी परिसर में बने एक कमरे में लटका मिला। इससे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। खबर पाकर उसके परिजन भी पहुंच गए। सुमित के चाचा हरि ने बताया कि उनके भतीजे की किसी ने हत्या की है। बाद में शव फंदे से लटका दिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही पता चल सकेगा।

## आबकारी इंस्पेक्टर ने सेल्समैन से मारपीट की

**बिजुआ, अमृत विचार:** मुड़िया हेमसिंह निवासी कमलेश कुमार पुत्र रामचंद्र कस्बा बिजुआ की देसी शराब दुकान पर सेल्समैन है। कमलेश ने आरोप लगाया कि 21 अप्रैल को शाम के समय दुकान पर पहुंचे सर्किल के आबकारी इंस्पेक्टर ने अभद्रता करते हुए रजिस्टर की जांच पड़ताल की और रुपयों की मांग करने लगे। मना किया तो, आबकारी इंस्पेक्टर आग बबूला हो गये और लाइसेंस को निरस्त करने और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हुए पास-पड़ोस के दुकानदारों के सामने जमकर पिटाई की। सारी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज सेल्समैन के पास सुरक्षित है। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत जिलाधिकारी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैने अपने पुत्र राजेन्द्र व पुत्रवधु राजवती को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से वेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। वह दोनो अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगें। **रमेश पुत्र मैकूलाल, 252, जज साहब का हाता, स्टेट बैंक के पास, सुभाषनगर, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सलमान एवं उसकी पत्नी नरगिस उर्फ गुड़िया को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **एहसान बक्श पुत्र बच्चू निवासी मौ. अंसारी वार्ड नं. 7 कस्बा फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्कूल के अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम भूलवश SMAIRA MALIK दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि उसका वास्तविक नाम SAMAIYRA MALIK (समायरा मलिक) है। भाविष्य में मेरी पुत्री को समायरा मलिक के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **मो. मुशर्रफ पुत्र श्री अखलाक अहमद निवासी ग्राम कुर्रा मु., पीलीभीत।**

आवश्यकता है
शिक्षक/शिक्षिकाओं की
कक्षा NC से 8 तक
हिन्दी, अंग्रेजी, मैथ का ज्ञान हो।
आवेदन सहित शीघ्र सम्पर्क करें
Hena Convent School
Nadosi (C.B. Ganj)
Rampur Road, Bareilly
Mob : 9760936161, 7466921242

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी
भारतीय भेषजी परिषद् (PCI) से मान्यता प्राप्त
डी.फार्म/बी.फार्म
यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
डी एम एल टी / एक्स-रे
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
हम मेडिकल कॉलेज के सहयोग से अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। और स्वास्थ्य देखभाल में भविष्य के प्रयासों के लिए छात्रों को विकसित करते हैं। हम फार्मास्युटिकल उद्योग की चुनौतियों का ध्यान रखते हुए छात्रों को समाज की सेवा करने के लिए शिक्षित करते हैं। हम अपने छात्रों को एग्जिट परीक्षा जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। अनुभवी और समर्पित संकाय हमारे संस्थान की पहचान हैं, जो छात्रों को शोध प्रकाशित करने और पेटेंट प्राप्त करने में लगातार मदद कर रहे हैं। साथ ही अच्छे संस्कार भी देते हैं।
सीधा प्रवेश
सत्र 2024-25
100% प्लेसमेंट
प्रवेश हैल्पलाईन : 9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
वेबसाइट :- www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

# पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव तो मचा कोहराम

संवाददाता, केशवापुर/बिलहरी

**अमृत विचार:** गोला-सिकंदराबाद मार्ग पर बेलाबोझी के निकट रविवार की देर शाम सड़क हादसे में मारे गए एक ही गांव के दो युवकों के शव पोस्टमार्टम के बाद जब गांव पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव देखकर बिलख पड़े। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा छाया रहा। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में शवों का अंतिम संस्कार कर दिया।



रोते-बिलखते परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण। ● अमृत विचार

- सड़क हादसे में एक ही गांव के दो लोगों समेत तीन की हुई थी मौत, तीन की हालत गंभीर, चल रहा उपचार

हादसा रविवार की रात थाना नीमगांव क्षेत्र में हुआ था। गांव बेलाबोझी के निकट सिकंद्राबाद की तरफ से आ रहे ट्रक ने दो बाइकों में टक्कर मार दी थी। हादसे में श्रवण पुत्र पुष्कर निवासी पिपरा थाना नीमगांव, सूरज कुमार (19) पुत्र राकेश यादव निवासी कोडरी थाना गोला की मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल ले जाते समय इंद्रजीत (18) पुत्र चन्द्रप्रकाश निवासी कोडरी थाना गोला ने भी दम तोड़ दिा था। दुर्घटना में दिनेश पुत्र मिश्रीलाल निवासी परसेहरा की स्थिति नाजुक बनी हुई है, इन्हें लखीमपुर के सृजन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।


कोतवाली क्षेत्र के गांव कोड़री निवासी उपेंद्र (23) पुत्र इंद्रपाल, विकास (20) पुत्र महावीर का इलाज लखनऊ मेडिकल कालेज लखनऊ में चल रहा है। तीनों घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घायल उपेंद्र की बहन की शादी 25 अप्रैल को होनी है, स्थिति बेहद नाजुक होने से परिवार गमजदा है। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर तीनों शव पुलिस को सौंप दिए थे। परिवार के लोग जब दोनों शव लेकर गांव कोडरी पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग शवों से लिपटकर फूट-फूटकर रोने लगे। गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। उधर श्रवण का शव जब उसके घर पहुंचा तो परिवार के लोग बिलख पड़े।

# धर्म दर्शन

## चारों वेदों के ज्ञाता थे हनुमान

**भगवान श्रीराम का वन गमन धरती पर ज्ञान, शील, आदर्श, संस्कार, नैतिकता आदि गुणों की स्थापना के लिए माता सरस्वती की इच्छा से हुआ। देवताओं के कहने पर मां सरस्वती मंथरा के मस्तिष्क में प्रवेश कर गयी थीं। वन में पत्नी सीता के हरण के बाद भगवान श्रीराम की भेंट ऋष्यमूक पर्वत पर रहने वाले सुग्रीव के मंत्री श्रीहनुमान से होती है। श्रीराम हनुमानजी से पहली मुलाकात में ही जान जाते हैं कि हनुमान चारों वेदों के ज्ञाता हैं।**

वाल्मीकि रामायण के किष्किन्धाकाण्ड के तृतीय सर्ग के 29 से 36 तक के श्लोक में खुद श्रीराम कहते हैं कि 'लक्ष्मण! हनुमान की बातों से प्रकट होता है कि इन्हें चारों वेदों, भाषा, व्याकरण का उत्कृष्ट ज्ञान है।' श्रीराम को उस पात्र की तलाश थी जिसके माध्यम से वे ज्ञान के प्रकाश को धरती के कोने कोने तक अधिष्ठापित कर सकें। रावण द्वारा ज्ञान के नकारात्मक प्रयोग को सकारात्मक बनाने के लिए ही भगवान ने हनुमान जी को लंका भेजा जिन्होंने मन-बुद्धि-चित्त और अहंकार से उत्पन्न विकृतियों को जलाने का काम किया।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर


दरलसल सत्ययुग में देवताओं का स्मरण करने से वे पृथ्वी पर आ जाते थे। इसका आशय है कि पृथ्वी पर ज्ञान का महत्व था। ज्ञान के बल पर दस मूर्त इंद्रियों एवं 4 मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार जैसे अमूर्त रूप में तालमेल बना रहता है। लेकिन युग में आए बदलाव के चलते त्रेतायुग में देवताओं का मंत्रों से जब आवाहन किया जाता था, तब देवता आते थे। इन मंत्रों का प्रयोग उच्च जीवनशैली जीने का विधिक तरीका है। लेकिन समय हमेशा बदलाव लाता है। द्वापर में यज्ञ-अनुष्ठान से देवता आते रहे। यज्ञ-अनुष्ठान व्यक्ति को कर्म से जोड़ता है। त्रेता का ज्ञान और द्वापर का कर्म ही विकास की प्रक्रिया है। युग बदला। भौतिक पदार्थों की महत्ता वाले कलियुग में सदाचरण से भगवान को वश में करने के लिए शास्त्रों ने ज्ञान, कर्म के साथ निर्मल मन तथा भाव बनाने पर जोर दिया। परपीड़ा से बचने के लिए भगवान के सद्गुणों का निरन्तर चिंतन करने पर बल दिया।



इस प्रकार श्रीराम का वनगमन का उद्देश्य प्रकृति से जुड़े रहने का भी सन्देश है। विज्ञान के वर्तमान युग में भगवान श्रीराम का श्री हनुमान को गले लगाने का आशय भी महर्षि पतंजलि के योग शास्त्र की महत्ता को प्रतिपादित करता है। श्री हनुमान पवन के पुत्र हैं। गोस्वामी तुलसीदास के 'हरि प्रेरित तेहि अवसर चले मरुत्त उनचास' (सुंदरकांड, 25) से स्पष्ट है कि पवन में उनचास प्रकार के गैसतत्व हैं। हनुमान जी प्राणतत्व (आक्सीजन) के रूप में हैं जिसके शरीर में प्रवेश करने पर विकार रूपी व्याधियां नष्ट होती है। हनुमानचालीसा में 'अस कहि श्रीपति कंठ लगावें' से भी स्पष्ट होता है कि मनुष्य के कंठ में स्थित थायराइड ग्लैंड मॉनव शरीर की बेहतरी में महत्त्वपूर्ण कार्य करता है। यह ऐसा ग्लैंड है जहां से T3, T4 नामक हार्मोन्स बनता है जो पूरे तन-मन को स्वस्थ करता है। यही हार्मोन्स ऋषियों की दृष्टि में 'श्रीहरि' जैसा है। दस इंद्रियों वाले इस शरीर में पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति का योग ही सबसे सशक्त माध्यम है तो भगवान श्रीराम के वनगमन का आशय प्रकृति से जुड़ना परिलक्षित होता है तथा वायुमंडल में व्याप्त 15 प्रतिशत प्राणवायु (आक्सीजन) की महत्ता की ओर इंगित करता है। चारों वेदों का पूरा ज्ञान न भी हो सके तो शस्त्रों में सदाचार के जो तौर-तरीके बताए गए हैं, उनपर अमल करने का किंचित प्रयास भी हनुमान जी की उपासना है। क्योंकि इसी से 'बल-बुधि-विद्या देहि मोहिं' को साकार किया जा सकता है। हनुमानचालीसा में 'भूत-पिशाच निकट नही आवें' चौपाई में जिस भूत और पिशाच का जिक्र है वह मानसिक विकारों से मुक्ति की ओर इंगित करता है। भूत जहां भ्रांति का सूचक है वहीं पिशाच यज्ञ-अनुष्ठान में व्यवधान डालने वाले राक्षस को नहीं कहते बल्कि जो मस्तिष्क का खून पीता है, उसे बताया गया है। काम-क्रोध-मद-लोभ ऐसे मानसिक पिशाच जीवन को नारकीय बनाते हैं। रावण से युद्ध में लक्ष्मण को शक्तिबाण लगने पर आई मूर्छा को हनुमान जी प्राकृतिक ढंग से संजीवनी बूटी लाकर करते हैं। लक्ष्मण के शरीर में विषैले गैसों से आई मूर्छा के इस उपचार को वर्तमान मेडिकल साइंस के मरणासन्न व्यक्ति को तत्काल आक्सीजन गैस के उपचार की पद्धति से लिया जाना चाहिए। प्रकृति के देवता शंकर के 11वें अवतार से भी स्पष्ट है कि हनुमान की कृपा से दसों इंद्रियों के साथ ग्यारहवें मन को शुद्ध एवं पवित्र रखा जा सकता है।


## विश्व का भरण-पोषण एवं कल्याण करने वाले अग्निदेव

सवितादेव (सर्वश्रेष्ठ परमात्मा अपने संकल्प शक्ति से) सृष्टि रचना के समय प्रारंभ में मनस्तत्व एवं धी अर्थात् बुद्धि अथवा धारणा-शक्ति का विकास करके, अग्नि से ज्योति जाग्रत करके, उनसे भूमंडल को भर देते हैं। सर्व प्रेरक के रूप में वही सवितादेव व्यापक प्रकाश को समस्त विश्व में फैलाने के लिए सूर्य आदि देवों को प्रखर सामर्थ्य से ओतप्रोत कर देते हैं। एक मात्र वह परमात्म चेतना ही समस्त कर्मों का ज्ञाता है और संपूर्ण विश्व का सृजेता एवं धारणकर्ता है। सब के प्रकाशक उन सविता देवता की स्तुति माहिमामयी है। जिन सवितादेव के कर्म, महिमा और सामर्थ्य शक्ति का अन्य सभी देवता अनुभव करते हैं, जो अपनी उत्पादक-क्षमता से संपूर्ण लोकों के रचयिता है, वे स्रष्टा रूप सवितादेव अपनी सृजनशीलता से इस विश्व ब्रह्माण्ड में सर्वत्र संव्याप्त हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे सवितादेव! यज्ञीय कर्मों की प्रेरणा आप सभी को दें। यज्ञ कर्म संपादित करने वालों को ऐश्वर्य-संपदा से युक्त करके सत्कर्म की ओर प्रेरित करें। दिव्य ज्ञान के संरक्षक, वाणी के अधिपति आप हमारे ज्ञान में पवित्रता का संचार करें और हमारी वाणी में मधुरता का समावेश करें। आप देवों के पोषक, मैत्री भाव के विस्तारक, यज्ञीय ऊर्जा के संयोजक और सुख समृद्धि प्रदान करने वाले हैं। आप हमारे इस यज्ञ को सफल बनाएं। श्रेष्ठ भावना से युक्त हमारी इस आहुति को स्वीकार करें। दिव्य प्रकाश के रूप में अखिल ब्रह्मांड में व्याप्त, तिरछी ज्योति से फैलने वाले, दीर्घकाल तक व्यापक विस्तार करने वाले हे अग्ने! अन्नादि आहुतियों से शक्तिशाली और प्रत्यक्षतः दृश्यमान आपको, योगस्थ मन से घृत द्वारा यज्ञ हेतु प्रज्वलित करते हैं। आप नष्ट न होने वाली ज्वालाओं से, इस प्रदत्त आहुति को ग्रहण करें।



अखिल विश्व का भरण-पोषण एवं कल्याण करने वाले हे अग्निदेव! सर्वप्रथम अथवा ऋषि ने आपको भली प्रकार मंथन द्वारा उत्पन्न किया और सम्मानपूर्वक उच्च स्थान पर स्थापित किया। हे होता रूप अग्निदेव! सब कर्मों के ज्ञाता आप अपने प्रतिष्ठित स्थान को सुशोभित करें और श्रेष्ठ कर्मरूपी यज्ञ को संपन्न करें। देवों की तरह तृप्त करने वाले हे अग्ने! आप याजकों द्वारा प्रदत्त आहुति से देवताओं को आनंदित करते हुए याजकों को धन-धान्य एवं दीर्घायुष्य प्रदान करें। आप मधुर, स्निग्ध, रसरूप जल को उत्पन्न करें जो वृष्टि द्वारा पृथ्वी को सिंचित करे। उससे उत्पन्न हुई फलवती औषधियां याजक के रोगों को रोकने में समर्थ हों।

ऊर्ध्वमुख (यज्ञकुंड) से युक्त हे पृथिवि! आपका जो विशाल हृदय है, आप उसको मातृवत् प्राणशक्ति की संचारक वायु, जल एवं वनस्पतियों से पूर्ण करें। हे वायुदेव! आप दिव्य प्राण-ऊर्जा के साथ संचालित होते हैं, अतः यह पृथ्वी आपके निमित्त कल्याणप्रद हो। हे अग्निदेव!

सर्वोत्पादक सविता देवता जिस प्रकार अंतरिक्ष से हम सब की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार आप भी ऊंचे उठकर अन्न आदि पोषक पदार्थ देकर हमारे जीवन की रक्षा करें। मंत्रोच्चारण पूर्वक हवि प्रदान करने वाले याजक आपके प्रज्वलित स्वरूप का आवाहन करते हैं।

शाश्वत, सत्यस्वरूप, अविनाशी अग्निदेव को अंगिरा के समान ही हम परिपुष्ट करते हैं। हे समस्त ओषधिरूप हवियों! आप मंगलमय यज्ञकुंड में स्थित अग्निदेव को समर्पित होकर आनंद प्रदान करें। हे ओषधियों! आप पुष्पयुक्त और उत्तम फलों से युक्त होकर यज्ञाग्नि रूपी ऊर्जा को ग्रहण करें। यह अग्नि गर्भरूप में ऋतु के अनुरूप उत्पन्न होती है। यह यहां प्राचीन समय से ही स्थित है। हे जलसमूह! आप सुख के मूल स्रोत हैं, अतः आप पराक्रम से युक्त, उत्तम, दर्शनीय कार्य करने के लिए हमे परिपुष्ट करें। आपका जो सबसे कल्याणप्रद रस यहां विद्यमान है, उस रस के पान में हमें वैसे ही सम्मिलित करें, जैसे वात्सल्य स्नेह से युक्त माताएं अपने शिशुओं को कल्याणकारी दुग्धरस से पुष्ट करती हैं। जिस प्रकार परमेश्वर, सूर्यदेव के द्वारा अंतरिक्ष और भूमि को प्रकाशित करते हैं, उसी प्रकार हम भी श्रेष्ठ गुणों से युक्त जातवेदस् अग्नि को प्रजाओं के आरोग्य लाभ हेतु प्रज्वलित करते हैं।

## पौराणिक ग्रंथों में असुर

वाल्मीकि रामायण (उ.61/ 24) में उल्लिखित, मधुपुरी नरेश, कुख्यात असुर राज, लवण का उल्लेख है इसके पिता, भगवान शिव के भक्त मधु ने, अपने आराध्य की कृपा से यमुना के तटवर्ती भूभाग को विजितकर मधुवन के निकट मधुपुरी के नाम से नगर बसा एक स्वतंत्र राज्य की नींव डाली थी। लंकाधिपति राक्षसराज रावण की बहन कुंभीनसी मधु की पत्नी से लवण का जन्म हुआ था। स्पष्ट है कि रावण, लवणासुर का सगा मामा था। भगवान शिव से प्राप्त वरदान के कारण लवण के हाथों में शिव के वरद त्रिशूल के रहते वह अवध्य और अविजित था (वा.रा.उ.61/24)। इसी शूल के बल के अहंकार ने उसको आततायी बना दिया था। उसके विरूद्ध शस्त्रास्त्र धारी शत्रु की मृत्यु निश्चित थी।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

श्रीराम द्वारा वनवास की समाप्ति और लंका विजय के बाद अयोध्या का राज्य भार ग्रहण करने के कुछ दिनों बाद अयोध्या पहुंच ऋषिगण च्यवनभार्गवादि ने आततायी बन चुके लवणासुर के अत्याचारों शिकायत कर उससे अभय दान का अनुरोध किया था। श्रीराम के आदेश पर अयोध्या से ससैन्य शत्रुघ्न ने उस पर आक्रमण किया था। मार्ग में शत्रुगघ्न ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में रात्रि विश्राम किया था। वहीं बनी रणनीति के अनुपालन में शत्रुघ्न ने लवणासुर की अनुपस्थिति में उसके राज भवन पर आक्रमण कर पहले वरदान प्राप्त भगवान शिव के कालजयी त्रिशूल को लवण की पहुंच से दूर कर, उसको युद्ध के लिए आमंत्रित कर मार डाला और मधुपरी को जलाकर वहीं पर "मथुरा" नगर का निर्माण कर वहीं अपनी राजधानी स्थापित किया (ब्रह्माण्ड3/186,वायु88/184-186,भाग.9/11/14)। राज्य का भधुवन नाम बदल शूरसेन कर दिया। कालांतर में इसी नाम से 'शूरसेन' प्रदेश सुविख्यात हुआ। लवणासुर के विरूद्घ अभियान कर अतीत में चक्रवर्ती सम्राट मान्धाता त्रिशूलधारी लवण के समक्ष, सैन्य आत्मघात कर चुका था (महाभा.अनु.14/267_68)। पुराणों में, दैत्य, दानव एवं राक्षस, 'असुर'शब्द के पर्याय या समानार्थी हैं। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द दिव्य शक्ति संपन्न, ऊर्जावान मानव समूह के लिए प्रयुक्त होता था और उन गुणों संपन्न मानवों-अदितपुत्र देवों, दितिपुत्र दैत्यों, दनु पुत्र दानवों की मानद उपाधिया संबोधन असुर हुआ करता था। बाद में स्वार्थ जनित परिस्थितियों ने, सुविधा भोगी, सुराप्रेमी सर्व सुविधा संपन्न स्वर्ग के सत्ताभोगी, विलास प्रिय देवताओं के विरूद्घ दैत्यों और दानवो को एक कर सशस्त्र संघर्ष को आमंत्रित कर दिया। यक्ष,गंधर्व, वानर, नाग आदि समूह के बहुत से लोगों ने बिना किसी श्रम, यज्ञों, कर्मकाण्डों आदि के नाम पर सुविधा भोगी देवताओं के विपरीत, यज्ञों, कर्म काण्डों का विरोध कर बिना पूर्व निर्धारित कर या उपहार लिए सर्वसमूह की रक्षा का व्रत लिया। उन्होंने "वयं रक्षामः" की घोषणा कर 'राक्षस' का सम्मानित विरूद् प्राप्त किया। कालान्तर में जब असुर समाज या समूह ने भी पर पीडन, लूटखसोट, अन्याय, अत्याचार एवं कामांधता का के कुमार्ग पर चलना शुरू कर दिया तब उनके गुणात्मक संबोधनों के सम्यक् अर्थ ही अनर्थ में बदल गए। यही नहीं दैत्य- दानवों के सशक्त और ऊर्जावान मान व समूह (परवर्ती जातिसंघ) असुर का अनर्थ प्रचलित हो गया।



# दो गांवों में लगी आग, छह घर राख

## घरों में रखा अनाज, घरेलू सामान, नगदी व अन्य चीजें जलीं, आर्थिक मदद की

संवाददाता, महंगापुर

**अमृत विचारः** पलिया तहसील की ग्राम पंचायत लगदहन व महंगापुर में आगजनी में छह घर जलकर राख हो गए। घरों में रखी नगदी व अन्य सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। उनके पास खाने को कुछ भी सामान नही बचा। कानूनगो, लेखपाल, संत बाबा गुरनाम सिंह व ग्राम प्रधानों ने त्रिपाल, नगदी व राशन देकर पीड़ितों की सहायता की।

महंगापुर में विद्युत उप केंद्र के पास झोपड़ीनुमा घर बनाकर रह रहे मोती लाल पुत्र झगरू व सावित्री पत्नी बड़कू के घर अज्ञात कारणों से आग लग गई। दोनों के घर व उनमें रखा सामान जलकर राख हो गया।ग्राम प्रधान गुरमीत सिंह ने पीड़ितों को दो-दो हजार रुपये व राशन सामग्री देकर सहायता की। लेखपाल धीरज मिश्रा ने रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी है। पीड़ितों को संत बाबा गुरनाम सिंह ने चारपाई, बिस्तर आदि सामान देकर सहायता की।



आग बुझाने के बाद बचा सामान निकालते ग्रामीण।



अग्निपीड़ितों को आर्थिक सहायता देते पूर्व प्रधान मंजीत सिंह।

उधर ग्राम पंचायत लगदहन में सोमवार की सुबह करीब 11 बजे लगी आग में रामबरन पुत्र बहादुर, सरवन पुत्र बहादुर,सुशील पुत्र बहादुर,अनिल पुत्र बहादुर व सुनील पुत्र बहादुर का घर व पूरा सामान आग की भेंट चढ़ गया। घरों में रखे 10 हजार रुपये भी जलकर राख हो गए। कानूनगो परवीन कुमार,लेखपाल सर्वेश मौर्या ने पीड़ितों से मिलकर उन्हें त्रिपाल आदि सामान देकर सहायता की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व प्रधान मंजीत सिंह पीड़ितों के घर पहुंचकर राशन किट व आर्थिक सहायता की है।

### आग से घर जला, हजारों का नुकसान

मितौली। ओड़हरा ग्राम पंचायत में रविवार की रात करीब 10 बजे पसंजीत के घर में उस समय आग लग गई। जब वह गांव में निमंत्रण के लिए गया हुआ था। पत्नी बच्चे भी घर पर नहीं थे। आग लगने की सूचना पर जब घर पर पहुंचे। तब तक गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो चुका था। घर में खाने के लिए दाना तक नहीं बचा। लेखपाल राकेश कुमार ने हुए नुकसान का आंकलन करके सूचना उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

## वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत गुप्ता का निधन

**बरेली, अमृत विचार :** हृदय गति रुकने से शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) और गंगाशील ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. निशांत गुप्ता (49) का सोमवार को निधन हो गया। इससे चिकित्सकों में शोक की लहर दौड़ गई।

वह तीन साल से लिवर संबंधी बीमारी से ग्रसित थे। आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि डॉ. निशांत गुप्ता सुबह करीब 11 बजे अस्पताल में बने अपने केबिन से बाहर आए और स्टाफ से आईसक्रीम लेकर आने की बात कही। स्टाफ जब आईसक्रीम लेकर लौटा तो वह केबिन के अंदर बेहोशी की हालत में जमीन पर गिरे हुए मिले। शाम करीब 4 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉ. राजीव ने बताया कि दिल की धड़कन रुकने के साथ ही उनके दिमाग ने भी काम करना बंद कर दिया था।

# बेटे की हत्या में माता-पिता, बहन पर केस दर्ज

संवाददाता, मितौली

- **हत्या कर शव जलाने के बाद हड्डियां तालाब में फेंक दी थीं**
- **मृतक की पत्नी ने दी सास-ससुर ननद के खिलाफ तहरीर**

**अमृत विचारः** जमीन और मकान का हिस्सा मांगने पर थाना मितौली क्षेत्र के गांव गनेशपुर में अपने बेटे की हत्या कर शव जलाने और हड्डियां तालाब में फेंकने के मामले में पुलिस ने हत्यारोपी पिता, माता और बहन के खिलाफ हत्या, साक्ष्य छुपाने सहित कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। तीनों आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस हत्याकांड का पुलिस मंगलवार को खुलासा करेगी।

गनेशपुर गांव निवासी नीलम ने बताया कि उसकी शादी 10 वर्ष पहले रामनक्षत्र के पुत्र बिजेंद्र सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसके ससुर ने पति को अलग कर दिया था। मकान में एक कमरे की जगह रहने के लिए दी थी। वह और उनके पति सास-ससुर से अपने हिस्से की जमीन मांगते तो ससुर रामनक्षत्र, सास दुलारी देवी और ननद सोनी देवी उनके साथ मारपीट करते थे।

होली पर वह अपने बच्चों को लेकर मायके चली आई। 16 अप्रैल को उसकी पति विजेंद्र से मोबाइल पर बातचीत हुई। तब पति ने उसे बताया था कि तीनों लोग उसे बहुत परेशान कर रहे हैं और जान से मारना चाह रहे हैं। अगले दिन से पति का नंबर स्विचऑफ हो गया था। 20 अप्रैल को वह ससुराल आई और पति के गायब होने की सूचना पुलिस को देकर ससुर पर पति को गायब करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी ससुर रामनक्षत्र को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने हत्या कर खेत में शव जलाने और हड्डियों को तालाब में फेंकने का आरोप लगाया था। थाना प्रभारी राजू राव ने बताया मृतक की पत्नी की तहरीर पर मृतक के पिता रामनक्षत्र, माता दुलारी देवी व ननद सोनी देवी के खिलाफ हत्या, साक्ष्य छुपाने आदि धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उनका कहना है कि पुलिस अभी घटना के अन्य कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर जांच कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस पूरे मामले का मंगलवार को खुलासा करेगी।


# रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज के सामने, नवादा जोगियान चक रोड, बरेली से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।**

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा बरेली स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 10.05.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 50000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड
3. स्वीपिंग (रद्दी कागज)
4. डैमेज न्यूज प्रिन्ट पेपर (DNP)
5. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
6. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
7. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
8. खाली कैन 20 लीटर
9. लोहे का ड्रम 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.
11. कचरा (प्लास्टिक एवं पॉलीथीन)


# गोरक्षा दल के कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

बरेली कार्यालय

- **पुलिस ने एक युवती समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर की पूछताछ**

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात गोरक्षा दल के कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कार्यकर्ता का शव नवदिया हरिकिशन के पास बड़ बाईपास से चार सौ मीटर दूर लिंक रोड पर देव स्थान के पास मिला। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस तीन युवकों और एक युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

गांव महेशपुर शाह इमामुद्दीन निवासी राजेन्द्र पटेल ने बताया कि उनका बेटा अमन पटेल (25) रविवार दोपहर तीन बजे कपड़े खरीदने के लिए शहर गया था। रात आठ बजे फोन पर अमन ने बताया था कि वह नौ बजे तक घर पहुंच जाएगा। रात 11 बजे तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो फोन किया लेकिन नहीं उठा। रात में 12.50 बजे के करीब बिथरी चैनुपर पुलिस ने उनके मोबाइल पर फोन करके बताया कि अमन के सिर में चोट लगी है और उसे बिथरी सीएचसी पर लेकर आए हैं। वह लोग बिथरी सीएचसी पर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेन्द्र पटेल ने बताया कि उनकी किसी से रंजिश नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सिर में पीछे की ओर गोली लगने से अमन की मौत हुई है। अमन की मौत के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जाता है कि अमन पटेल का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। युवती को लेकर अमन और उसके दोस्त में कहासुनी हुई थी। वहीं अमन पटेल ठेके पर लोगों के प्लॉट में मिट्टी डलवाने का कार्य करता था। करीब दो महीने पहले अमन का खनन के रुपयों को लेकर किसी से विवाद हुआ था।

## कांग्रेस ने मुसलमानों को कुछ नहीं दिया: शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेस पर मुसलमानों के तुष्टिकरण के आरोपों पर कहा कि प्रधानमंत्री के बयान में कोई सच्चाई नहीं है। हकीकत यह है कि कांग्रेस ने मुसलमानों के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया। मुसलमानों की दुर्दशा के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के शासन काल में सच्चर कमेटी के नाम से एक आयोग बनाया गया। जिसके माध्यम से देश के मुसलमानों की आर्थिक, शैक्षिक आदि स्थिति का आकलन किया गया। इसकी रिपोर्ट तत्कालीन सरकार को दी गई, लेकिन मनमोहन सिंह ने अपने 10 साल के कार्यकाल में सच्चर कमेटी की सिफारिशों पर काम करने की जहमत नहीं उठाई। जबकि रिपोर्ट में बताया गया है कि मुसलमानों की स्थिति दलितों से ज्यादा बुरी है।

# बरेली कॉलेज में 25 से होगी मिड टर्म परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में सभी मेजर विषयों की मिड टर्म परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होगी। कॉलेज की ओर से परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। वहीं एक फर्जी परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया गया, जिस पर छात्र परेशान हुए। बरेली कॉलेज की परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि मिड टर्म परीक्षा पांच पालियों में कराई जाएगी।

सभी छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि पर परीक्षा देनी होगी, नहीं तो उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। उनकी परीक्षा दोबारा संपन्न कराना संभव नहीं है। चतुर्थ सेमेस्टर की माइनर इलेक्टिव, द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की माइनर वोकेशनल परीक्षा की तिथि भी जल्द घोषित की जाएगी। छात्र कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा कार्यक्रम के आधार पर ही परीक्षा में शामिल हों।

### नकल सामग्री के साथ छात्र पकड़ा


बरेली कॉलेज में सुबह की पाली में बीकॉम के छात्र को सचल दल ने नकल सामग्री के साथ पकड़ा। छात्र के पास हाथ से लिखी पर्चियां मिलीं। सचल दल ने छात्र को बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है।

### 25 से कम छात्रों की परीक्षा दूसरे कॉलेज में करा सकेंगे

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की प्रयोगात्मक परीक्षा में 25 से कम छात्र होने पर महाविद्यालय दूसरे महाविद्यालय से परीक्षा करा सकेंगे। इसके लिए दूसरे महाविद्यालय की सहमति जरूरी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि परीक्षा दूसरे महाविद्यालय से कराने पर भी परीक्षक को ही पोर्टल पर अंक अपलोड करने होंगे।

# संभल के दंगल में क्या खिलेगा कमल!

**रामपुर, अमरोहा और मुरादाबाद जैसी सीटों से सटे हुए संभल लोकसभा क्षेत्र को सपा का गढ़ माना जाता है। यहां से सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और उनके भाई प्रोफेसर रामगोपाल यादव चुनाव लड़कर सांसद बने थे।**



**मनोज त्रिपाठी**


करीब 19 लाख मतदाताओं वाली इस सीट पर 48 फीसदी मुस्लिम और 10 फीसदी यादव वोटों के चलते सपा चार बार चुनाव जीत चुकी है। दो बार बसपा का भी हाथी भी कामयाब रहा है। हालांकि 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने यहां सारे जातीय समीकरण ध्वस्त करते हुए भगवा लहरा दिया था। पहले की तरह इस बार भी सपा की सारी उम्मीदें यहां मुस्लिम-यादव समीकरण पर ही टिकी हैं जबकि भाजपा रालोद से गठबंधन की ताकत के बीच मोदी-योगी के नाम और काम के सहारे तथा जातीय सेंधमारी करके कमल खिलाने में लगी है। हालांकि सपा की वोटों की रणनीति में इस बार जानकारों के मुताबिक बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी स्पीड ब्रेकर बनता नजर आ रहा है। संभल लोकसभा सीट से सपा ने पहले मौजूदा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन 27 फरवरी को उनका निधन हो जाने के बाद अखिलेश यादव ने उनके पौत्र व कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी घोषित कर दिया था। भाजपा ने इस सीट पर एक बार फिर से परमेश्वर लाल सैनी पर भरोसा जताया है। सैनी 2019 का चुनाव 1.74 लाख मतों से सपा के शफीकुर्रहमान बर्क से हार गए थे। बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी सौलत अली इस सीट पर सपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। बसपा संभल सीट दो बार जीत चुकी है। 1996 में उसके टिकट पर डीपी यादव और 2009 में शफीकुर्रहमान बर्क जीते थे।

### 2014 का परिणाम

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | मत% |
|---|---|---|---|
| भाजपा | सत्यपाल सिंह सैनी | 3,60,242 | 34.08% |
| सपा | शफीकुर रहमान बर्क | 3,55,068 | 33.59% |
| बसपा | अकील उर रहमान खान | 2,52,640 | 23.90% |
| आरपीडी | डीपी यादव | 36,134 | 3.42% |
| कांग्रेस | प्रमोद कृष्णम | 16,034 | 1.52% |



### 2019 का जनादेश




| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सपा | शफीकुर रहमान बर्क | 658,006 |
| भाजपा | परमेश्वर लाल सैनी | 4,83,180 |
| कांग्रेस | मेजर जगत पाल सिंह | 12,105 |

**सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद मैदान में उतरे उनके पौत्र विधायक जियाउर्रहमान की राह में बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी बन रहा स्पीड ब्रेकर**

**1989** से 2004 तक हुए छह चुनावों में यहां यादव बिरादरी के नेता ही जीतते रहे

- पिछले चार दशक से इस लोकसभा क्षेत्र में जीत दर्ज करने को तरस रही है कांग्रेस
- बहुजन समाज पार्टी 1996 व 2009 में संभल सीट पर फहरा चुकी विजय पताका

**1998** और 99 में मुलायम सिंह यादव और 2004 में भाई रामगोपाल जीत थे चुनाव

### आधी आबादी के पास भी किस्मत की चाबी

संभल सीट पर महिला मतदाता महत्वपूर्ण हैं। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में महिला वोटरों की संख्या 8,82,282 है। चंदौसी विधानसभा में सबसे ज्यादा 1,83,072 महिला मतदाता किसी एक प्रत्याशी की तरफ झुकने पर परिणाम बदलने की ताकत रखती हैं। भाजपा के लिए राहत की बात है कि इस सीट से उसकी विधायक गुलाब देवी प्रदेश में मंत्री हैं।

### चार दशक से कांग्रेस को जीत का इंतजार

- संभल लोकसभा सीट 1977 में अस्तित्व में आई थी। पहला चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर लोकदल प्रत्याशी ने जीता। इसके बाद 1980 और 1984 में कांग्रेस को विजय मिली। इसके बाद से संभल सीट पर कांग्रेस को जीत का इंतजार है। यादव परिवार का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर 1989 से 2004 तक लगातार छह चुनावों में यादव बिरादरी के नेता ही जीतते रहे। 1989 और 1991 में जनता दल के टिकट पर श्रीपाल यादव चुनाव जीते। वर्ष 1998 और 1999 में यह सीट हाई प्रोफाइल बन गई जब मुलायम सिंह यादव ने यहां से चुनाव जीता था। 2004 में प्रो. रामगोपाल यादव चुनाव जीते थे।
- साल 2009 में सपा ने यहां से इकबाल महमूद को टिकट दिया था। उस समय डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क सपा में थे और मुरादाबाद सीट से सांसद थे। उनकी और इकबाल महमूद के परिवार में लंबे समय से राजनीतिक अदावत थी। इसी कारण नाराज शफीकुर्रहमान बर्क बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और इकबाल महमूद को हराकर सांसद बने थे। इससे सबक लेकर 2014 में सपा ने डॉ. बर्क को ही प्रत्याशी बनाया। लेकिन मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सैनी के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में डॉ. बर्क ने आरोप लगाया था कि इकबाल महमूद के समर्थकों ने उनका विरोध किया। साल 2019 में भी दोनों खेमों में बगावत सामने आई, लेकिन सपा-बसपा का गठबंधन होने के कारण डॉ. बर्क को बड़े अंतर से जीत मिली।

**19** लाख के आसपास मतदाता हैं इस सीट पर


**48%** इस लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता

**11%** प्रतिशत माने जाते हैं यादव बिरादरी के वोटर

**20%** आंकड़ा माना जाता है यहां दलित वोटर का

### पांच विधानसभा सीटों में चार पर सपा काबिज, एक भाजपा के पास

- संभल लोकसभा सीट में जो पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं, उनमें कुंदरकी, बिलारी, असमोली व संभल सीट पर सपा का कब्जा है जबकि चंदौसी सीट भाजपा के पास है। चंदौसी से माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी विधायक हैं।




### युवा और बुजुर्ग सांसद का रिकार्ड संभल लोकसभा क्षेत्र के ही नाम पर

- वर्ष 1980 में संभल लोकसभा सीट से सबसे युवा सांसद कांग्रेस के टिकट पर विजेंद्र पाल सिंह यादव बने थे। इसके बाद सबसे बुजुर्ग सांसद सपा के टिकट पर वर्ष 2019 में डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क बने और सांसद रहते हुए ही 94 साल की उम्र में उनका बीमारी से निधन हुआ।

### भाजपा ने सपा से सीट छीनने के लिए जीत का समीकरण बनाया

- भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर सैनी को सैनी बिरादरी के डेढ़ लाख वोट एकमुश्त मिलने की उम्मीद है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी उनके लिए सैनी बिरादरी मतों को गोलबंद कर गए हैं। सैनी मतों के बाद परमेश्वर की कोशिश तीन लाख से अधिक दलित मतदाताओं में सेंधमारी की है। माना जा रहा है, यदि दलित मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में वोट किया और मुस्लिम वोट बंट गए तो भाजपा के लिए अपने परंपरागत मतों के साथ मोदी के नाम और काम के सहारे जीत की राह खुल सकती है।



# कम मतदान से चौकन्ना दलों ने किया अब नए सिरे से माइक्रो मैनेजमेंट

**दूसरे चरण की तैयारी**

**1977** से अब तक चार चुनावों में मतदान कम होने पर बदल गई सरकार पर एक बार नहीं हुआ सरकार को कोई खतरा

**चुनाव डेस्क**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर कम मतदान की घबराहट भाजपा, सपा और बसपा को चैन नहीं लेने दे रही है, तो राजनीतिक विश्लेषक भी किसी सर्वमान्य नतीजे पर पहुंचने में नाकाम नजर आ रहे हैं। फिलहाल दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रमुख दल ज्यादा से ज्यादा वोटिंग कराने की रणनीति बनाने में जुटे हैं। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस ने नए सिरे से अपनी चुनावी टीम को जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं और बूथ प्रभारियों को नए सिरे से ज्यादा वोटिंग के संदेश पहुंचाए जा रहे हैं।

**दिग्गजों के बूथों पर भी नहीं पड़े बंपर वोट, अब माइक्रो मैनेजमेंट**

राजनीतिक दलों ने पहले चरण के मतदान का हिसाब-किताब लगाने पर पाया है कि ज्यादातर दिग्गजों, मंत्रियों, विधायकों, सांसदों, पूर्व सांसद, पूर्व विधायकों और यहां तक कि संगठन के बड़े पदाधिकारी भी अपने अपने बूथों पर बंपर वोटिंग कराने में नाकाम साबित हुए हैं। इसी कारण सभी दलों की चुनाव संचालन समिति और थिंक टैंक ने रणनीति में बदलाव करते हुए माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर देना शुरू कर दिया है।

**जोश बनाए रखने के लिए बताया जा रहा दूसरे का नुकसानः** पहले चरण में मजबूत पकड़ होने का दावा करने वाली भाजपा और सपा का कम मतदान से मायूसी हाथ लगने के साथ संभावित परिणाम को लेकर गणित गड़बड़ा गया है। हालांकि हर दल अपना जोश बरकरार रखने के लिए आरोप-प्रत्यारोप के तहत कम मतदान से दूसरे का नुकसान बता रहा है। विपक्ष जहां इसे भाजपा के लिए खतरे की घंटी बता रहा है तो भाजपा नेता जनता द्वारा विपक्ष की चुनौती नाकारा जाना बता रहे हैं। हालांकि राजनीतिक जानकार कम मतदान को सभी दलों के लिए अच्छा संकेत नहीं बता रहे हैं। एक आंकड़ा यह भी आया है कि 1977 से लेकर अब तक चार चुनाव में वोटिंग कम हुई तो सरकारें बदल गईं। सिर्फ एक बार वोटिंग कम होने पर भी सरकार नहीं बदली थी।

इस बीच चुनाव आयोग ने भी जिला प्रशासनों को मतदान बढ़ाने के उपाय तेज करने को कहा है। भाजपा ने अपने मिशन 80 को देखते हुए बूथ पर सक्रियता बढ़ाने को कहा है। पन्ना प्रमुखों को हर बूथ पर मजबूती से तैनात रहने को कहा गया है। अब हर बूथ से वोटर निकलने का नया लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों के साथ संगठन के पदाधिकारियों को हर जिले में नए सिरे से जिम्मा दिया जा रहा है।

# बसपा के लिए लालगंज सीट बचाने की चुनौती

**विनय जायसवाल, मऊ**

**अमृत विचार।** लालगंज संसदीय सीट इस पर बसपा के लिए नाक का सवाल है। 2019 में इस सीट पर कब्जा जमाने वाली भाजपा ने इस बार नए चेहरे को मैदान में उतारा है। जबकि पार्टी की सांसद सीमा आजाद ने टिकट न मिलने की वजह से ही भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा ने यहां से 2014 की मोदी लहर में जीतीं नीलम सोनकर पर फिर से विश्वास जताया है। जबकि सपा से पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज तो बसपा से डॉ. इंदू चौधरी मैदान में हैं।

वैसे तो लालगंज सुरक्षित सीट पर कभी बसपा तो कभी सपा का कब्जा रहा, लेकिन 2014 में जब मोदी लहर आई तो भाजपा की नीलम सोनकर ने यहां अच्छे- खासे मतों से जीत दर्ज की। भाजपा ने इसीलिए 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें मैदान में उतारा पर पार्टी की अंतरकलह और सपा- बसपा के गठजोड़ की वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। नीलम को इस सीट पर सीमा आजाद ने हराया। इस बार सीमा आजाद को उम्मीद थी कि बसपा प्रमुख मायावती उन्हें दोबारा मैदान में उतारेंगी पर ऐसा नहीं हो सका। पार्टी ने उनका टिकट काटकर डॉ. इंदू चौधरी को अपना चेहरा बना दिया। सीमा ने पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। इसे बसपा के लिए बड़ा झटका माना गया। इस बार सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। सीट सपा के खाते में है। पार्टी ने यहां से दो बार सांसद रह चुके दरोगा सरोज पर फिर से विश्वास जताया है।

अगर यहां हुए संसदीय चुनावों में जीत की बात करें तो चार बार बसपा, तीन बार कांग्रेस, जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी दो- दो बार, भाजपा और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी को एक- एक बार जीत मिली। जनता दल ने भी दो बार यहां से परचम लहराया।




- **बसपा सांसद भाजपा के खेमे में जा चुकी हैं**
- **पूर्व सांसद पर भाजपा ने लगाया है इस बार दांव**

### पांचों विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- लालगंज संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं। सभी सीटें आजमगढ़ जिले में ही पड़ती हैं। विधानसभा सीटों में अतरौलिया, निजामाबाद, फूलपुर- पवई, दीदारगंज और लालगंज सीटें शामिल हैं। खास बात यह है कि सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी का ही कब्जा है।

# चार सीटों पर कांग्रेस की दांव पर प्रतिष्ठा

**चुनाव डेस्क**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इस चरण में आठ सीटों पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। कांग्रेस सबसे ज्यादा चार लोकसभा सीटों पर इसी चरण में मैदान में है। गठबंधन के तहत सपा बाकी चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर मैदान में हैं। कांग्रेस ने गाजियाबाद में ब्राह्मण महिला डॉली शर्मा, अमरोहा में बसपा से आए सांसद दानिश अली के रूप में मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतार रखा है। मथुरा की सामान्य सीट पर कांग्रेस ने दलित समाज के मुकेश धनगर पर दांव लगाया है, तो बुलंदशहर में शिवलाल वाल्मीकि को उतारा है। अब पार्टी चारों सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में पूरी ताकत झोंक रही है।



- मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर सपा के साथ गठबंधन में पार्टी लड़ रही चुनाव

इन चारों सीटों में सबसे ज्यादा उम्मीद पार्टी ने गाजियाबाद सीट पर लगा रखी है। वहां भाजपा द्वारा वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उतारे जाने से कांग्रेस को जीत के लिए उम्मीद की किरण नजर आ रही है। मथुरा सीट कांग्रेस ने आखिरी बार 2004 में जीती थी। यहां 2009 और 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे थे। अमरोहा में कांग्रेस बसपा से आए सांसद दानिश अली पर दांव लगाकर जीत के लिए पूरी तरह उन्हीं पर निर्भर नजर आ रही है, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर 1984 के बाद पार्टी का खाता ही नहीं खुला है। बुलंदशहर में कांग्रेस 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रही थी। इस बार यहां जातीय समीकरणों के सहारे पार्टी चुनौती देने की कोशिश करती नजर आ रही है।

### 'सीता' का रोड शो




मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में टीवी सीरियल रामायण में सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखालिया और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने रोड शो किया।

**कन्नौज लोकसभा सीट** | **सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की चुनौती दरकिनार कर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का चुनाव नहीं लड़ने का फैसला**

# सपाइयों को लगा झटका, भाजपा को आसान दिख रहा रास्ता

**इरा अवस्थी, कन्नौज**

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लेकर सपा कार्यकर्ताओं को जोरदार झटका दिया है। सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा निरंतर दी जा रही चुनौती को दरकिनार करते हुए सपा अध्यक्ष ने खुद को देश भर में प्रचार के लिए खाली रखने का फैसला लिया है। अखिलेश यादव के इस फैसले से सपा खेमे में मायूसी है। माना जा रहा है कि इस निर्णय ने भाजपा की राह इस सीट पर आसान कर दी है।





अभी तक प्रत्याशी की घोषणा न होने तथा अखिलेश द्वारा बार-बार कन्नौज से फिर से चुनाव लड़ने की संकेत देने से सपा कार्यकर्ता इस बार जीत का ताना-बाना बुनने में जुटे थे। माना जा रहा था कि 2019 के चुनाव में हुई पत्नी डिंपल यादव की हार का बदला लेने के लिए अखिलेश यादव इस बार कन्नौज के मैदान में ताल अवश्य ठोंकेंगे। इस भरोसे के दम पर ही सपाई खेमे में नामांकन से लेकर प्रचार तक की रणनीति बनाई जा रही थी। हालांकि विधानसभा चुनाव 2022 में सपा के हाथ से कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ और रसूलाबाद विधानसभा चली गईं थीं। केवल बिधूना सीट पर ही 'साइकिल' दम दिखा सकी थी। कन्नौज विधान सभा क्षेत्र जिसे सपा के लिए अभेद्य माना जाता था, उसे भी नौकरी से इस्तीफा देकर आए आईपीएस अधिकारी भाजपा प्रत्याशी असीम अरुण ने छीन लिया था। हालांकि जीत का अंतर जिले की तीनों विधानसभाओं में खासा कम रहा था। लंबे समय से कन्नौज सपा का गढ़ रहा है, लेकिन 2019 से यह वर्चस्व खत्म हो गया। ऐसे में यह चुनाव कन्नौज में सपा के अस्तित्व की लड़ाई का माना जा रहा है। सपाई भाजपा की चुनौती से मुकाबले के लिए अखिलेश को अजेय प्रत्याशी मान रहे थे। राजनीतिक पंडित भी मान रहे थे कि सांसद व भाजपा प्रत्याशी से नाराज जनता चौंकाने वाला फैसला ले सकती है। लेकिन तेज प्रताप यादव के रूप में नये चेहरे की घोषणा से गणित गड़बड़ाता दिख रहा है। सपा के ही एक वरिष्ठ नेता की माने तो यह निर्णय पार्टी के भविष्य को लेकर आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। उनका कहना है कि भाजपा से नाराज लोधी वोट तेजी से सपा की तरफ रुख कर रहा था। इस फैसले से इस वोट को भी झटका लगना तय है। उन्होंने यहां तक कहा कि पार्टी का यह फैसला कहीं न कहीं भाजपा के लिए राह आसान करने वाला है। हालांकि बताया यह जा रहा है कि मौजूदा समय में अखिलेश नेता प्रतिपक्ष हैं तथा पीडीए के प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए खुद को खाली रखना चाहते हैं। इसलिए पार्टी के व्यापक हित और विधानसभा में अपनी जिम्मेदारी को देखते हुए लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है।

- परिवार के प्रतिनिधि के तौर पर बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के दामाद तेज प्रताप पर सपा ने लगाया दांव
- कभी सपा का गढ़ रहे कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की चार विस सीटों पर भाजपा ने जमा रखा है कब्जा

### 20 साल से परिदृश्य से गायब है कांग्रेस

- इस बार तो कांग्रेस का सपा से गठबंधन है और पीडीए के बैनर पर चुनाव लड़ा जा रहा है। कन्नौज की सीट सपा के खाते में है तो कांग्रेसी साइकिल को ही मजबूती प्रदान करेंगे। लेकिन इस बार भी ईवीएम में 'हाथ' का निशान नहीं दिखने से कांग्रेसी निराश हैं। आखिरी बार कांग्रेस के चुनाव निशान पर 2004 में विनय शुक्ला ने चुनाव लड़ा था। उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से 20 साल से कन्नौज में हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस से प्रत्याशी मैदान में ही नहीं आया।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# मालदीव में मुइज्जू

हिंद महासागर में स्थित रणनीतिक रूप से अहम देश मालदीव के संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी की जीत को चीन समर्थक नेता के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण करार दिया जा सकता है। चीन और भारत के साथ मालदीव का नाजुक संतुलन लंबे समय से इसकी राजनीति में एक केंद्रीय विषय रहा है। हिंद महासागर में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन और भारत दोनों ने ही मालदीव में निवेश किया है। बीते साल राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। वह मालदीव के कई बड़े प्रोजेक्ट चीन की कंपनियों को दे चुके हैं। संसद में उनकी पार्टी गठबंधन में थी परंतु उनके पास बहुमत नहीं था। मालदीव की संसद मजलिस में एमडीपी का बहुमत होने की वजह से राष्ट्रपति मुइज्जू की कई नीतियां लागू नहीं हो सकी थीं। अब संसदीय चुनाव में बंपर जीत के बाद उनकी ये भी परेशानी दूर हो गई है। नतीजों से साफ है कि मुइज्जू की ताकत बढ़ेगी। सरकार में चीन का दबदबा बढ़ सकता है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि चीन मालदीव के साथ अपनी परंपरागत दोस्ती को बनाए रखने के लिए काम करने का इच्छुक है। वह मालदीव के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार का इच्छुक है तथा रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करना चाहता है। समझा जा सकता है कि मालदीव में चीन की सक्रियता बढ़ना भारत के हित में नहीं है। यानी मोहम्मद मुइज्जू की जीत भारत के लिए चेतावनी है। 1965 में मालदीव एक स्वतंत्र देश बना।

भारत इस द्वीपीय राष्ट्र को मान्यता देने वाला पहला देश था। 1972 में भारत ने मालदीव में अपना पहला उच्चायोग स्थापित किया, जबकि 2004 में मालदीव ने नई दिल्ली में अपना पहला पूर्ण राजनयिक मिशन खोला था। ठीक से देखा जाए तो भारत ने दो दशकों में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले कूटनीतिक संबंध बनाए रखे। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी। विशेषज्ञ भारत को मालदीव के साथ रिश्तों में बदलाव की नसीहत दे रहे हैं। बता दें कि भारत के साथ मालदीव के रिश्ते तब और तनावपूर्ण हो गए जब भारतीय सोशल मीडिया पर लोगों ने मालदीव पर्यटन का बहिष्कार अभियान शुरू किया था। यह मालदीव के तीन उपमंत्रियों द्वारा लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के विचार को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपमानजनक बयान देने के खिलाफ था। कुल मिलाकर मोहम्मद मुइज्जू की जीत का असर भारत के साथ मालदीव के रिश्तों पर भी पड़ सकता है। आशंका है कि भारत और मालदीव के रिश्ते अभी और खराब हो सकते हैं।

# धधकती आग से जंगल हो रहे खाक



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी- बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है।

उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। इन दिनों पहाड़ के अनेक स्थानों में जंगल आग की चपेट में हैं। अप्रैल महीने के तीसरे सप्ताह तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की सैकड़ों घटनाएं घट चुकी हैं। बहुमूल्य वन संपदा इस आग की भेंट चढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ दावाग्नि का दायरा भी बढ़ता जा रहा है।

कुमाऊं मंडल के नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों के अनेक जंगल आग में धधक रहे हैं। नैनीताल जिले के ओखलकांडा, बेतालघाट, भवाली और भीमताल आदि क्षेत्रों के जंगल दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। इस वर्ष अल्मोड़ा जिले के जंगलों में आग लगने की करीब दो दर्जन वारदातें हो चुकी हैं। पिथौरागढ़ जिले के अस्कोट क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। डीडीहाट के कई क्षेत्रों में हफ्ते भर से जंगल जल रहे हैं। चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में भी जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। टनकपुर क्षेत्र के जंगल भी आग की तपिश से महफूज नहीं हैं। मीडिया में छपी खबरों के अनुसार पिछले साल नवंबर से इस वर्ष अप्रैल महीने के तीसरे हफ्ते तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की करीब पौने चार सौ घटनाएं घट चुकी हैं। जिसमें करीब सवा चार सौ हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र की वन संपदा को क्षति पहुंची है। इस अवधि में कुमाऊं मंडल के जंगलों में करीब पौने दो सौ आग लगने की वारदातें हो गई हैं। जिसमें करीब डेढ़ सौ हेक्टेयर वन क्षेत्र के प्रभावित होने का अनुमान है।

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी-बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है। जंगल का बिछावन एकदम सूखा हुआ है। कभी-कभार तेज हवाएं चल रहीं हैं। इस वजह से आग का दायरा और मारक क्षमता बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। जंगल बारूद की ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं।

पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या है। जंगलों में हर साल आग लगती है। वनाग्नि में बेशकीमती वन संपदा स्वाहा हो जाती है। पेड़-पौधों, अनेक प्रजाति के जीव-जंतुओं और विभिन्न प्रजातियों की वनस्पति को अपूर्णीय क्षति पहुंचती है। वनों में शाखाओं, लताओं और झाड़ियों के जल जाने से पानी के प्राकृतिक जल स्रोतों के सूखने, भू-कटाव में बृद्धि और वृक्षों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जैव विविधता प्रभावित होती है। जंगल की अदृश्य दुनिया का वजूद ख़त्म हो जाता है, जिसे नुकसान में शामिल नहीं किया जाता है।

जंगल के सतह पर पत्तियों, टहनियों, गिरी हुई शाखाओं का बिछौना होता है। पहली नज़र में यह अकारण सड़ रहा मृतप्राय: ढ़ेर-सा लगता है। असल में यह जंगल की मिट्टी के भीतर अदृश्य दुनिया की छत के समान होता है। सबसे अधिक जीवन इन ढेरों के नीचे ही छिपा होता है। वनाग्नि में इन सूक्ष्म जीवों का विनाश हो जाता है।

उत्तराखंड के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का करीब सत्तर प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है। प्रदेश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा उत्तराखंड की वनोपज से आता है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वनों की आमदनी का एक छोटा-सा हिस्सा ही वनों की सुरक्षा में खर्चा जाता है। वन महकमे के हिस्से में आने वाली रक़म का बड़ा हिस्सा विभाग के अफसरों और दूसरे कारिंदों की तनख्वाह वग़ैरह में खर्च हो जाता है। वनों की हिफाज़त और पौध रोपण के काम में नाममात्र की धनराशि खर्ची जाती है। हर साल पहाड़ के जंगलों में आग लगती है। पर जंगल की आग को आर्थिक और पारिस्थतिकी की दृष्टि से नहीं देखा जाता है।

वनों को आग से बचाने की बुनियादी जिम्मेदारी वन विभाग की है लेकिन जंगलात के पास वनाग्नि के प्रबंध की तकनीकी प्रशिक्षण की पुख़्ता व्यवस्था नहीं है। वन महकमा वनों को आग से महफ़ूज रखने के लिए पूर्व से बनी विभागीय कार्ययोजना की बात करने से कतराता रहा है। जंगलात महकमे की कार्ययोजना में वनाग्नि से निपटने के लिए सभी कारगर उपाय तय किए होते हैं। इस वास्ते प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व तय हैं। इसके लिए बाकायदा बजट का प्रावधान होता है लेकिन वन विभाग यथासमय कार्ययोजना पर अमल नहीं करता है।

उत्तराखंड के वन महकमे में आला अफसरों की भरमार है। अविभाजित उत्तर प्रदेश में जहां एक प्रमुख वन संरक्षक पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी संभालते थे। अलग राज्य बनने के बाद इस छोटे से प्रदेश में प्रमुख एवं मुख्य वन संरक्षक स्तर के करीब ढाई दर्जन आला अफसर तैनात हैं। इसके उलट जमीनी स्तर पर कर्मचारियों की कमी है। आला अफसरों के अनुपात में फील्ड स्टाफ में बढ़ोतरी नहीं हुई है। परिणामस्वरूप साल भर वन संपदा का अवैध दोहन होते रहता है। गर्मियों के मौसम में दावाग्नि अवैध दोहन के सबूत नष्ट कर देती है।

1985 में कुमाऊं मंडल में विदेशी आर्थिक सहायता से 'मॉर्डन फायर प्रोजेक्ट' शुरू हुआ था। करोड़ों रुपये की इस 'वन अग्नि शमन परियोजना' में रामनगर, नैनीताल, हल्द्वानी आदि सात डिविजन शामिल किए गए थे। परियोजना के अंतर्गत एक हेलीकॉप्टर, दर्जनों अग्नि शमन गाड़ियां, टैंकर आदि तमाम आधुनिक उपकरण खरीदे गए। वॉच टॉवर बने। वन विभाग के वन संरक्षक स्तर के एक अधिकारी को परियोजना निदेशक बनाया गया। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर को अग्नि शमन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया था। कई वनाधिकारी जंगल की आग में काबू पाने के गुर सीखने अमेरिका भेजे गए। 56 लोगों का 'अग्नि संगठित दल' बनाया गया। इन्हें वनाग्नि से निपटने के लिए बाकायदा छह महीने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दरम्यान वनाधिकारियों ने जमकर हवाई उड़ानें भरी। खूब सेमिनार हुए। यह योजना दस साल में ही दम तोड़ गई। वन विभाग के अधिकारी वापस मूल विभाग में लौट गए। परियोजना से जुड़े दूसरे कर्मचारियों को भी वन विभाग में समायोजित कर लिया गया।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के जंगलों में ब्रिटिश राज में बने ज्यादातर वन मार्ग और वन सीमा स्तंभों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है। इस रिश्ते को बहाल करने के लिए सरकार और खुद वन महकमे को जंगलों के प्रति संवेदनशील दिखने और होने की आवश्यकता है। फिलवक्त इसके आसार नज़र नहीं आते हैं।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है।

## व्यंग्य

# बच्चों के हक में हो शिक्षा

दिखावे और चकाचौंध के मौजूदा दौर में पारिवारिक और सामाजिक सिद्धांतों के बोझ तले बच्चों के जीवन की स्वाभाविकता लुप्त हो रही है। उनके कोमल मस्तिष्क में गलत सिद्धांतों का जहर भरकर और उन्हें अंधविश्वास की राह दिखा कर हम उनकी सामाजिक प्रकृति को प्रदूषित कर रहे हैं। घर में ही नहीं बल्कि विद्यालयों में भी अक्सर बच्चों को धर्म, जाति और संप्रदाय की दूरियों का एहसास कराया जाता है। इस तरह हम उनकी समझ को तोड़ मरोड़ देते हैं।

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है। शिक्षक को एक आदर्श स्थापित करना चाहिए क्योंकि छात्र और शिक्षक का संबंध पतंग और डोर की तरह होता है। यदि डोर कमजोर हो गई तो पतंग किन राहों में भटक जाएगी, कहना मुश्किल है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

हम आज भी यह मानते हैं कि प्रत्येक बच्चा एक प्रयोग है, पर बच्चा किसके लिए है? माता-पिता के लिए शिक्षक के लिए या अपने आप के लिए। इसी प्रश्न के उत्तर में शिक्षण की समस्या समाई हुई है। पहले यह माना जाता था कि बच्चा माता-पिता के लिए है लेकिन अब ऐसा नहीं है। समाजशास्त्री यह मानते हैं कि बच्चा अपने आप में एक पूर्ण व्यक्तित्व है। हालांकि संस्कार और परंपराओं में अटका एक तबका आज भी ऊहापोह की स्थिति में है। इस कारण सदैव खींचतान की स्थिति बनी रहती है और इसका शिकार होते हैं बच्चे। शिक्षण प्रक्रिया भी इससे प्रभावित होती है जिसके कारण ना उसकी सही दिशा बन पा रही है और ना ही पद्धति।

व्यापक रूप से बच्चा आज अपने अभिभावकों, शिक्षकों व समाज की शुभकामनाओं का पात्र बनकर रह गया है। चाहे परिवार हो या विद्यालय सभी जगह बड़ों का बच्चों के प्रति अधिकारवादी रुख रहता है। बच्चा हमारी मर्जी से चले, हम जो कहें या करें उसी का पालन करें, हमारी बात मानें। ऐसी सोच आज भी जिंदा है। शिक्षकों में भी बच्चों के प्रति मैं ही ठीक हूं तथा आदेश का व्यवहार अधिक हावी रहता है। यह अधिकार वाद का रुख बच्चों में दबाव की स्थिति पैदा कर उनमें कुंठा की भावना और उनके व्यक्तित्व को कमजोर कर देता है।

दरअसल आज भी हमारी शिक्षण व्यवस्था चंद नियमों के तहत चलती है जिसमें आदेश और उपदेश की प्रधानता है। कौशल और विवेक की शक्ति पर भरोसा कम है। भले ही नई तकनीक और बदलाव की बात बार-बार कही जाती है, पर असल में धरातल पुरानी परंपराओं का ही पोषक है। स्कूलों में पुस्तकों का बोझ है, परीक्षाएं हैं और देखा जाए तो शिक्षण मात्र नौकरी पाने की चाह है। हमारा शिक्षण चिंतन इसी में उलझ कर रह जाता है की कितनी कक्षाएं हो,कितने पीरियड हो, कौन सा विषय पढ़ाया जाए, कौन सी पुस्तक पढ़ी जाए और कब कब परीक्षाएं ली जाएं। परीक्षा में पास फेल का दबाव बच्चों पर बना हुआ है तात्पर्य है। ऐसी शिक्षण व्यवस्था किस काम की जो केवल पुस्तकीय ज्ञान तक ही सीमित हो।

पहले ज्ञान की परिधि का दायरा बहुत सीमित था, अनुभव भी सीमित था। लेकिन समय के साथ-साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी की प्रगति के कारण ज्ञान का जो विस्फोट हुआ है उसमें पहले का ज्ञान नई पीढ़ी के लिए काम का नहीं रह गया है। आज शिक्षक को भी ऑलराउंडर बनने की जरूरत है। विषय से इतर ज्ञान ही आपको एक सफल शिक्षक बन सकता है क्योंकि ज्ञान के पथ पर बैसाखी के सहारे नहीं चला जा सकता। जाहिर है रटने रटाने की प्रवृत्ति से हटकर परिवर्तन लाना होगा पर यह परिवर्तन बच्चों की इच्छानुसार ही होना चाहिए। साथ ही हमें उस पढाई का ढांचा भी बदलना होगा जहां भारी बस्ती का बोझ ढोते-ढोते बच्चों की कमर झुक गई है।

हमें यह समझ लेना होगा की हर बच्चे में एक विशिष्टता है, इसलिए प्रत्येक बच्चा महत्वपूर्ण है। शिक्षा बच्चों को दिशाहीन और दिगभ्रमित करने वाली नहीं होनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत और सामाजिक संबंध जोड़ने की जो क्षमता बच्चों में होती है वह दूसरों में नहीं। इसमें शिक्षा और शिक्षक अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों की क्षमता को सही दिशा में बढ़ाएं और उनके जीवन में समृद्धि तथा इस स्थिरता लाए। हमें हमें यह भी समझना होगा की बच्चों की देखभाल करना विज्ञान ही नहीं कला भी है।

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है।

# मतदान - महायज्ञ



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

आदिम काल में कोई देवी, देवता की परिकल्पना नहीं थी। मनुष्य प्रकृति के कौतुक से डर कर उन्हें देवता मान कर उनका आदर व पूजन किया करता था। जैसे प्रतिदिन सूर्य का ताप व प्रकाश देखकर उन्हें देव मान लिया गया। उसी तरह चंद्रमा, वायु, जल, अग्नि आदि से डर कर या उनकी आवश्यकता देख उन्हें देव माना गया। ज्यों-ज्यों मनुष्य विकास करता गया, अपनी आवश्यकताओं तथा कल्पनाओं से नए-नए देव को गढ़ता गया। वैदिक काल में देवों की बढ़ी संख्या को देखकर वैदिक ऋषियों को यज्ञ में हविष्यान्न देने में कठिनाई होने लगी और वे पूछने लगे कि किस देवता को हम हविष्यान्न प्रदान करें (कस्मै देवाय हविषा विधेयम)। समय के साथ देवताओं की संख्या कम होने लगी और बहुदेव वाद से चल कर हम एक देव वाद होते हुए अद्वैतवाद तक पहुंचे।

आज हम प्रजातंत्र के युग में जी रहे हैं और इसमें मतदान सबसे बड़ा यज्ञ है। लोक के मत से हम आधुनिक देवों का निर्माण करते हैं। लोकसभा महायज्ञ का चुनाव सन्निकट होने के कारण देव पद पर चयनित किए जाने हेतु बहुत लोग मैदान में ताल ठोंक रहे हैं तथा मतदाता दिग्भ्रमित है। धर्म, जाति, परिवार, बाहुबल, धनबल के तीर से सभी इस युद्ध में विजय का वरण करना चाहते हैं। राजनैतिक दल उक्त पैमाने पर टिकट बांट चुके हैं और उम्मीदवार जनता के दरवाजे पर सर झुकाए घड़ियाली आंसू बहा कर मत मांग रहा है और जनता को लुभाने के लिए बढ़ चढ़ कर वायदे कर आकाश कुसुम खिला रहा है।

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए? एक संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने जिसे टिकट दिया वह कांग्रेस के पूर्व मंत्री रहे हैं और उन पर कुछ माह पूर्व भाजपा ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर ईडी, सीबीआई की जांच की मांग कर रही थी। अब वह भाजपा में सम्मिलित होकर निष्कलंक होकर पुराने भाजपाइयों को पीछे ढकेल कर टिकट लेने में सफल हो गए हैं। सपा ने बसपा सरकार में रहे एक ऐसे पूर्व मंत्री को मैदान में उतारा है जो दूसरे जिले के हैं तथा एनआरएचएम में हुए अरबों के महा घोटाले में अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंबे समय तक जेल में निरुद्ध भी रहे हैं। बसपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष को मैदान में उतारा है जो स्वयं तो बेदाग हैं लेकिन उनके पति की गणना पूर्वांचल के बाहुबलियों में है और वर्तमान में एक मुकदमें में दोषसिद्धि के पश्चात जेल में है। अभी यहां नामांकन प्रारंभ नहीं हुआ है, देखते हैं अन्य छोटे दलों या निर्दल प्रत्यासियों में कौन महाबली,धनबली इस सीट पर ताल ठोकता है। प्रदेश की अन्य बहुत सी सीटों पर धोषित उम्मीदवारों की छवि कमोवेश ऐसी ही है। मतदाताओं को स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को ढूढना कठिन हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में अभी पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ है। इस चरण में शांति व्यवस्था की कोई गंभीर समस्या तो नहीं आई लेकिन पहले चरण में देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीट पर हुए मतदान का प्रतिशत 62.37 रहा जो वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हुए 67.40 प्रतिशत तथा वर्ष 2014 के 66,44 प्रतिशत मतदान से कम है। चुनाव आयोग के अथक प्रयास,देश में बढ़ी साक्षरता एवं जागरूकता के बाद भी 37 प्रतिशत मतदाताओं का मतकेंद्र पर न आना गंभीर बात है। राजनैतिक दलों के खोखले आश्वासनों पर मतदाता का विश्वास घट रहा है। उम्मीदवारों का चाल, चरित्र, चेहरा मतदाता से छिपा नहीं है। चुनाव जीतने के बाद सांसद का मतदाताओं से किनारा कर लेने के कारण ' को नृप होइ हमहिं का हानी, वाले नजरिए से मतदाता मायूस और उदासीन होता जा रहा है। अच्छे उम्मीदवारों के अभाव में मतदाता के सामने पुनः वही प्रश्न उपस्थित है 'कस्मै उम्मीदवाराय मत विधेयम्'।

देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल-मई माह में होने वाली प्रचंड गर्मी और लू भी मतदाता को मतदान केंद्र से दूर रखती है। अभी हमारे आसपास के जनपदों में 43-44 डिग्री सेल्सियस की गर्मी पड़ रही है जो क्रमशः बढ़ती ही जाएगी। ऐसी प्रचंड गर्मी में मतदाता दोपहर को घर से बाहर निकलना नहीं चाहते। चुनाव यदि फरवरी से 15 मार्च तक समाप्त हो जाएं तो मतदाताओं को गर्मी से राहत रहेगी और मत प्रतिशत भी बढ़ेगा। 15 मार्च से हाई स्कूल, इंटर की परीक्षा भी हो सकती है।

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए?

## सोशल फोरम

# मर्यादावादी बनाम स्वच्छंदतावादी

पूरी पृथ्वी पर और विशेषतः भारतीय परंपरा में प्रेम की दो धाराएं रही हैं- मर्यादावादी और स्वच्छंदतावादी। मर्यादावादी धारा का प्रतिनिधित्व राम करते हैं और स्वच्छंदतावादी का कृष्ण। भारत ने कृष्ण को राम से अधिक महत्व दिया है। कृष्ण को पूर्णावतार और राम को अंशावतार बताया है। कृष्ण बहुआयामी हैं। वे गीता का ज्ञान भी दे सकते हैं। युद्ध के मैदान में सुदर्शन चक्र भी धारण कर सकते हैं। बांसुरी बजा सकते हैं और गोपियों के साथ रास भी रचा सकते हैं। राम युद्ध तो कर सकते हैं, लेकिन न बांसुरी बजा सकते हैं और न रास रचा सकते हैं। इसलिए अधूरे हैं। राम और कृष्ण आपस में कभी लड़ नहीं सकते, क्योंकि वे दोनों किसी तरह के अभाव में नहीं हैं। अपने-अपने स्वभाव के अनुसार चल रहे हैं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है। मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं, वे स्वच्छंदतावादी की निंदा अवश्य करेंगे, क्योंकि उसे भीतर ही भीतर यह सालता रहता है कि साला स्वच्छंदतावादी मौज कर रहा है और मैं वंचित हूं। अभाव, दुख और पीड़ा में जीने वाला हमलावर हो ही जाता है। स्वच्छंदतावादी अपने को बांधकर नहीं रखते, इसलिए उसके जीवन में अभाव नहीं के बराबर रहता है। जब अभाव नहीं, तो दुख भी नहीं और जब दुख नहीं, तो मर्यादावादी पर हमला करने की जरूरत भी नहीं। इसलिए आप देखेंगे स्वच्छंदतावादी कभी भी मर्यादावादी की आलोचना नहीं करते। उन्हें सुख भोगने से फुर्सत ही नहीं तो कौन, कब किस पर और क्यों हमला करे!

-फेसबुक वॉल से

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है । मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं।

# प्रेम, परिवार और पितृसत्ता

प्रेम करो तो जरुरी नहीं है कि प्रेमिका या प्रेमी का प्रेम में पितृसत्तात्मक व्यवहार न हो। प्रेमी ने बहुत सोच-विचार और वैचारिक मंथन के बाद तय किया कि शादी करेंगे। सोचा नए क़िस्म का परिवार बनाएंगें। लेकिन यह सपना बहुत जल्द टूट गया। प्रेमिका शादी के बाद पुंसवादी तेवर के साथ आचरण करने लगी, उसे लगा कि घर के सारे कामकाज करना तो मर्द का काम है, उसका काम तो सिर्फ़ पढ़ना है। वह खाती और घूमती, प्रेमी जो अब पति बन चुका था वह मातहत की भूमिका निभाने लगा, समानता का नारा अचानक कहीं गुम हो गया। कुछ महीने बाद प्रेमिका के शहर में प्रेमी की नौकरी लगी, प्रेमी ने घर न मिलने तक ससुराल में रहने का फैसला किया, लेकिन उसके बाद वह सास-ससुर की क़ैद से निकल नहीं पाया। उस पर प्रेमिका दवाब बनाने लगी कि घर जमाई होकर रहो। सास-ससुर की सेवा करो, उनके सब खर्चे उठाओ और घर का भाड़ा भी दो। प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि हम दोनों ने स्वतंत्र होकर घर बसाने का निर्णय लेकर ही शादी की थी और तुमने सहमति भी दी थी फिर अचानक तुम पलट क्यों रही हो? उसने कहा मेरे साथ शादी की है तो घर जमाई होकर रहना होगा। इसके बाद प्रेमी के स्वतंत्र परिवार बनाने, गैर-पुंसवादी परिवार बनाने की हत्या हो गई। संक्षेप में यह कहानी है एक शिक्षित महिला की।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

एक अन्य शिक्षित लड़की की राय जाने गैर शादी तय कर दी गई और सारे परिवार के कामकाज, देखभाल आदि का बोझा उसके ऊपर डाल दिया गया। वह पढ़ी लिखी होने के बावजूद अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पाई। तीसरे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित नहीं है लेकिन परिवार को सौंप दी गई हैं, उनकी शादी ऐसे परिवार में कर दी गई है जो खाते-पीते संपन्न परिवार हैं, इस तरह की लड़कियों के लिए परिवार ही धर्म है। चौथे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित हैं, पति भी शिक्षित है, और परिवार में वे पति की तरह ही कमाई करके लाती हैं, लेकिन मातहत की तरह रहती हैं। नौकरी करती हैं और घर के सभी दायित्व भी निभाती हैं। इन चारों क़िस्म की लड़कियों की धुरी है परिवार और सिर्फ़ परिवार। सवाल यह है क्या परिवार की संरचना में स्वतंत्रता, समानता और संप्रभु व्यक्तित्व के लिए कोई जगह है ? क्या परिवार का ढांचा व्यक्ति को स्वतंत्र यूनिट के रुप में देखता है ? क्या परिवार में लोकतंत्र, समानता और मित्रता के जीवन मूल्यों के लिए कोई नई जगह भारतीय समाज बना पाया है? हक़ीक़त यह है इन सभी सवालों के उत्तर हमारे पास नहीं हैं। क्योंकि परिवार को हम परम पवित्र मानकर चल रहे हैं। परिवार के बारे में सवाल खड़े करना गुनाह माना जाता है। अविवेकवाद के कारण ही परिवार के अंदर देखने, यथार्थ को देखने, स्त्री को देखने और सरकार को देखने के हमारे नज़रिए में विवेकवाद दाखिल नहीं होता। बिखरा और सड़ा परिवार हमारे राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या नहीं है। स्त्री उत्पीड़न भी प्रमुख समस्या नहीं है, लोकतांत्रिक हक़ों पर हो रहे हमले भी समस्या नहीं हैं।

हमारे समाज की दो आंखें हैं पुंसवाद और अविवेकवाद। इन दोनों ने परिवार, समाज, लोकतंत्र और राजनीति को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया है। आज प्रेम के विकास में परिवार सबसे बड़ी बाधा है। जो खुलेआम परिवार के सड़े गले ढांचे को बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में आने वाले समय में स्त्रियों पर हमले बढ़ेंगे, प्रेमी-प्रेमिकाओं पर हमले बढ़ेंगे। कुछ राज्यों और पूरे देश में बलात्कार की घटनाएं जिस तरह तरह बढ़ी हैं उससे सबक़ लें, जिस तरह एक दल के नेता खुलेआम बलात्कारियों का समर्थन कर रहे हैं उससे सबक लें वरना वह दिन दूर नहीं जब औरतों को अकल्पनीय कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

# औद्योगिक प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग

औद्योगिक प्रदूषण में वृद्धि के कारण हाल के वर्षों ग्लोबल वार्मिंग कि समस्या लगातार बढती जा रही है। रासायनिक अपशिष्टों, कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग, रेडियोधर्मी सामग्रियों के कारण औद्योगिक प्रदूषण पर्यावरण तथा इसके सभी घटकों को हानि पहुंचा रहा है। आज पानी भारी धातुओं, खतरनाक रसायनों, रेडियोंधर्मी कचरे और कार्बनिक कचरे के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है। मृदा प्रदूषण के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं तथा अन्य वनस्पतियों को भी हानि पहुंच रही है। वायु प्रदुषण के कारण हमें श्वांस के लिए भी साफ़ हवा नहीं मिल पा रही है और हम अनेक समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। जैव विविधता नष्ट होती जा रही है तथा ग्लोबल वार्मिंग की दर लगातार बढ़ रही है। कुल मिलाकर औद्योगिक प्रदूषण के कारण आज हम एक भयानक खतरे की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे हैं। स्पष्ट है कि औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करना अति आवश्यक है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी इस दिशा में प्रयास कर रहा है। हाल ही में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषित उद्योगों को बंद करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संदर्भ में बोर्ड ने 'निरीक्षण, रिपोर्ट तैयार करने और कार्रवाई के लिए एक मानक प्रोटोकॉल' भी तैयार किया है। इस प्रोटोकॉल में निर्धारित दिशा निर्देशों के आधार पर उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सामान्य तौर पर, मामूली नियम उल्लंघन के लिए, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप इकाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत बंद करने के निर्देश जारी करने से पहले इकाई को एक अवसर दिया जाता है। वास्तव में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण अति आवश्यक है तभी हम और हमारी भावी पीढियां सुखी जीवन जी सकते हैं।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

### भाजपा ने 17 में से नौ लोकसभा सीटों पर टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा, कांग्रेस ने भी कई सीटों पर टीआरएस के नेताओं पर दांव लगाया

# कांग्रेस- भाजपा की सीधी टक्कर में ठिकाने लगी टीआरएस

चुनाव डेस्क

अलग राज्य की मांग को लेकर चले लंबे आंदोलन के बाद देश के 29वें राज्य के रूप में तेलंगाना का गठन हुआ और यह राज्य दो जून, 2014 को अस्तित्व में आया। इस बार 18वीं लोकसभा के लिए तेलंगाना में चुनाव चौथे चरण में होगा। राज्य की 17 सीटों के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति ( टीआरएस ) जिसका नाम अब भारत राष्ट्र समिति हो चुका है, का आधार और प्रभाव विधानसभा चुनाव में हार के एक धक्के से इतनी जल्दी सिमटने लगेगा, किसी ने भी नहीं सोचा था, लेकिन तेलंगाना की हकीकत यही है। पार्टी को सत्ता से बाहर होने के बाद लगातार झटकों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में उसके सांसद, विधायक और नेता भाजपा या कांग्रेस में चले गए हैं। इसके चलते लोकसभा चुनाव में राज्य की अधिकतर सीटों पर मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा की लड़ाई बदल गया है। इन हालात में टीआरएस प्रमुख केसीआर की कोशिश चुनावी संघर्ष को त्रिकोणात्मक बनाकर अपनी पार्टी के लिए कुछ सीटों पर रास्ता बनाने तक सीमित नजर आ रहा है।

**2019 तेलंगाना में दलीय जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट | वोट % |
|---|---|---|---|
| टीआरएस | 09 | 7696848 | 41.4 |
| भाजपा | 04 | 3626173 | 19.6 |
| कांग्रेस | 03 | 5496686 | 29.7 |
| एआईएमआईएम | 01 | 517471 | 2.8 |

### दल- बदलुओं के सहारे भाजपा की बैटिंग

- तेलंगाना में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरे आधे से अधिक भाजपा उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि टीआरएस से जुड़ी है। प्रदेश की कुल 17 में से नौ सीटों पर भाजपा ने टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाया है। इनमें से अधिकतर बीते तीन माह के भीतर ही टीआरएस को छोड़कर भाजपा में आए हैं, और भाजपा ने उन्हें टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। दरअसल, विधानसभा चुनाव में आठ सीटें पाने वाली भाजपा को राज्य में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए टीआरएस के कंधे का इस्तेमाल करना आसान तरीका नजर आ रहा है। यही वजह है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व दल-बदल के खेल में आगे बढ़कर बैटिंग करने में यकीन कर रहा है। टीआरएस के नेताओं को टिकट देकर भाजपा तेलंगाना में कांग्रेस की चुनौती से निपटने के लिए अपनी नई जमीन तैयार कर रही है। टीआरएस नेताओं को शामिल करने में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी, कांग्रेस भी पीछे नहीं है। टीआरएस के कई सांसदों और विधायकों को कांग्रेस ने हाल ही में अपने पाले में किया है। पार्टी नेताओं ने भागने के वजह से टीआरएस यहां कमजोर सी हो गई है। हालांकि पार्टी नेता लगातार यहां प्रचार कर माहौल बनाने में जुटे हैं।




**2014 में प्रमुख दलों का वोट शेयर**

| | | |
|---|---|---|
| टीआरएस | 11 | 34.9 प्रतिशत |
| भाजपा | 01 | 10.5 प्रतिशत |
| कांग्रेस | 02 | 24.7 प्रतिशत |
| टीडीपी | 01 | 12.3 प्रतिशत |


### 2019 में टीआरएस के खाते में आईं थीं नौ लोकसभा सीटें

- टीआरएस ने 2019 के चुनाव में नौ लोकसभा सीटें जीती थीं। लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के बाद पार्टी के पांच सांसदों ने हाल ही में पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा या कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इसमें टीआरएस के लिए सबसे बड़ा झटका चेवेल्ला से उसके सांसद रंजीत रेड्डी का दलबदल था। वह अब इसी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार बन चुके हैं। इसी तरह हैदराबाद की खैरताबाद विधानसभा सीट से टीआरएस विधायक दानम नागेंद्र भी अब कांग्रेस से टिकट पाकर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। विधायक दानम नागेंद्र को कांग्रेस ने सिकंदराबाद लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी जी किशन रेड्डी के सामने उतार दिया है। उधर, विकाराबाद जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष और पूर्व बीआरएस नेता सुनीता महेंद्र रेड्डी दलबदल करने के बाद मल्काजगिरी सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। टीआरएस के पेद्दापल्ली से मौजूदा सांसद वेंकटेश भी कांग्रेस में चले गए हैं। वारंगल के सांसद पसुनुरी दयाकर भी लोकसभा के टिकट से इनकार किए जाने के बाद टीआरएस छोड़ चुके हैं।

### 17 दिन सड़क पर रहेंगे केसीआर, हर सीट पर करेंगे रोड शो

- कांग्रेस और भाजपा द्वारा टीआरएस में की गई तोड़फोड़ से केसीआर के सामने दोतरफा चुनौती खड़ी हो गई है। छह माह पहले तक राज्य में टीआरएस अजेय भूमिका में थी। केसीआर को अपने ऊपर इतना भरोसा था कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से ज्यादा राष्ट्रीय राजनीति पर फोकस कर रखा था। इंडिया गठबंधन से अलग एक नया गठबंधन खड़ा करने की संभावनाओं पर काम करने के साथ राज्य से बाहर राष्ट्रीय स्तर पर अपने लिए नई भूमिका तलाश रहे थे। लेकिन विधानसभा चुनाव में जमीन क्या खिसकी उनके तमाम साथी, सांसद और विधायक ही साथ छोड़ गए। केसीआर को इस सदमे से उबरने और पार्टी को संभालने में थोड़ा वक्त लगा, लेकिन माना जा रहा है कि अब वह लोकसभा चुनाव को अपने और पार्टी के अस्तित्व से जुड़ी चुनौती मानकर नए सिरे से तैयारी करने में जुटे हैं। केसीआर ने सड़क पर निकल कर लोगों के बीच जाने का पैसला किया है। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत केसीआर ने 24 अप्रैल से अगले 17 दिनों तक राज्य की सभी 17 लोकसभा सीटों पर रोड शो करने का फैसला लिया है। केसीआर का रोड शो 24 अप्रैल को मिर्यालगुडा में शुरू होकर 10 मई को सिद्दिपेट जिला मुख्यालय पर समाप्त होगा।

## हैदराबाद सीट पर 40 साल से ओवैसी परिवार काबिज




हैदराबाद लोकसभा सीट पर पिछले 40 सालों से ओवैसी परिवार का दबदबा है। इसे उनकी परंपरागत सीट माना जाता है। इसकी एक वजह करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 11 लाख से अधिक होना है। हैदराबाद से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी पिछले चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। उनके पिता सलाहुद्दीन ओवैसी ने इस सीट पर आधा दर्जन बार जीत हासिल की थी। इस बार एक बार फिर हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी मैदान में हैं। उनके खिलाफ भाजपा ने तेजतर्रार और हिंदुत्व की प्रबल समर्थक माधवी लता को उम्मीदवार बनाया है, जो ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रही हैं। माधवी लता सिर्फ ओवैसी ही नहीं, बल्कि उनके भाई अकबरुद्दीन के साथ कांग्रेस पर भी हमलावर हैं। वह पसमांदा मुस्लिम महिलाओं के बीच काम करती रही हैं। सोशल वर्कर हैं और एक हास्पिटल चलाती हैं। उनका कहना है कि मुस्लिम महिलाएं गरीबी और डर में जी रही हैं। वो 10 बच्चों को जन्म दे रही है। लेकिन ऐसे बच्चों का क्या फायदा। जब उन्हें अच्छे से पढ़ा नहीं पा रहे, ठीक खाना और सेहत नहीं दे पा रहे हो। टीआरएस ने ओवैसी और माधवी लता के मुकाबले में गद्दाम श्रीनिवास यादव को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के उम्मीदवार भगवंत राव को 2 लाख 82 हजार 186 वोटों से हराया था। ओवैसी को 5 लाख 17 हजार 471 वोट मिले थे, जबकि भगवंत राव ने 2 लाख 35 हजार 285 वोट पाए थे। टीआरएस उम्मीदवार पुस्ते श्रीकंड को 63 हजार 239 और कांग्रेस के फिरोज खान को 49 हजार 944 वोट हासिल हुए थे। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत 7 विधानसभा सीटें आती हैं. इसमें से 6 विधानसभा सीटों पर एआईएमआईएम का कब्जा है. जबकि एक सीट गोशमहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टी राजा सिंह विधायक हैं।

### 5.41 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए मृत्यु, पलायन और फर्जी निकला कारण

- चुनाव आयोग ने हैदराबाद जिले की मतदाता सूची से 5.41 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। 15 विधानसभा क्षेत्रों के इन मतदाताओं के नाम इसलिए हटाए गए हैं, क्योंकि इनमें से ज्यादातर की मौत हो गई है, या वह दूसरी जगह चले गए हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में फर्जी वोटरों के नाम भी हटाए गए हैं। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र में छह लाख से अधिक फर्जी वोट होने का दावा करते हुए शिकायत की थी। उनका आरोप था कि असदुद्दीन ओवैसी फर्जी वोटों से चुनाव जीतते हैं।

### हाथ से तीर के इशारे पर रिपोर्ट दर्ज, ओवैसी ने इबातदगाहों की सुरक्षा को बनाया मुद्दा

- हैदराबाद में इस बार ओवैसी और भाजपा के बीच तीखा वार-पलटवार चल रहा है। माधवी लता के एक वीडियो पर खूब सियासत तेज हो रही है। इसमें माधवी लता एक जुलूस के दौरान हाथ से काल्पनिक तीर छोड़ने का इशारा कर रही हैं। आरोप है कि उनका इशारा एक धर्म स्थल की तरफ है। इस मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। माधवी लता की कड़ी चुनौती में फंसे असुदद्दीन ओवैसी ने ध्रुवीकरणके लिए इस मुद्दे को लपक कर धर्म और वोट से जोड़ दिया है। अभी तक वह अपने भाषणों में जहां मुख्तार अंसारी की मौत से लेकर सीएए और एनआरसी के मुद्दे उठा रहे थे, अब इबातदगाहों की सुरक्षा को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है।



## दिल्ली में दो प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस में रार

नई दिल्ली



**अमृत विचार:** दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच हुए सीटों के बंटवारे के बाद कांग्रेस के दो उम्मीदवारों को लेकर पार्टी में अंतर्कलह अब चरम पर पहुंच गई है। कन्हैया कुमार और उदित राज की उम्मीदवारी के विरोध में पार्टी कार्यालय के बाहर उस समय जमकर नारेबाजी हुई जब अंदर प्रेस वार्ता चल रही थी।

कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का टिकट काटकर जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम सीट पर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए पूर्व सांसद उदित राज को मैदान में उतारा है।

इन दोनों उम्मीदवारों के विरोध को सुलझाने के लिए दिल्ली के प्रभारी दीपक बाबरिया के घर में बैठक बुलाई गई थी। वहां पर भी पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक जय किशन व सुरेंद्र कुमार आदि ने जमकर हंगामा किया था।दिल्ली के नेताओं का आरोप है कि उदित राज एवं कन्हैया कुमार दिल्ली के नहीं है। जबकि स्थानीय नेताओं की मांग यहां पर ज्यादा है। इसलिए यह दोनों उम्मीदवार बदले जाएं। दोनों उम्मीदवारों को लेकर चल रहे बवाल पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता बुलाई थी। जैसे ही इसकी जानकारी विरोध कर रहे दावेदारों एवं कार्यकर्ताओं को लगी, उन्होंने नारेबाजी की। पार्टी नेताओं का कहना है कि जिस तरह से चांदनी चौक में पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल को टिकट दिया गया है। ठीक उसी प्रकार उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित और उत्तर पश्चिम दिल्ली से स्थानीय नेताओं को टिकट दिया जाए।




**मांगा समर्थन**


केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को जम्मू में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में लोगों को बताया और कहा कि इस बार चार सौ पार का जो नारा है वह मतदाताओं के दम पर पूरा होगा। केंद्रीय मंत्री ने पार्टी उम्मीदवार की जीत के लिए अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद घाटी में आए परिवर्तन और विकास पर भी चर्चा की। जम्मू- कशमीर में हो रहे विकास कार्यों को भी गिनाया। विरोधी दलों की नीतियों को देश विरोधी बताया।

## 'अब मथुरा की बारी' से साध रहे यादव बिरादरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में भाजपा के क्लीन स्वीप की कमान तो संभाल ही रखी है, इसके साथ ही यूपी और बिहार में यादव बाहुल्य लोकसभा सीटों पर भी भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार में जा रहे हैं।

लेकिन इस प्रचार में एक बात हर जगह देखी जा रही है, मुख्यमंत्री मोहन यादव लगभग हर जगह यादव बिरादरी की अस्मिता का सवाल उठाने के साथ 'अब मथुरा की बारी है' का नारा जरुर दे रहे हैं। यादव बहुल सीटों पर रणनीतिक रूप से भाजपा की तरफ से मोहन यादव को यादव मतदाताओं को कमल निशान की तरफ मोड़ने के लिए उतारा गया है।

इसके लिए मोहन यादव के यादव बहुल क्षेत्रों में दौरे और सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यूपी में आकर मथुरा, आगरा, अलीगढ़ और ब्रज क्षेत्र के साथ-साथ देश-विदेश के कृष्ण भक्तों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए कृष्ण जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण की मांग की थी और इसे यादव समाज के सम्मान के साथ जोड़ा था। मध्य प्रदेश के छतरपुर में तो मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि पार्टी अब मथुरा की तैयारी कर रही है। इसके लिए भाजपा को वोट देना पड़ेगा।



## मजदूरों के घोषणापत्र में मोदी को हटाने की भरी गई हुंकार

**शिमला।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के हिमाचल प्रदेश के सोलन में हुए अधिवेशन में लोकसभा चुनाव में 'मोदी हटाओ देश बचाओ' अभियान मजबूत करने के लिए मजदूरों का घोषणा पत्र जारी किया गया।


अधिवेशन में मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भाजपा को हराने का आह्वान किया गया। नेताओं ने कहा कि पिछले दस साल से मोदी सरकार लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्ष और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए 44 श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मोदी सरकार की कारगुजारियों के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और मंहगाई आसमान छू रही है। अग्निवीर योजना लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश के प्राकृतिक व सार्वजनिक संसाधनों को मोदी सरकार अपने चंद कॉरपोरेट मित्रों के हवाले करने में लगी है। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक मुद्दों पर देश का विभाजन करने की नापाक कोशिश की जा रही है।



- सीटू ने सोलन के अधिवेशन में दस साल के कामकाज को कोसा
- अग्निवीर योजना और महंगाई पर सरकार को घेरने की कोशिश

# कांग्रेस खाता खोलने तो भाजपा जीत का अंतर बढ़ाने में जुटी

**भोपाल। मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में पहले चरण की छह सीटों पर मतदान के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के बीच घमासान दूसरे चरण की छह सीटों पर बढ़ गया है। दूसरे चरण में खजुराहो, दमोह, टीकमगढ़, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन सीटों पर 75 पुरुष, चार महिलाएं और एक थर्ड जेंडर समेत 80 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना में हैं। दमोह, खजुराहो और रीवा में 14-14 और होशंगाबाद में 12 तथा टीकमगढ़ में सात प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है।**




### टीकमगढ़ : जातीय गोलबंदी व बाहरी के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री को घेरने की कोशिश

- भाजपा से सात बार के सांसद केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के सामने कांग्रेस ने नए चेहरे के रूप में पंकज अहिरवार को उतारा है। उनकी इलाके में ज्यादा पहचान नहीं है। इसे देखते हुए कांग्रेस यहां स्थानीय बनाम बाहरी को मुद्दा बना रही है। भाजपा सांसद के खिलाफ थोड़ी नाराजगी की बात कही जा रही है, लेकिन मोदी के नाम पर लोग भाजपा के समर्थन में हैं। इस सीट पर अहिरवार मतदाताओं की संख्या करीब पांच लाख है। कांग्रेस की कोशिश इन्हें लामबंद करने की है।



### होशंगाबाद: भाजपा के मजबूत गढ़ में कांग्रेस कर रही सेंध लगाने का प्रयास

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा के दर्शन सिंह का सामना कांग्रेस के दो बार के विधायक संजय शर्मा कर रहे हैं। वह पहले भाजपा में रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने प्रभाव से चुनाव अभियान चला रहे हैं, लेकिन यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ है। मोदी के चेहरे का लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है। इस क्षेत्र से प्रहलाद पटेल, राव उदय प्रताप सिंह और नरेंद्र शिवाजी पटेल तीन मंत्री आते हैं। भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है।



### खजुराहो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को वॉक ओवर, गठबंधन से प्रत्याशी नहीं

- इस सीट पर 1989 से भाजपा का दबदबा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एक बार फिर मैदान में हैं। कांग्रेस ने यादव वोटों की बहुलता देखते हुए यह सीट गठबंधन के सहयोगी दल सपा को दी थी, लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद हो जाने से अब इंडी गठबंधन को फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति को समर्थन देना पड़ा है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा को वॉक ओवर मिल गया है। जानकार यहां चुनाव एकतरफा मान रहे हैं।



### सतना : रोचक त्रिकोणीय मुकाबला बढ़ा रहा भाजपा सांसद की मुश्किल

- यहां मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। भाजपा सांसद गणेश सिंह के सामने कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को उतारा है। बसपा से पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव में सिद्धार्थ कुशवाहा ने गणेश सिंह को हराया था। अब फिर दोनों आमने-सामने हैं। बसपा प्रत्याशी कैडर और ब्राह्मण वोटों के सहारे हैं। कुर्मी वोट गणेश सिंह और कुशवाहा वोट सिद्धार्थ में बंट सकते हैं, जिनकी हिस्सेदारी लगभग बराबर है। ऐसे में 22 फीसदी ब्राह्मण वोट निर्णायक होंगे।

### दमोह: लोधी बनाम लोधी की रोचक लड़ाई

यहां दो पूर्व विधायकों के बीच जंग है। भाजपा ने हाल ही में कांग्रेस छोड़कर आए पूर्व विधायक राहुल लोधी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी को मुकाबले में उतारा है। इस सीट पर लोधी वोटर निर्णायक माना जाता है। ऐसे में लोधी बनाम लोधी की टक्कर दिलचस्प हो गई है।



विधानसभा चुनाव मंन भाजपा ने जिले में बढ़िया प्रदर्शन किया था। भाजपा मोदी का चेहरे और गारंटी पर वोट मांग रही है। पार्टी के जयंत मलैया और प्रहलाद पटेल गुट एकजुट होकर बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा उछाल रहे हैं, जवाब में कांग्रेस बिकाऊ के मुकाबले टिकाऊ का नारा देकर चुनाव लड़ रही है।

### रीवा: कांटे की टक्कर में ब्राह्मण वोटों को लेकर भाजपा और कांग्रेस में मचा है घमासान

यहां जनार्दन मिश्रा भाजपा के टिकट पर तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने विधायक अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को मुकाबले में उतारा है। जानकार दोनों के बीच कांटे की टक्कर मान रहे हैं। इस सीट पर जीत के लिए भाजपा ने पूरा अभियान मोदी के चेहरे पर केंद्रित कर रखा है, जबकि कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को उठा रही है। यहां ब्राह्मण वोटों पर घमासान मचा है।







इलेक्शन बायस्कोप






लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों के प्रत्याशी मैदान में संघर्षरत हैं। प्रचार के लिए हर जोड़-तोड़ भी कर रहे हैं, लेकिन चुनाव का प्रमुख हिस्सा प्रचार सामग्री की बिक्री इस बार ज्यादा नहीं हो रही। ऐसे में दुकानदारों में मायूसी है। इसी क्रम में राजधानी के त्रिलोकी नाथ रोड स्थित चुनाव प्रचार सामग्री की दुकानों पर पसरा सन्नाटा। -अमृत विचार

## कौशल किशोर भी 29 को भरेंगे पर्चा



**अमृत विचार, लखनऊः** मोहनलालगंज से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ ही किशोर भी पर्चा भरने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी दोनों एक साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और नामांकन किया था। जानकारी के अनुसार किशोर प्रदेश पार्टी मुख्यालय पहुंचेंगे और वहां से कलेक्ट्रेट जाएंगे। कौशल के नामांकन के लिए तैयारियां जारों पर है,जिससे कोई खामी न रह जाए।

# पीडीए फैक्टर के साथ बूथ स्तर तक पकड़ बनाने में जुटी कांग्रेस

**17 सीटों पर जीत के संघर्ष के लिए जुटे है कांग्रेस कार्यकर्ता**

**राहुल और प्रियंका गांधी के प्रदेश की अन्य सीटों पर भी जनसभा कराने की चल रही तैयारी**

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों पर प्रदेश कांग्रेस जीत के संघर्ष में जुटी है। पहले चरण की सहारनपुर सीट पर मतदान के बाद अब कांग्रेस ने बाकी चरणों की सीटों पर ताकत झोक दी है। पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक फैक्टर के साथ बूथ स्तर पर बैठकें कर मतदाताओं पर पैठ बनाने पर खासा जोर दिया जा रहा है। कांग्रेस ने रणनीति को धार देने के लिए 25 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक बुलाई गई है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी पहले चरण की सहारनपुर सीट पर इमरान मसूद के पक्ष में जनसभा कर चुकी हैं। यहां मतदान होने के बाद अमरोहा में राहुल गांधी की जनसभा हो चुकी है। राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के प्रदेश की अन्य सीटों पर भी जनसभा कराने की तैयारी चल रही है। अमेठी व रायबरेली सीटों पर प्रत्याशी अभी घोषित नहीं है, पर इन सीटों से राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस के पास केवल एक सहारनपुर सीट थी, पर दूसरे चरण में चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर व मथुरा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अमरोहा सीट से दानिश अली, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बुलंदशहर सीट से शिवराम वाल्मीकि व मथुरा से मुकेश धनगर शामिल हैं। इसके अलावा तीसरे चरण में फतेहपुर सीकरी सीट पर कांग्रेस के राम नाथ सिकरवार अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। अमरोहा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का मुकाबला भाजपा के कंवर सिंह तंवर व बसपा के मुजाहिद हुसैन से है। गाजियाबाद में कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के सामने भाजपा ने अतुल गर्ग व बसपा ने बसपा नन्द किशोर पुण्डीर को चुनाव मैदान में उतारा है। बुलंदशहर सीट पर भाजपा के डॉ भोला सिंह व बसपा के गिरीश चन्द्र चुनाव मैदान में हैं, मथुरा सीट पर भाजपा से सिने अभिनेत्री हेमामालिनी व बसपा से सुरेश सिंह हैं।

तीसरे चरण की फतेहपुर सीकरी सीट पर कांग्रेस ने राम नाथ सिकरवार को उतारा है, तो भाजपा ने राजकुमार चाहर व बसपा ने राम निवास को चुनाव मैदान में उतारा है। चौथे चरण की सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। दूसरे, तीसरे व चौथे चरण के लिए कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत अन्य नेता अपनी रणनीति के तहत चुनाव प्रचार में जुटे हैं। लोकसभा स्तर पर बने प्रभारी व समन्वयक जिला व शहर पदाधिकारियों के जरिये आम लोगों तक अपनी पहुंच बनाए हुए है। दूसरे, तीसरे व चौथे चरण के बाद कांग्रेस बाकी चरण के चुनाव में जुटने की तैयारी कर रही है।



**दूसरे चरण की सीटें**

अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा

**तीसरे चरण की सीटें**

सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला व बरेली।

**चौथे चरण की सीटें**

शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच

## चुनावी चक्कर

- **यह कैसी चुनौती है नेता जी?:** मथुरा में लोकसभा चुनाव का संघर्ष चरम पर है। पार्टी प्रत्याशियों एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तीखा होता जा रहा है। ऐसे में प्रतिक्रियाओं की गंभीरता पर सवाल उठ जाते हैं। इसी क्रम में मथुरा की मांट विधानसभा से आठ बार के विधायक व मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे श्याम सुंदर शर्मा ने भाजपा की प्रत्याशी हेमा मालिनी को अजीब सी चुनौती दे डाली। कहा कि हेमा मांट तहसील के टैंटीगांव कस्बा का नाम बोलकर दिखा दें। अगर, नाम बोल लिया तो एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। श्याम सुंदर शर्मा का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। श्याम सुंदर शर्मा बसपा के नेता हैं और आजकल पार्टी के प्रत्याशी सुरेश सिंह के लिए प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

- **करोड़पति उम्मीदवारों में निर्दलीय आगेः** लोस चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। रोचक यह है कि दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक है। पार्टी-वार बात करें तो, करोड़पति उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा संख्या निर्दलीयों की है। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस का नंबर आता है। अगर, सिर्फ उत्तर प्रदेश पर नजर डालें तो, यहां 8 सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। जिसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस फेज में उप्र. से चुनावी रण में 91 उम्मीदवार रेस में हैं। जिसमें करीब 42 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जो अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

- **गर्मी से बेहाल हैं माननीयः** गर्मी के सख्त होते मिजाज के साथ-साथ लोकसभा चुनाव का संघर्ष भी अपने चरम पहुंच रहा है। इस बीच सबसे ज्यादा दिक्कत में वे माननीय है जो बहुत कम ही अपने एयरकंडीशन कमरों से निकल कर जनता से मुखातिब होते थे। अब उन्हें दिन पर धूप में मतदाताओं को रिझाने के लिए कार्यक्रमों में शामिल होना पड़ रहा है। कहीं पंखे की तो कहीं कूलर की और कहीं उन्हें किसी यंत्र की हवा तक नसीब हो रही। हां एक बात दिलचस्प यह है कि, इन नेताओं की अगर फोटो या वीडियो कही छप जाए-चल जाए तो गर्मी दूर हो जाती है।

# जनसंघ, कांग्रेस की धरती पर सपा व बसपा चख चुकी हैं जीत का स्वाद

**इस बार भाजपा व इंडी गठबंधन के बीच सीधी टक्कर के आसार**

लाल जी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचारः** श्रावस्ती जो कि पूर्व में बलरामपुर लोकसभा सीट थी, एक समय जनसंघ और कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। 80 के दशक के बाद इस सीट पर सपा और बसपा का भी जनाधार बढ़ा। मौजूदा चुनाव में नामांकन शुरू होने में एक सप्ताह से कम का समय बचा है। इस बार के चुनाव में भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के बीच फिलहाल सीधी टक्कर होने के आसार जा रही हैं। ऐसा इसलिए है कि अभी तक बसपा ने श्रावस्ती लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

भाजपा ने सबसे पहले यहां से साकेत मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। निवर्तमान सांसद बसपा के थे जो कि अब हाथी से उतरकर साइकिल पर सवार हो चुके हैं। पार्टी ने उन्हें गठबंधन के तहत यहां से प्रत्याशी भी बनाया है। बताते चलें कि बलरामपुर लोकसभा सीट का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। इस सीट से पहली बार 1957 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जनसंघ के टिकट पर सदन में पहुंचे थे। साल 1962 के चुनाव में उनको कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने करीब 2000 मतों से हरा दिया था। साल 1967 में अटल बिहारी वाजपेई फिर से सांसद बने। साल 1971 के चुनाव में इस सीट पर फिर एक बार कांग्रेस के चंद्रभाल मणि तिवारी ने कब्जा किया। साल 1977 के चुनाव में नानाजी देशमुख ने जनता पार्टी के टिकट पर यह सीट जीत ली।

साल 1980 में एक बार फिर यह सीट कांग्रेस की झोली में आई और चंद्रभाल मणि तिवारी दोबारा सांसद बने। साल 1984 में भी इस सीट पर कांग्रेस के ही महंत दीप नारायण वन चुनाव जीते। साल 1989 में इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां ने कब्जा किया। फिर साल 1991 तथा 1996 में यह सीट भाजपा के खाते में रही। दोनों बार यहां से सत्यदेव सिंह सांसद बने। साल 1998 तथा 1999 के चुनाव में अपने बढ़ते जनाधार के बल पर सपा के रिजवान जहीर बलरामपुर सीट से सांसद बने। हालांकि साल 2004 के चुनाव में भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह ने रिजवान जहीर को मात देकर यह सीट बीजेपी की झोली में डाल दी।

साल 2009 में नई संसदीय सीट श्रावस्ती का सृजन हुआ। इस सीट पर पहली बार कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडे ने जीत हासिल की। 2014 के चुनाव में सपा के बाहुबली अतीक अहमद को हराकर भाजपा के दद्दन मिश्रा ने इस सीट पर कब्जा किया। साल 2019 के चुनाव में यह सीट सपा बसपा के गठबंधन की वजह से बसपा के खाते में गई और बसपा के राम शिरोमणि वर्मा ने मात्र 5320 मतों से भाजपा के दद्दन मिश्रा को हराकर इस सीट पर बसपा का परचम लहराया। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राम जन्मभूमि तीर्थ निर्माण परिषद के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा के बेटे साकेत मिश्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है। तो वहीं दूसरी तरफ राम शिरोमणि वर्मा बसपा से निकलकर सपा में शामिल हो गए और सपा ने इंडिया गठबंधन के तहत उन्हें श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर मैदान में उतारा है।

अटकलें लगाई जा रही है कि कांग्रेस से चुनाव लड़ने का सपना देख रहे पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह आगामी दिनों में धमाका कर सकते हैं। यदि वह चुनाव मैदान में उतरते हैं तो यहां पर एक बार बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा गर्म हो सकता है। क्योंकि भाजपा के साकेत मिश्रा मूलतः देवरिया जनपद के निवासी हैं। वहीं सपा के राम शिरोमणि वर्मा अंबेडकर नगर के मूल निवासी हैं।

**बलरामपुर से श्रावस्ती लोक सभा सीट**

चुनाव आयोग ने वर्ष 2008 में देश मे लोकसभा तथा विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन कराया था। नये परिसीमन में बलरामपुर संसदीय सीट का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया। श्रावस्ती के नाम से नई संसदीय सीट का गठन किया गया। श्रावस्ती संसदीय सीट में श्रावस्ती जनपद की भिनगा तथा श्रावस्ती विधानसभा और बलरामपुर जनपद की सदर, तुलसीपुर तथा गैंसड़ी विधानसभा को शामिल किया गया है। इसी परिसीमन में बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा सीट को गोंडा संसदीय सीट में भी शामिल कर दिया गया।

**इस बार के चुनाव में नहीं दिखेगा रिजवान जहीर का जोर**


लगभग तीन दशक से बलरामपुर तथा श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में अपना प्रभुत्व रखने वाले रिजवान जहीर वर्ष 2024 के चुनाव में खामोश दिखाई दे रहे हैं। रिजवान जहीर इस समय नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व अध्यक्ष फिरोज अहमद और पप्पू के हत्या की साजिश के आरोप में जेल में बंद है। पिछले चुनाव में उन्होंने सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा को जिताने में अपना पूरा जोर लगाया था। ऐसा माना जाता है की बलरामपुर तथा श्रावस्ती जिले में उनके काफी समर्थक हैं। जो कि उनके एक इशारे पर चुनाव का समीकरण बदल सकते हैं। उनके नेपथ्य में रहने से इस बार के चुनाव में क्या असर पड़ेगा यह अभी भविष्य के गर्भ में है।


राम शिरोमणि वर्मा।


साकेत मिश्रा।

## आईना : श्रावस्ती लोकसभा सीट


**2019 के चुनाव का लेखा जोखा**




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| राम शिरोमणि वर्मा | 441,771 |
| दद्दन मिश्र | 4,36,451 |
| धीरेंद्र प्रताप सिंह | 58,042 |

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | दद्दन मिश्र | 3,45,964 |
| सपा | अतीक अहमद | 2,60,051 |
| बसपा | लाल जी वर्मा | 1,94,890 |
| कांग्रेस | विनय कुमार पांडे | 20,006 |

**2014 में किसको कितने वोट**




**निर्वाचित सांसद**



| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1957 | अटल बिहारी वाजपेयी | भारतीय जनसंघ |
| 1962 | सुभद्रा जोशी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | अटल बिहारी वाजपेयी | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | चन्द्र भाल मणि तिवारी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | नानाजी देशमुख | जनता पार्टी |
| 1980 | चन्द्र भाल मणि तिवारी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | महंत दीप नारायण वन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | फसी-उर-रहमान मुन्नन खान | स्वतंत्र |
| 1991 व 96 | सत्यदेव सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 व 99 | रिज़वान ज़हीर | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2009 | विनय कुमार पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | दद्दन मिश्र | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | राम शिरोमणि वर्मा | बहुजन समाज पार्टी |

श्रावस्ती


**2024**

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | - | 1972930 |
| पुरुष | - | 1054398 |
| महिला | - | 918480 |
| अन्य | - | 52 |

2014 नोटा 1 | 2019 नोटा 17,108

**2009 चुनाव के आंकड़े**

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | विनय कुमार पांडे | 2,01,556 |
| बसपा | रिज़वान ज़हीर | 1,59,527 |
| सपा | रुबाब सईदा | 1,11,247 |
| भाजपा | सत्यदेव सिंह | 47,943 |





## अपनी ढपली अपना राग


भाजपा देश पर अंग्रेजों की तरह शासन करना चाहती है। इनके पास देश की जनता को बताने के लिए कुछ नहीं बचा है। -अखिलेश यादव


आपके वोट की ही ताकत थी कि पाकिस्तान को कुछ घंटों में अभिनंदन को सकुशल व वीआईपी ट्रीटमेंट देकर वापस लौटाना पड़ा था। - ब्रजेश पाठक


कांग्रेस, सपा व बसपा देश के 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन को कमीशनखोरी की भेंट चढ़ाकर खुद हजम करना चाहते हैं।। -धर्मपाल सिंह


भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है। वे भोली-भाली जनता को छलते हैं। - अजय राय


10 साल का शासन तो केवल ट्रेलर मात्र है पिक्चर अभी बाकी है। यह चार जून को चार बजे जब 400 पार होगा तो रिलीज होगी। -केशव मौर्य।

## शिअद के पांच और उम्मीदवार घोषित

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने सोमवार को पंजाब में पांच और चंडीगढ़ के लिए एक उम्मीदवार की घोषणा की। पार्टी प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की पत्नी और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल बठिंडा से मैदान में हैं। मोहिंदर सिंह केपी को जालंधर सीट से उतारा गया है। बादल ने लुधियाना से रणजीत सिंह ढिल्लों, होशियारपुर से सोहन सिंह ठंडल और फिरोजपुर से नरदेव सिंह बॉबी मान और चंडीगढ़ से हरदीप सिंह सैनी को उम्मीदवार बनाया है। बठिंडा सीट पर हरसिमरत कौर बादल का मुकाबला भाजपा की परमपाल कौर सिद्धू, आप के गुरमीत सिंह खुड्डियां और कांग्रेस के जीत मोहिंदर सिद्धू से होगा। जालंधर में केपी का मुकाबला कांग्रेस के चरणजीत सिंह चन्नी, आप के पवन कुमार टीनू और भाजपा के सुशील रिंकू से होगा। शिअद ने अब तक 12 संसदीय क्षेत्रों - आनंदपुर साहिब, गुरदासपुर, लुधियाना, फिरोजपुर, जालंधर, होशियारपुर, बठिंडा, फरीदकोट, संगरूर, अमृतसर, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है।

# महाराजा सुहेलदेव के 'तेज' से अपनी धार मजबूत कर रही भाजपा

**भाजपा ने महाराजा सुहेलदेव स्मारक को पुनर्स्थापित कर हिंदू समाज को राजनैतिक रूप से एकजुट किया**

**देवीपाटन मंडल के जिलों में शौर्य के अनुपम उदाहरण के रूप में पेश किए जाते हैं महाराजा**

**आक्रांता महमूद गजनवी के भतीजे सैयद सालार मसूद गाजी के आतंक से क्षेत्र को किया था मुक्त**

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** तुमने दिया देश को जीवन, देश तुम्हें क्या देगा। अपनी आग तेज करने को नाम तुम्हारा लेगा। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर द्वारा लिखित यह पंक्ति वर्तमान समय में श्रावस्ती-बहराइच के महाराजा सुहेलदेव स्मारक से एक संदेश के रूप प्रतिध्वनित होती है।

यह संदेश देवीपाटन मंडल के हिंदू समाज में 'हम की भावना' के रूप में अनुभव किया जा सकता है। स्मारक परिसर में पहुंचने पर हर व्यक्ति एक ऐसे गौरव की अनुभूति करता है, जिससे वह अभी तक अनजान था। अनजान इसलिए भी क्योंकि हर किसी को महाराजा सुहेलदेव के बारे में उतना नहीं पता था, जितना कि अब बताया जाने लगा।

- **कई जातियों द्वारा अपने-अपने समाज को जोड़े जाने के बावजूद हिंदू एकता के प्रतीक के रूप में स्थापित हैं महाराजा**

2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद जब राष्ट्रवादी विचारधारा को एक एजेंडे के रूप में प्राथमिकता दी जाने लगी तो स्थानीय बुद्धिजीवियों ने महाराजा सुहेलदेव का जिक्र करना शुरू कर दिया। बाद में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने महाराजा सुहेलदेव के इतिहास को आज के परिवेश में धार देना शुरू कर दिया। भाजपा ने महाराजा सुहेलदेव के राष्ट्रवाद के अपने राष्ट्रवाद से जोड़ दिया। इसी का परिणाम था कि 2019 के चुनावों में देवीपाटन मंडल की सभी लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में गिरी। 2017 में उप्र. में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराजा सुहेलदेव के व्यक्तित्व और कृतित्व में व्यक्तिगत रूप से भी रुचि लेने लगे। आलम यह था कि योगी की रुचि को भांपते हुए पर्यटन विभाग के अधिकारी लगातार निर्माणाधीन स्मारक पर ही मुस्तैद रहने लगे। महाराजा सुहेलदेव भारतीय इतिहास के उन महान व्यक्तित्वों में एक हैं, जिन्हें हिंदू समाज की सभी जातियां गर्व पूर्वक स्वीकार करती हैं। ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य व दलित समाज हो अथवा इनकी उपजातियां, सभी महराजा को सम्मान की दृष्टि से देखती हैं। इस स्वीकार्यता का पूरा फायदा भाजपा ने देवीपाटन मंडल में उठाया। भाजपा का मानना है कि महाराजा सुहेलदेव एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो लोकसभा की चार सीटों और विधानसभा की 11 सीटों पर सीधे असर डालते हैं।

अन्य पार्टियां अपने धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के कारण महाराजा सुहेलदेव को कभी स्वीकार नहीं कर पाईं।



**पराक्रम से लवरेज है महाराजा का इतिहास**

11वीं शताब्दी में महमूद गजनवी के भतीजे सैयद सालार मसूद गाजी ने 16 वर्ष की उम्र में सिंधु नदी पार कर भारत में आक्रमण किया था। गाजी ने अपने अभियान में मुल्तान, दिल्ली, मेरठ और अंत में सतरिख पर विजय पाई। सतरिख में उसने अपने मुख्यालय की स्थापना की थी और स्थानीय राजाओं को हराने के लिए सेनाओं को भेज दिया था। इसी के तहत सैयद सैफुद्दीन और मिया राजब को बहराइच भेजा गया था। बहराइच के स्थानीय राजाओं ने एक संघ का गठन किया था, लेकिन गाजी की सेना ने उन्हें हरा दिया। 1033 में गाजी मसूद स्वयं बहराइच में अपने अभियानों की प्रगति देखने पहुंचा था। सुहेलदेव के आगमन तक मसूद ने हजारों की संख्या में हिंदुओं की हत्या कराई। 1034 में महाराजा सुहेलदेव ने युद्ध की कमान स्वयं संभाली और उन्होंने न सिर्फ गाजी की सेना को हराया बल्कि गाजी का ही वध कर दिया।

## राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से जिताना हैः अनिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** एनडीए प्रत्याशियों की विजय के लिए रालोद प्रमुख ने पश्चिमी उप्र. में प्रचार अभियान में जुटे हैं, वहीं राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को भारी बहुमत से जिताने के लिए बैठकों का दौर जारी है।

हजरतगंज स्थित पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे सोमवार को पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विधानसभा वार कमेटियां गठित की जा रही हैं। कमेटी सदस्य क्षेत्रीय स्तर पर बैठकें कर मतदाताओं से संवाद करेंगे।

लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि अधिक से अधिक मतदान को प्रेरित करते हुए एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से विजयी बनाना है। उन्होंने बताया कि जिलों में भी मै और अन्य पदाधिकारी पहुंचकर, एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं जिससे कि उन्हें रिकार्ड मतो से जीत दिलाई जा सके।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 990 फ्लैग–1100 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 860
**रामपुर :** शिवालिक––985 फ्लैग–1100 डीएमओ–880 बोल्ड–1160

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 1820, राज श्री 1310, फ़ॉर्चून कि. 1840, रविन्द्रा 1785, फॉर्चुन ली0 1680, जय जवान 1420, सचिन 1575, सूरज 1445, अवसर 1670, राग गोल्ड 1670, गृहणी 1565, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1565, चक्र टिन 1635, ब्लू 1685, आशीर्वाद मस्टर्ड 1710, स्वास्तिक 1790 । किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 चावल– (प्रति कु) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7175–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500–11400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16500 चीनी – डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090 (नयी), बहेड़ी 4100 (नयी)

# सेंसेक्स ने 560 अंकों की लगाई छलांग निफ्टी भी 22,300 के हुआ पार

## एशियाई-यूरोपीय बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से घरेलू सूचकांक में आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी आने से सोमवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछलकर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 73,648.62 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में यह 679.47 अंक बढ़कर 73,767.80 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 189.40 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया।



सेंसेक्स समूह में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.93 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड में सर्वाधिक 2.53 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.65 प्रतिशत की बढ़त रही।

### भू-राजनीतिक तनाव कम होने से बदला बाजार का रुख

एचडीएफसी सिक्योरिज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि भू–राजनीतिक तनाव के नरम पड़ने से सोमवार को अधिकांश वैश्विक बाजारों में तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट निचले स्तर पर बंद हुआ। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को मिश्रित रुख के साथ बंद हुए थे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया के तनाव में कुछ राहत मिलने से भारतीय बाजार ने पिछले शुक्रवार के सुधारात्मक रुख को जारी रखा। मझोली और छोटी कंपनियों के प्रति नए सिरे से रुझान बढ़ने से पुनरुद्धार सभी क्षेत्रों में देखा गया। कच्चे तेल की कीमतों में कुछ राहत दिखी है लेकिन अभी भी यह ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.80 प्रतिशत गिरकर 86.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## जोमैटो ने मंच शुल्क बढ़ाकर प्रति ऑर्डर पांच रुपये किया

**नई दिल्ली।** होटल से खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला ऑनलाइन मंच जोमैटो ने चुनिंदा बाजारों में अपने शुल्क को 25 प्रतिशत बढ़ाकर चार से पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। कंपनी के ऐप के मुताबिक उसने अपनी अंतर-शहरी फूड डिलिवरी सर्विस इंटरसिटी लीजेंड्स को भी रोक दिया है। जोमैटो के प्रवक्ता ने कहा कि यह कारोबारी कदम है जिन्हें हम समय-समय पर विभिन्न कारकों के आधार पर लेते हैं। सूत्रों के मुताबिक मंच शुल्क में बढ़ोतरी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में लागू होगी। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में प्रति ऑर्डर मंच शुल्क पिछले अगस्त से लेना शुरू किया था। उस समय यह दो रुपये प्रति ऑर्डर था। इससे धीरे-धीरे बढ़ाकर अब पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया गया है।

## सौर क्षेत्र में वित्तपोषण 4% घटकर 8.1 अरब डॉलर पर

- अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऊंची लागत और आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े मसले के कारण जनवरी-मार्च अवधि में वैश्विक स्तर पर सौर क्षेत्र में कंपनियों का वित्तपोषण चार प्रतिशत घटकर 8.1 अरब डॉलर रह गया।

अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने सोमवार को रिपोर्ट में कहा कि सौर क्षेत्र में पिछले साल की समान तिमाही में 8.4 अरब डॉलर का निवेश आया था। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में मार्च तिमाही में वित्तपोषण 47 प्रतिशत अधिक रहा। मेरकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज प्रभु ने कहा कि सौर क्षेत्र अनिश्चितता और चुनौतीपूर्ण निवेश का सामना कर रहा है। यह क्षेत्र कई बाधाओं से जूझ रहा है, जिसमें लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका, मुद्रास्फीति से निर्माण एवं श्रम की लागत बढ़ने और व्यापार विवादों एवं सीमा शुल्क के साथ आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में इक्विटी के 1.08 करोड़ डॉलर का निवेश पाया, इनसोलार ने 80 लाख डॉलर जुटाए, और मेटाफिन ने उद्यम पूंजी (वीसी) वित्तपोषण से 50 लाख डॉलर की इक्विटी वित्त जुटाया। घरेलू ऋण वित्तपोषण खंड में रिन्यू ने 28.83 करोड़ डॉलर मूल्य के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर का पुनर्वित्तपोषण किया। एम्पइन एनर्जी ट्रांजिशन ने 2.69 करोड़ डॉलर का निवेश जुटाया जबकि हस्क पावर सिस्टम्स को दो करोड़ डॉलर मिले।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 84300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55900–56100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,550 |
| सोना रवा | 75,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,700 |
| चांदी (999) | 83,600 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74300 |
| सिल्वर (पक्की) | 825 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,400 |
| चांदी आभूषण | 83,300 |

## आवासीय परियोजनाओं में 1500 करोड़ निवेश करेगी एक्सपीरियन

**नई दिल्ली।** आवासीय संपत्तियों की मांग में तेज वृद्धि के बीच रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स अपनी विस्तार योजनाओं के तहत नोएडा में लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

गुरुग्राम स्थित एक्सपीरियन डेवलपर्स ने अपनी नई परियोजना 'एक्सपीरियन एलिमेंट्स' को रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण रेरा के साथ पंजीकृत किया है। यह एक्सपीरियन होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (सिंगापुर) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एक्सपीरियन डेवलपर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नागराजू राउथु ने कहा कि कंपनी नोएडा में प्रवेश कर रही है, जो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजार है। कंपनी ने आवासीय परियोजना को विकसित करने के लिए, नीलामी प्रक्रिया के जरिए राज्य सरकार से जमीन खरीदी है। निवेश के बारे में पूछे जाने पर राउथु ने कहा कि यह करीब 1500 करोड़ है। इस परियोजना में 3बीएचके अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है।

## देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांचेगा खाद्य नियामक

### एमडीएच, एवरेस्ट मसाला विवाद

- सिंगापुर- हांगकांग में इन कंपनियों के उत्पादों की गुणवत्ता पर चिंता जताने के बाद उठाया गया कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है।

एफएसएसएआई एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। एफएसएसएआई निर्यात होने वाले मसालों की गुणवत्ता का नियमन नहीं करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाला एफएसएसएआई घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले उत्पाद की गुणवत्ता की जांच करने के लिए मसालों के नमूने लेता है।

भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर हांगकांग और सिंगापुर में लगाए प्रतिबंध पर गौर कर रहा है। इन मसालों में सीमा से अधिक 'एथिलीन ऑक्साइड' पाये जाने की बात कही गयी है। बोर्ड की निदेशक एबी रेमा श्री ने कहा कि हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर कायम हैं। इस बारे में कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका।

## टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को सीईओ किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि काले ने 19 अप्रैल को सीईओ का पद संभाल लिया था। टाटा पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि मैं गजानन का टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं। बिजली वितरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले काले निश्चित तौर पर टाटा पावर-डीडीएल को कामयाबी की नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।

टाटा पावर के अध्यक्ष (टी एन डी) संजय बांगा ने कहा कि गजानन बिजली वितरण क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर हैं मुझे पूरा यकीन है कि उनके नेतृत्व में टाटा पावर-डीडीएल उद्योग जगत में नई उपलब्धियां हासिल करेगी। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का संयुक्त उद्यम है।



## एक नजर

### उत्तरी दिल्ली में गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में चार हमलावरों ने सोमवार को गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि नरेन्द्र मलिक को छह से सात गोलियां लगीं और एसआरएचसी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि यह गैंग वार का मामला है क्योंकि नरेन्द्र गोगी गिरोह का था। दोपहर दो बजे मलिक तरुण और अमित के साथ दयाल मार्केट में टाटा एस वाहन में बैठा था, तभी चार लोग बाइक से आए और उन्होंने मलिक पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अमित वहां से भाग निकला जबकि तरुण के पैर में चोट लगी है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। डीसीपी ने कहा कि मलिक 2017 में हुई लूट और 2019 में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले में शामिल था। हमने जांच के लिए छह टीम गठित की हैं। तरुण के पुलिस रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। हमें महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। हम घटना की सीसीटीवी फुटेज हासिल कर रहे हैं और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में श्रीनगर में नौ स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए अधिकारियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर कार्रवाई की। एजेंसी 2022 में दर्ज किए गए मामले के तहत आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों से संबंधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मामले में संदिग्ध लोग द रेसिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े हैं, जो लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) की शाखा है। लश्कर और टीआरएफ दो प्रतिबंधित संगठन हैं और ये संगठन कश्मीरी युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल होने के लिए लगातार उकसाने में शामिल रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों संगठन युवाओं को बहला–फुसला कर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए तैयार करते हैं और ये संगठन ट्विटर, टेलीग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय हैं।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से गड़िया (18) की मौत हो गई। पटेलपारा मुतवेंडी गांव का रहने वाला गड़िया 20 अप्रैल को मुतवेंडी गांव से तीन किमी दूर किसी काम से गया था कि तभी वह नक्सलियों द्वारा लगाए आईईडी के संपर्क में आ गया, जिससे विस्फोट हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पिछले दिनों नैमेड थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से एक अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया था। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सली जंगल के रास्तों में आईईडी लगा देते हैं, जिसमें ग्रामीण भी हताहत होते हैं।

### पंजाब पुलिस ने तस्कर को किया गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गमदूर सिंह उर्फ विक्की के साथ अंतर्राज्यीय हथियार कार्टेल चलाने वाले मलकीत सिंह उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल, 10 कारतूस और 10 मैगजीन बरामद कीं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि आरोपी मलकीत सिंह उर्फ नवाब गोपी घनशामपुरिया और हैरी चट्ठा गिरोह का सहयोगी और सदस्य है। नवाब के खिलाफ पहले से ही लगभग 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं, और गिरोह से अब तक लगभग 100 अवैध हथियार बरामद किये गये हैं।

# बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए 2016 की भर्ती परीक्षा रद

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने चयन प्रक्रिया से हुई नियुक्तियों को अमान्य करार दिया

**कोलकाता, एजेंसी**



- 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने दी थी परीक्षा और 25,753 नियुक्ति पत्र किए गए थे जारी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की चयन प्रक्रिया के जरिए हुई नियुक्तियों को रद करते हुए सोमवार को इसे अमान्य करार दे दिया। न्यायमूर्ति देबांशु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार राशिदी की खंडपीठ ने सीबीआई को नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में और जांच करने तथा तीन महीनों में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) को नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया।

24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 2016 एसएलएसटी परीक्षा दी थी। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि 25,753 नियुक्ति पत्र जारी हुए थे। खंडपीठ ने आदेश पर रोक के कुछ अपीलकर्ताओं के अनुरोध को रद कर दिया। एसएससी अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि आयोग पूरा आदेश पढ़ने के बाद उच्चतम न्यायालय में अपील करेगा और उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देगा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद उसके परिसर के बाहर इंतजार कर रहे सैकड़ों आकांक्षी खुशी में रो पड़े। उनमें से एक ने कहा कि हम इस दिन का इंतजार कर रहे थे। सड़कों पर किए संघर्ष के बाद आखिरकार न्याय मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित खंडपीठ ने एसएलएसटी-2016 के जरिए नौवीं, दसवीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं के शिक्षकों तथा ग्रुप-सी और डी पदों पर एसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित कई याचिकाओं तथा अपीलों पर सुनवाई की। सुनवाई 20 मार्च को पूरी हुई और पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने एसएलएसटी-2016 में बैठे लेकिन नौकरी न पाने वाले अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था।

### पूर्व न्यायाधीश गंगोपाध्याय ने मुख्यमंत्री ममता के इस्तीफे की मांग की



**तामलुक।** हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने अदालत के फैसले को उचित करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तत्काल इस्तीफे की मांग की। गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। गंगोपाध्याय ने कहा कि राज्य प्रशासन में घोटाला करने वाले पूरे समूह को फांसी दे देनी चाहिए।

### उच्च न्यायालय का आदेश अवैध, इसे चुनौती देंगे: ममता बनर्जी



**रायगंज।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गईं नियुक्तियों को रद करने के हाईकोर्ट के आदेश को अवैध करार देते हुए कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी। बनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में चुनावी रैली में भाजपा पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया।

# 15 घंटे बाद भी उठ रहा है धुआं लोगों को सांस लेने में दिक्कत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### लैंडफिल में आग



दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल' (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग से निकलने वाले धुएं से लोगों ने सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की। आग लगने के बाद सोमवार को धुआ उठ रहा है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, कचरे के पहाड़ से उत्पन्न गैस से रविवार शाम 'लैंडफिल' में आग लग गई। दमकल सेवा के महानिदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूटने से टिन पैनल से बनी दीवार भी गिर गई। पोल्ट्री मार्केट की तरफ कई मीटर लंबी दीवार खड़ी की गई थी। घड़ोली के ग्रामीणों ने बताया कि घटना को 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं बहुत जहरीला है। हम जलन से आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। धुएं से वे बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। वहीं पुलिस ने घटना के कुछ घंटों बाद गाजीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट मांगी

आग की वजहों और गर्मियों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए पर्यावरण विभाग को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने पर्यावरण व वन विभाग के प्रधान सचिव को 48 घंटे में रिपोर्ट देने को कहा है।

### घटना की जांच होगी: आतिशी

आतिशी ने कहा कि आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी। कल उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल ने दौरा किया था। आज महापौर शैली ओबेरॉय स्थिति का जायजा लेने मौके पर जाएंगी।

# मणिपुर के 11 केंद्रों पर पुनर्मतदान में हुए 81.76 प्रतिशत मतदान

- शुक्रवार को दंगे जैसी स्थिति के कारण इन केंद्रों पर मतदान हुआ था प्रभावित
- आयोग ने 19 अप्रैल को अमान्य घोषित कर पुन: मतदान कराने का दिया था निर्देश

**इंफाल, एजेंसी**

इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 केंद्रों पर सोमवार को हुए पुनर्मतदान में कुल 81.6 प्रतिशत मत पड़े। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि किसी भी केंद्र से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। हालांकि कि कांग्रेस से शिकायत मिली है जिसमें दावा किया गया है कि एक अज्ञात ने फोन पर कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को मोइरंगकम्पु साजेब में मतदान केंद्र खाली करने की धमकी दी है।

निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को इन मतदान केंद्रों पर हुई वोटिंग को अमान्य घोषित कर दिया था, जिसके बाद सोमवार को पुनर्मतदान कराया गया। संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शुक्रवार को इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर लोकसभा सीट पर 72 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस दौरान गोलीबारी, धमकी दिए जाने, कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम को नष्ट करने और बूथ कैप्चरिंग होने के आरोप सामने आए थे। सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे पुनर्मतदान शुरू हुआ, जो शाम पांच बजे संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को दंगे जैसी स्थिति से प्रभावित रहे सभी 11 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए मतदाता सुबह से ही कतार में खड़े थे। सोमवार को किसी गड़बड़ी या हिंसक घटना की सूचना नहीं मिली है।

### अरुणाचल प्रदेश में आठ केंद्रों पर पुनर्मतदान का आदेश

**ईटानगर।** निर्वाचन आयोग ने अरुणााचल प्रदेश में आठ केंद्रों पर पुन: मतदान कराने का आदेश दिया है जहां 19 अप्रैल को एकसाथ कराये लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी और हिंसा होने की जानकारी सामने आयी थी। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी लिकेन कोयु ने कहा कि आयोग के रविवार के आदेश में इन आठ केंद्रों पर मतदान को अमान्य घोषित किया और 24 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर दो बजे तक नए सिरे से मतदान कराने का आदेश दिया।

## झारखंड के प. सिंहभूम में 3.24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव से पहले प. सिंहभूम जिले में प्रशासन ने 3.24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया है। माओवाद प्रभावित सिंहभूम जिले में 13 मई को मतदान होगा। जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि चुनाव से पहले सघन अभियान शुरू कर 2162 किग्रा चूरापोस्त (मादक पदार्थ) जब्त किया है। एसपी आशुतोष शेखर के साथ चौधरी ने मादक पदार्थ एवं अवैध धन के प्रसार पर रोक लगाने के लिए अभियान की अगुवाई की। वाम चरमपंथ से प्रभावित जिलों में पिछले साल 46 माओवादी घटनाओं में 22 लोगों की जान गयी थी।

# हुबली हत्याकांड: सीएम ने मामला सीआईडी को सौंपा, विशेष अदालत का होगा गठन

**शिवमोगा (कर्नाटक), एजेंसी**

कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि हुबली में हुई छात्रा की हत्या के मामले को सीआईडी को सौंपा गया है। साथ ही एक विशेष अदालत का गठन होगा। हुबली-धारवाड़ नगर निगम पार्षद और कांग्रेस नेता निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ की 18 अप्रैल को धारवाड़ के बीवीबी कॉलेज परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी फयाज खोंडुनाइक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

### मुस्लिमों का फैयाज के खिलाफ प्रदर्शन

**धारवाड़।** नेहा हिरेमथ की हत्या के मामले में सोमवार को मुस्लिम पुरुष और महिलाएं सामने आईं और हिंदू छात्रा के परिवार का समर्थन करते हुए फैयाज खोंडुनाईक के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस कृत्य की निंदा करने के लिए मुस्लिमों ने दुकानें आधे दिन के लिए बंद रहीं। दुकानदारों ने पोस्टर लगाया जिस पर लिखा था, नेहा को न्याय दो। अंजुमन–ए–इस्लाम की धारवाड़ इकाई के नेतृत्व में छात्रों ने मार्च निकाला। वहीं भाजपा भी शहर में प्रदर्शन कर रही है इसलिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# महिला पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव के आरोप में 7 पर केस

- कर्नाटक में मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने पीड़िता से किया दुष्कर्म, लीं तस्वीरें

**बेलगावी, एजेंसी**

कर्नाटक में मुस्लिम दंपति सहित सात लोगों पर विवाहित महिला को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया है। आरोपियों ने महिला को धमकी दी कि यदि उसने उनकी बात नहीं मानीं, तो वे उसकी तस्वीरें वायरल कर देंगे। पीड़िता की शिकायत पर सौंदत्ती में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

पीड़िता के अनुसार जो हिन्दू और विवाहित है, मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उनसे दुष्कर्म किया। आरोपी ने महिला से यौन संबंध बनाए, और तस्वीरें लीं, जिनका इस्तेमाल कर उसे धर्म परिवर्तन के लिए ब्लैकमेल किया गया। रफीक ने उस पर अपने पति से तलाक लेने, धर्म बदलने के लिए राजी नहीं होने पर तस्वीरों को वायरल करने, मारने की धमकी दी। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने कहा कि दंपति ने बुर्का पहनाया और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। संदिग्धों ने महिला को बेलगावी में रहने और आदेशों का पालन करने के लिए मजबूर किया था।

### कर्नाटक पुलिस को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक में महिला से दुष्कर्म और धर्मांतरण पर राज्य पुलिस को नोटिस भेजकर तीन दिन में जवाब देने को कहा है। आयोग ने बताया कि कर्नाटक में 28 वर्षीया महिला से दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण की खबरें मीडिया में हैं जो चिंताजनक और निंदनीय हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मामले को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है और तीन दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने को कहा है। आयोग ने कहा है कि कर्नाटक में महिलाओं के बलपूर्वक धर्मांतरण के मामले बढ़ रहे है।

## आज का मुकाबला

चेन्नई बनाम लखनऊ

समय : शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ट्रेविस हेड (हैदाराबाद) | 06 | 324 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| हर्षल पटेल | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |

# हार से ऊर्जा और खिताब पाने की मिली प्रेरणा : गुकेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- कैंडिडेट्स शतरंज प्रतियोगिता के सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद चेन्नई के 17 वर्षीय युवा ने रचा इतिहास



अधिकांश खिलाड़ियों के लिये जीत सबसे बड़ी प्रेरणा होती है लेकिन इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश उनमें से नहीं हैं। उनका कहना है कि सातवें दौर में फिरोजा अलीरजा से हारने के बाद उन्हें सबसे युवा कैंडिडेट्स शतरंज चैंपियन बनने की प्रेरणा मिली।

चेन्नई के 17 वर्ष के गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन और मां माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने चौदहवें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह इस साल के आखिर में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गुकेश ने टोरंटो से कहा कि मैं शुरू ही से अच्छा महसूस कर रहा था लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था। अगले दिन विश्राम का था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है।

गुकेश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे ही भारतीय हैं। उन्होंने गैरी कास्पोरोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा चैलेंजर बने थे। दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा शुरू ही से फोकस प्रक्रिया पर भरोसा करने पर, सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था। पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे।

### खुश हूं, इत्मीनान है कि आखिरकार जीत गया

यह पूछने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है, गुकेश ने कहा यह खूबसूरत पल था। मैं बहुत खुश था और इत्मीनान है कि आखिर जीत गया। गुकेश को जीत के लिये ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाशिच की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा मैं टाइब्रेकर की तैयारी कर रहा था। मैं अपने ट्रेनर से बात कर रहा था लेकिन जैसे ही बातचीत शुरू की, हमें पता चला कि अब इसकी जरूरत नहीं है।

# अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी : नकवी

कराची, एजेंसी



- भारत के साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने को लेकर बोले पीसीबी अध्यक्ष

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट शृंखला खेलना शानदार होगा। नकवी ने कहा देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है।

## खेल डायरी

### सिटसिपास को हराकर रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन



**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

### भारत को अमेरिकी पिकलबॉल प्रतियोगिता में 10 पदक

**मुंबई।** स्ताव्य भसीन, धीरेन पटेल और हेमल जैन ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में 10 पदक जीतने में सफल रहा। भारत ने फ्लोरिडा में 14 से 20 अप्रैल तक हुई इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। भसीन ने जूनियर एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि पटेल पुरुष एकल 5 .0 में शीर्ष पर रहे। हेमल ने पुरुष एकल 3 .5 में शीर्ष स्थान हासिल किया। भसीन ने पुरुष युगल 5 .0 में रजत और जूनियर पुरुष युगल तथा जूनियर मिश्रित युगल में कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते। रोनव मोटवानी ने पुरुष युगल 5 .0 और जूनियर एकल में दो रजत पदक जीतने के अलावा जूनियर पुरुष युगल में कांस्य पदक जीता। पुरुष एकल 5 .0 में हिमांशु देवास्कर ने कांस्य पदक के साथ भारत के पदकों की संख्या को दोहरे अंक तक पहुंचाया।

### ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने वाली धावक पर लगा प्रतिबंध

**मोनाको।** तोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 तोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी।

### भावेश, सिमरनप्रीत ने 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल जीता

**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया।

### मार्श की मांसपेशियों में खिंचाव, आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। मार्श ने इस सत्र में अब तक दिल्ली के आठ मैचों में से केवल चार में भाग लिया है। इस साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में इस 32 वर्षीय खिलाड़ी के ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने की उम्मीद है। ऐसे में उनके आईपीएल के मौजूदा सत्र में वापसी करने की संभावना लगभग नहीं है। पोंटिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की कहा, मुझे नहीं लगता कि वह वापस आएगा। वैकल्पिक खिलाड़ियों के लिए एक निश्चित समय सीमा होती है।

# मुंबई को भारी पड़ा यशस्वी का शतक

## राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हराया, संदीप ने झटके पांच विकेट



जयपुर, एजेंसी

संदीप शर्मा की 18 रन देकर पांच विकेट की घातक गेंदबाजी के बाद यशस्वी जायसवाल नाबाद (104) और संजू सैमसन नाबाद (38) की शानदार पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के 38वें मैच में मुंबई इंडियंस को नौ विकेट हरा दिया है। यह राजस्थान की आठ मैचों में सातवीं जीत हैं।

राजस्थान रॉयल्स ने 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और जॉस बटलर की जोडनी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़े। सातवें ओवर में पीयुष चावला ने जॉस बटलर को आउट कर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। बटलर ने 25 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान संजू सैमसन ने 28 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। वहीं यशस्वी जायसवाल ने 59 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए नाबाद 104 रनों की पारी खेली। राजस्थान ने 18.4 ओवर में एक विकेट पर 183 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया। मुम्बई की ओर से पीयुष चावला को एक विकेट मिला। हालांकि मैच के दौरान हुई बारिश के कारण कुछ देर खेल रुका रहा। लेकिन मुम्बई के गेंदबाज उसका फायदा नहीं उठा सके।

इससे पहले तिलक वर्मा (49) और नेहाल वढेरा (49) की शानदार पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 180 रनों का लक्ष्य दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने रोहित शर्मा (6) का विकेट गवां दिया। अगले ही ओवर में इशान किशन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। सूर्यकुमार यादव (10) रन बनाकर आउट हुए। उसके बाद तिलक वर्मा और वढेरा ने तिलक के साथ पांचवें विकेट लिए 99 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को मजबूती दी। नेहाल वढ़ेरा ने 24 गेंदों में 49 रनों की अहम पारी खेली लेकिन वह अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए।



अंपायरों से बातचीत करते कप्तान हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा। ● एजेंसी

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

### मुंबई 179/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट | 6 | 5 | 1/0 |
| इशान किशन का सैमसन बो संदीप | 0 | 3 | 0/0 |
| सूर्यकुमार यादव का पावेल बो संदीप | 10 | 8 | 2/0 |
| तिलक वर्मा का पावेल बो संदीप | 65 | 45 | 5/3 |
| मोहम्मद नबी का एवं बो चहल | 23 | 17 | 2/1 |
| निहाल वढेरा का संदीप बो बोल्ट | 49 | 24 | 3/4 |
| हार्दिक पंड्या पगबाधा बो आवेश | 10 | 10 | 1/0 |
| टिम डेविड का पराग बो संदीप | 3 | 5 | 0/0 |
| गेराल्ड कोएट्जी का हेटमायर बो संदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| पीयूष चावला नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 2 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-32-2, संदीप 4-0-18-5, आवेश 4-0-49-1, अश्विन 4-0-31-0, चहल 4-0-48-1

### राजस्थान 183/1

18 .4 ओवर, अतिरिक्त : 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 104 | 60 | 9/7 |
| जोस बटलर बो चावला | 35 | 25 | 6/0 |
| संजू सैमसन नाबाद | 38 | 28 | 2/2 |

**गेंदबाजी :** पंड्या 2-0-21-0, बुमराह 4-0-37-0, तुषारा 3-0-28-0, कोएट्जी 2-0-25-0, नबी 3-0-30-0, चावला 4-0-33-1, वर्मा 0 .4-0-8-0

# बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे नडाल



**बर्लिन।** महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था।

नडाल ने कहा अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं। नडाल लंबे समय से चोटों से जूझ रहे है और इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप इनडोर पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप के बीच खेली जाती है।

# चेपॉक में मिलेगी लखनऊ को चुनौती

चेन्नई, एजेंसी





- पिछले सप्ताह लखनऊ में चेन्नई सुपर किंग्स को करना पड़ा था हार का सामना

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था।

केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई।

# भाग्यशाली थे कोहली का विकेट मिल गया : सॉल्ट

कोलकाता, एजेंसी



- इंग्लैंड के बल्लेबाज ने समझाया कैसे काम करती है हॉक-आई प्रणाली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर हर्षित की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला होता है। सॉल्ट ने कहा कि इस फैसले पर अलग-अलग मत हो सकता है। हमारे नजरिए से हम खुशकिस्मत थे कि यह फैसला हमारे पक्ष में रहा।

### कोहली पर लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है।

## बॉलीवुड हलचल

# फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हुमा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी आने वाली फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। हुमा कुरैशी इन दिनों विपुल मेहता के निर्देशन में बन रही फिल्म गुलाबी की शूटिंग गुजरात में कर रही है। इस फिल्म का निर्माण जिसे जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे और इकोलोन प्रोडक्शंस के विशाल राणा कर रहे हैं।यह फिल्म अहमदाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हुमा ऑटो रिक्शा ड्राइवर की भूमिका निभा रही हैं। वह ऑटो रिक्शा चलाने के साथ-साथ पढ़ना चाहती है और दूसरे लोगों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हुमा कुरैशी फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विशाल राणा ने बताया, हम तपती गर्मी की चुनौतियों बीच वहां के क्षेत्रीय लोगों के साथ शूट कर रहे हैं। हुमा बहुत सशक्त अभिनेत्री हैं। वह बिना किसी शिकायत के दिन के बारह-बारह घंटे शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने काफी लंबा और सशक्त सीन सिर्फ एक टेक में शूट किया। कैमरे के सामने वह जितने शानदार तरीके से विविध भावनाएं प्रस्तुत करती हैं, उससे हम सब बहुत प्रभावित हैं।

# अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपनी आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ''कल्कि 2898 एडी'' के निर्माताओं ने इस फिल्म में अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म का एक छोटा सा टीजर वीडियो शेयर किया गया, जिसमें देखने को मिला कि सफेद कपड़े से ढका हुआ एक शख्स गुफा में बैठकर शिव लिंग की पूजा कर रहा है। फिर एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है, जो उससे पूछ रहा है कि क्या तुम मर नहीं सकते, तुम भगवान हो। कौन हो तुम। इसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं मैं द्वापर युग से दशावतार की प्रतीक्षा कर रहा हूं। द्रोणाचार्य का पुत्र हूं अश्वत्थामा। नागअश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।



# युकी ने बीएमडब्ल्यू ओपन टेनिस में जीता युगल खिताब



**म्यूनिख।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है।

इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरुआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था।

# मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना

नई दिल्ली, एजेंसी



- 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने पर मिजोरम की युवा मिडफील्डर मरीना ने जताई खुशी
- 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप व 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में जाना है लक्ष्य

भारतीय महिला हॉकी टीम के 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने वाली मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था। अपने चयन को लेकर मरीना ने कहा कि जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था और मेरी आँखे भर आई। मुझे हमेशा आत्मविश्वास था मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की।

उन्होंने कहा मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में मेरा ध्यान भारतीय टीम की टीम में जगह बनाना है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिज़ोरम के थेनजॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अमेरिकी सेना में शामिल होंगे भारतीय सेना के प्रतिनिधि

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिकी सेना में जल्द ही भारतीय सैन्य प्रतिनिधियों की तैनाती होने जा रही है। कर्नल रैंक के ये प्रतिनिधि 3 अमेरिकी सैन्य कमांड में रहेंगे। इसका फैसला पिछले साल जून में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था।

अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ऐसा पहली बार हो रहा है जब अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने किसी देश के सैन्य प्रतिनिधि को अपनी तीनों प्रमुख कमांड में रहने का मौका दिया है। कमांड में भारतीय प्रतिनिधि की लायजनिंग ऑफिसर के तौर पर मौजूदगी का मकसद दोनों देशों के बीच अहम सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। इससे अमेरिका और भारत के रक्षा बलों के बीच संचालन क्षमता भी बढ़ेगी। फैसले के मुताबिक भारत की कमांड में भी अमेरिकी रक्षा अधिकारी तैनात होंगे। दोनों देशों का मानना है कि एक-दूसरे की सेना में इस तरह की नियुक्ति से आपसी सैन्य सहयोग बढ़ेगा। बता दें कि इस समय भारत दुनिया के विभिन्न देशों में अपने रक्षा प्रतिनिधि तैनात कर रहा है। अभी 62 देशों में भारत के रक्षा सलाहकार मौजूद हैं। इनकी संख्या 2030 तक बढ़ाकर 75 की जाएगी।

## भारतीयों की यूरोप यात्रा को आसान बनाएगा शेंगेन वीजा

**लंदन।** भारत से यूरोपीय संघ के देशों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अब पांच साल के लिए मल्टीपल एंट्री वाले शेंगेन वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दरअसल इस संबंध में भारतीयों के लिए यूरोपीय संघ द्वारा कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। यूरोपीय संघ के भारतीय राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि यह नई व्यवस्था से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने बताया कि भारत के लोगों के लिए इस वीजा के लिए 18 अप्रैल को कुछ नियमों में परिवर्तन किया गया। ये नियम वर्तमान वीजा के मानकों से कुछ अलग हैं। तीन वर्षों के भीतर दो वीजा प्राप्त करने और उनका वैध रूप से उपयोग करने वाले भारतीय नागरिकों को अब दो साल के लिए बहु-प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) शेंगेन वीजा जारी किया जाएगा।

# पिछले साल सांसदों-विधायकों पर दर्ज 2 हजार मामलों का हुआ निपटारा

*सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया गया कि पिछले साल देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज कुल मामलों में से दो हजार से ज्यादा मामलों में फैसला हुआ। वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने एक हलफनामा दायर कर यह जानकारी दी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें मांग की गई है कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जानी चाहिए। इस मामले में कोर्ट ने वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया को न्याय मित्र नियुक्त किया है।*



- 2019 के लोकसभा चुनाव में भी 7928 उम्मीदवारों में से 1500 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 1070 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 17वीं लोकसभा (2019-2024) के लिए चुने गए 514 उम्मीदवारों में से 225 सदस्यों यानी कि 44 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे। मामले में सुप्रीम कोर्ट की मदद कर रहे वकील हंसारिया ने हलफनामे में बताया कि 1 जनवरी 2023 तक 4,697 आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 2,018 मामलों में बीते साल फैसला हो गया। हलफनामे में बताया गया कि साल 2023 में नेताओं के खिलाफ 1746 नए मामले दर्ज हुए। ऐसे में 1 जनवरी 2024 तक नेताओं के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की कुल संख्या 4,474 हो गई है।
- उच्च न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक सूची भी दाखिल की, जिसमें एक जनवरी, 2023 तक सांसदों के खिलाफ 4,697 आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए थे और पिछले वर्ष 2,018 मामलों पर फैसला सुनाया गया। हलफनामे के मुताबिक, 2023 में सांसदों और विधायकों के खिलाफ 1,746 नये आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए और एक जनवरी, 2024 तक कुल 4,474 मुकदमे लंबित हैं।

### जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सुनवाई में आई तेजी

विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद एमपी/एमएलए कोर्ट में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी आई है। हालांकि कोर्ट द्वारा और दिशा निर्देश दिए जाने चाहिए ताकि लंबित मामलों की भी जल्द सुनवाई हो सके। हलफनामे में कहा गया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की समीक्षा के लिए उच्च न्यायालयों द्वारा सख्ती से समीक्षा की जानी चाहिए। वकील विजय हंसारिया ने कोर्ट में एनजीओ एडीआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में कुल 2,810 उम्मीदवारों में से 501 उम्मीदवार यानी कि 18 प्रतिशत उम्मीदवार दागी हैं। इनमें से भी 327 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें जनप्रतिनिधि अगर दोषी पाए गए तो उन्हें पांच साल या ज्यादा की सजा हो सकती है।

### इन राज्यों में निपटाए गए मामले

हलफनामे के अनुसार, उत्तर प्रदेश की एमपी-एमएलए कोर्ट में दर्ज 1300 मामलों में से 766 बीते साल निपटाए गए। दिल्ली में दर्ज 105 मामलों में से 103 का निपटारा बीते साल कर दिया गया। इसी तरह महाराष्ट्र में 476 मामलों में से 232 में फैसला हो गया। बंगाल के 26 में से 13 में, कर्नाटक में 226 में से 150 मामलों, केरल में 370 में से 132, बिहार में 525 मामलों में से 171 में फैसला हो चुका है। हलफनामे के अनुसार, लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं। जिनके अनुसार, तीन साल से ज्यादा समय से लंबित मामलों में राज्यों के संबंधित हाईकोर्ट्स समीक्षा रिपोर्ट तलब करें। साथ ही मांग की गई कि नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड की तरह एक वेबसाइट बनाई जाए, जिससे लंबित मामलों की रियल टाइम जानकारी इस पर अपलोड की जाए। सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में एक समिति बनाने की मांग की गई है, जो लंबित मामलों की समीक्षा करे।

## एक नजर



### मंगलुरु ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते श्रद्धालु

**मंगलुरु।** कर्नाटक के कतील में दुर्गा परमेश्वरी मंदिर में हर साल अप्रैल में अग्नि केली उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव में भाग लेने वाले श्रद्धालु 8 दिन का उपवास करते हैं। उत्सव के आखिरी दिन वे ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते है, मान्यता है कि इससे देवी-देवता खुश हो जाते हैं।

### श्रीलंका में भी होगी रामायण यात्रा विकसित करने में मदद करेगा भारत

**कोलंबो।** श्रीलंका में रामायण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने के लिए रामायण ट्रेल की का उद्घाटन किया गया है। इसे लेकर श्रीलंका में भारतीय राजदूत संतोष झा ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों से अपने आवास में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि श्रीलंका में रामायण से जुड़ी ऐतिहासिक जगहों को जोड़ने के लिए भारत द्वारा क्या मदद की जा सकती है। इस दौरान भारतीय राजदूत ने ट्रस्ट के ट्रेजरी गोविंद देव गिरी महाराज से भी मुलाकात की। बता दें कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या राम मंदिर के निर्माण को तैयार करने वाली संस्थाओं में से एक है।

### पाकिस्तान: भारतीय सिख तीर्थयात्री की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान गए एक सिख तीर्थयात्री की सोमवार को दिल का दौरा पड़ने के कारण मौत हो गई। इवैकुई ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि पटियाला निवासी सरदार जांगीर सिंह (67) की सोमवार को दिल का दौर पड़ने के बाद मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को वाघा सीमा पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को सौंप दिया गया। बता दें, बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए 13 अप्रैल को वाघा सीमा के जरिए पाकिस्तान पहुंचे लगभग 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री सोमवार को स्वदेश रवाना हो गए।

### उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, 10 सीटें जीती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा रहा। नवाज के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है। पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए।

# सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी: राजनाथ

## दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र पहुंचे रक्षा मंत्री, बोले- यह सामान्य भूमि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया।

राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है।

राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।' इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे। इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद जवानों ने नारे लगाए। राजनाथ सिंह 24 मार्च को सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए सियाचिन जाने वाले थे, लेकिन 'खराब मौसम' के कारण कार्यक्रम को बदलकर लेह कर दिया गया, जहां रक्षा मंत्री ने लेह सैन्य स्टेशन पर सशस्त्र बलों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया।



सोमवार को सियाचिन के बेस कैंप में मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और सैनिक।

### माइनस 40 डिग्री में रह रहे सैनिक

13 अप्रैल को बैसाखी के दिन पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए ऑपरेश शुरू हुआ। इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी चुनौती पाक सेना नहीं, बल्कि वहां का माइनस 40 डिग्री तापमान था। यहां ऑक्सीजन की कमी और बर्फीली हवाएं जान लेने पर उतारू थीं, लेकिन सेना के जवानों की हिम्मत के आगे वो भी नहीं टिक सकीं।

### ऐसे सियाचिन को किया गया सुरक्षित

इसके बाद भारतीय वायुसेना के हंटर विमान ने लेह के ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्र से लड़ाकू अभियान शुरू किया। लेह से जैसे-जैसे ग्लेशियर के ऊपर बड़ी संख्या में हमले किए जाने लगे, इसने ग्लेशियर पर तैनात भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। इसके बाद चीता और एमआई 8 हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी और बिलाफोंड ला और सिया ला चोटियों को सुरक्षित कर लिया। बाद में पूरे ग्लेशियर को ही सुरक्षित कर लिया गया।

## सैन्य खुफिया प्रमुख ने विफलताओं की जिम्मेदारी ले पद से दिया इस्तीफा

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है।



इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजरायल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी। युद्ध के कुछ ही समय बाद, हलीवा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि सरकार और सेना को खुफिया चेतावनियां और दैनिक अलर्ट प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सैन्य विभाग के प्रमुख के रूप में हमले को न रोक पाने का दोष उन पर है और वह इस आरोप को स्वीकार करते हैं। आपको बता दें कि सात अक्टूबर को हमास के आतंकियों की तरफ से किए गए हमले में करीब 1200 लोगों की मौत हो गई थी 200 से ज्यादा नागरिकों को बंधक बना लिया गया था।

# आतंकवाद को खत्म करने के लिए ईरान-पाक सहमत



पाकिस्तान में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के साथ मौजूद पीएम शहबाज शरीफ।

इस्लामाबाद, एजेंसी


- **इजराइल से तनाव के बीच ईरान आपसी व्यापार बढ़ाएगा**

पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद किसी देश के पहले राष्ट्र प्रमुख के रूप में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ईरानी राष्ट्रपति ने आतंकवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पड़ोसियों ने कथित आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ जैसे को तैसा हवाई हमले किए जाने के महीनों बाद आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

राज्य संचालित रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को पीएम शहबाज और ईरानी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच व्यापार और संचार बढ़ाने पर चर्चा की।

संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा कि ईरान-पाकिस्तान के बीच वर्तमान व्यापार संतोषजनक नहीं है, पहले कदम के रूप में हमने इसे बढ़ाकर 10 अरब डॉलर करने का निश्चय किया है। शहबाज ने कहा कि विवाद की चुनौतियों के बीच पाकिस्तान और ईरान के बीच संधि को मजबूत करना होगा। शहबाज ने रायसी को राजनीतिक बुद्धिमत्ता और विवेक का महासागर बताया और कहा कि उनके नेतृत्व में ईरान आगे बढ़ेगा।

### रथ खींचने की मची होड़



**मदुरै:** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में चिथिराई उत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने श्री थायुमानवर मंदिर के रथ खींचे। यह रथ शहर की सड़कों से होकर गुजरा। इसी के साथ मट्टुवरकुझालम्मी के देवता का भी रथ खींचा गया। उत्सव के 11वें दिन चिथिराई के मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मीनाक्षी अम्मन मंदिर में एकत्रित हुए। यह उत्सव 12 अप्रैल से शुरू हुआ था। इस दौरान भक्तों ने मीनाक्षी सुंदर महादेव, सोम सुंदर महादेव, हर हर शंकर महादेव, संबो शंकर-महादेव, कदंबवन सुंदर - महादेव और आल्लाला सुंदर महादेव का जाप करते हुए रथ खींचा। ● एजेंसी

## स्वदेश लौटने के बाद पहली विदेश यात्रा पर चीन जाएंगे नवाज

**इस्लामाबाद।** तीन बार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सोमवार को चीन की पांच दिवसीय निजी यात्रा पर जाएंगे। यहां वह अपना मेडिकल चेकअप कराएंगे। ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौटने के बाद 74 वर्षीय शरीफ की यह पहली अंतर्राष्ट्रीय यात्रा होगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो के साथ उनकी 'निजी यात्रा' पर विदेश मंत्री इशाक डार भी होंगे। पार्टी सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीफ की यात्रा निजी है और यात्रा के दौरान उनका मेडिकल चेकअप होगा। चीनी कंपनियों के मालिकों के साथ विकास कार्यों बैठकें भी करेंगे।

# मिथुन, उषा समेत 67 हस्तियां सम्मानित

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को 67 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। 25 जनवरी को ये सम्मान घोषित किए गए थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत कुछ लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत कुछ हस्तियों को पद्मश्री दिया गया। इस बार 2024 के लिए 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित करने का ऐलान किया गया है।

आज के समारोह में इनमें से कुछ हस्तियों को सम्मान नहीं मिल सका, इन्हें अगले हफ्ते सम्मानित किया जाएगा। पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है। इसके अलावा चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 30 महिलाएं हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति।

# अमेरिकी नागरिकता पाने में दूसरे नंबर पर भारतीय

वाशिंगटन, एजेंसी

- **रिपोर्ट में खुलासा, 2022 में 66 हजार भारतीय बने अमेरिकी नागरिक, पहले पर रहा मैक्सिको**

अमेरिका की नवीनतम संसदीय रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिका के नागरिक बन चुके हैं। इसी के साथ मैक्सिको के बाद भारत अब अमेरिका के लिए नए नागरिकों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है। 2022 तक चार करोड़ 60 लाख विदेशी मूल के नागरिक अमेरिका में निवास कर रहे थे, जो कि 33 करोड़ 30 लाख जनसंख्या वाले देश का 14 प्रतिशत है।

15 अप्रैल की नवीनतम यूएस नेचुरलाइजेशन पॉलिसी रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022 में 969,380 लोग नियमानुसार अमेरिकी नागरिक बने। अमेरिका में नियमानुसार नागरिकता मिलने के मामले में मैक्सिको पहले स्थान पर है, इसके बाद भारत, फिलीपींस, क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य के लोग शामिल हैं।

नवीनतम सीआरएस रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में मैक्सिको के 1,28,878 लोगों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। उनके अलावा भारत के 65,960, फिलीपींस के 53,413, क्यूबा के 46,913, डोमिनिकन गणराज्य के 34,525, वियतनाम के 33,246 और चीन के 27,038 नागरिकों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। सीआरएस की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 तक अमेरिका में विदेशी मूल के नागरिकों में 28,31,330 लोग भारत से थे। बता दें कि मैक्सिको (1,06,38,429) के बाद यह दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। इसके अलावा 22,25,447 लोग चीन से हैं।

विज्ञान | हर वर्ष की तरह 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी उल्कावृष्टि

# लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लिरिड उल्कापात यानी रोमांचक आसमानी आतिशबाजी सोमवार रात से शुरू हो गई है। जिसके मंगलवार रात तक चरम पर रहने की संभावना है। यह उल्कावृष्टि हर वर्ष इसी दौरान होती है। जो 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी।

आकाशीय घटनाओं में उल्कावृष्टि सर्वाधिक रोमांचक मानी जाती है। साल में कई मौके आते हैं, जब इस खगोलीय घटना का लुत्फ उठाया जा सकता है। लिरिड उल्का बौछार हर साल जनवरी की शुरुआत और अप्रैल के अंत के बीच होती है। इस वर्ष 22 अप्रैल से शुरू हो गई है। जिसके 23 अप्रैल की रात तक जारी रहने की संभावना है। हालाकि चांदनी रात के कारण इस घटना मे उल्काओं की संख्या कम ही देखी जा सकती है, लेकिन बड़े आकार के रंगबिरंगी उल्काओं को देखने का मौका अवश्य मिलेगा।

बुधवार से उल्काओं की संख्या मे कमी आ जाएगी। मगर 29 अप्रैल तक इस घटना को देखा जा सकेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रति घंटे 10 से 15 लिरिड्स उल्कापात देखे जा सकते हैं।

चांदनी रात के कारण इस वर्ष भले ही इनकी संख्या कम नजर आएगी, लेकिन पूर्व में इनकी संख्या 100 प्रति घंटे की दर से भी देखी गई हैं। अधिकांश उल्कापात किसी गुजरते धूमकेतु के मलबे के कारण होते हैं। लिरिड्स उल्कापात धूमकेतु थैचर के छोड़े गए मलवे के कारण होती है।



नैनीताल से लिया गया उल्कावृष्टि का नजारा (फाइल फोटो)

### एस्ट्रोटूरिज्म का रोमांचक हिस्सा है उल्कावृष्टि

उल्कावृष्टि एस्ट्रोटूरिज्म का सर्वाधिक लोकप्रिय हिस्सा माना जाता है। हालांकि भारत में इस पर्यटन को लेकर अधिक लोग नही जानते हैं, लेकिन यूरोपीय देशों में यह पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी भागीदारी निभाता है। भारत में इस पर्यटन की शुरुआत करीब एक दशक पहले हुई। पर्वतीय क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता है। नगरीय क्षेत्रों में प्रकाश प्रदूषण के कारण एस्ट्रोटूरिज्म की संभावना बहुत कम हो जाती है।

# जो ट्रेलर में हो वो फिल्म में भी हो ये जरूरी नहीं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- **राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के आदेश को निरस्त करते हुए पलटा फैसला**

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के एक आदेश को रद करते यशराज के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (22 अप्रैल) को कहा कि ट्रेलर में एक गीत, संवाद या एक संक्षिप्त दृश्य का उपयोग फिल्म की रिलीज के बारे में चर्चा पैदा करने के लिए किया जाता है। यह कतई जरूरी नहीं की जो ट्रेलर में हो वो फिल्म में देखने को मिले।

बता दें कि यह इस मामले में पहले एनसीडीआरसी ने यशराज फिल्म्स को 'फैन' के एक गाने को फिल्म से बाहर करने से नाराज उपभोक्ता को मुकदमे की लागत के अलावा 10 हजार रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया था। फिल्म निर्माण फर्म की ओर से दाखिल की गई अपील को स्वीकार करते हुए जस्टिस पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता का मानना कि जो प्रमोशनल ट्रेलर में है वो ही फिल्म में भी होगा यह गलत है।

जबकि, सुप्रीम कोर्ट का फैसला यश राज फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एनसीडीआरसी के एक आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई करते हुए आया है। एनसीडीआरसी ने आफरीन फातिमा जैदी नाम की महिला को 10 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि प्रोमो में गाना 'जबरा फैन' शामिल था, लेकिन जब उन्होंने फिल्म देखी तो गाना गायब था, इसके बाद शिकायत दर्ज कराई।